✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में लोगों की शिकायत सुनते सीएम सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 105 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 9 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# फ्रेट कॉरिडोर देश में मजबूत सप्लाई चैन तैयार करने की बड़ी योजना : मोदी

## प्रधानमंत्री ने किया 35 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वड़ोदरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार (8 सितंबर) को नमो फॉर विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गुजरात के वड़ोदरा पहुंचे थे। यहां उन्होंने 35 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 2,800 किलोमीटर लंबा डेडिकेटेड रेल फ्रेट कॉरिडोर (मालगाड़ियों के लिए बनाई गई खास रेल लाइन) भी शामिल है। पीएम मोदी ने इसे 21वीं सदी की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट देश के विकास को नई गति देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुछ अहम नए सेक्शन का उद्घाटन किया जिसके बाद भारत का डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर नेटवर्क और बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तीन अहम सेक्शन देश को समर्पित किए। ये तीनों सेक्शन कुल मिलाकर 326 रूट किलोमीटर में फैले हैं और इन्हें 20,700 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से तैयार किया गया है। ये नए सेक्शन न्यू साणंद न्यू मकरपुरा, न्यू उंबरगांव न्यू सफाले और न्यू सफाले न्यू जेएनपीटी हैं। रेल मंत्रालय ने दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बनाने का काम किया था। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लुधियाना से सोननगर तक 1,337 किमी. की दूरी तय करता है जबकि वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर दादरी को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट टर्मिनल से 1,506 किमी. की दूरी पर जोड़ता है। पीएम मोदी ने मुंबई में न्यू साणंद (नॉर्थ), न्यू मकरपुरा, न्यू उमरगांव और न्यू जेएनपीटी से मालगाड़ी सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में पीएम ने सरकार के कामकाज और विकास योजनाओं का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने इस फ्रेट कॉरिडोर का उदाहरण देते हुए बीजेपी और कांग्रेस सरकारों के काम करने के तरीके की तुलना की। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट की परिकल्पना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी



वाजपेयी के कार्यकाल में हुई थी। हालांकि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान इस पर ज्यादा प्रगति नहीं हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोजेक्ट की उपयोगिता पर सवाल उठाने वालों पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कोई 'नाराज फूफा जी' यह पूछते हुए रोएंगे कि ट्रक ड्राइवरों का क्या होगा? फ्रेट कॉरिडोर बनने से माल ट्रेन में ढोए जाएंगे। पीएम मोदी ने व्यंग्य करते हुए कहा कि अब 'फूफा जी' के पास भी काम है। पीएम ने यह बात बिना किसी का नाम लिए कही। पीएम मोदी ने कहा कि फ्रेट कॉरिडोर से उन इलाकों तक भी रेल कनेक्टिविटी पहुंच रही है जहां आजादी के बाद भी रेल सुविधा नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट देश में मजबूत सप्लाई चेन तैयार करने की बड़ी योजना का हिस्सा है। इसका मकसद आत्मनिर्भर भारत को और मजबूत करना है। मोदी ने कहा कि 2014 के बाद भारत ने 50,000 आधुनिक रेल कोच बनवाए लेकिन पिछली (कांग्रेस) सरकार 10 साल में 50,000 शौचालय भी नहीं बनवा सकी। पीएम ने कहा कि पहले यात्री और मालगाड़ियों को एक ही पटरी पर चलना पड़ता था जिससे यात्री और माल परिवहन दोनों की रफ्तार धीमी हो जाती थी लेकिन समर्पित माल ढुलाई गलियारे ने इस स्थिति को बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी की 'छात्रों की गूंज' पहल पर भी तंज कसते हुए कहा कि युवा सच्चाई के साथ खड़े रहेंगे और 'झूठ की गूंज' से गुमराह नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि आपको हर जगह ऐसे लोग मिलेंगे जो 'झूठ की गूंज' के जरिये आपको गुमराह करने की कोशिश करेंगे लेकिन आज का युवा सच्चाई के साथ खड़ा रहेगा। पीएम मोदी ने कहा कि उनके दौरे का मकसद भारत के विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा को तेज करना है। उन्होंने कहा कि मैं विकसित भारत की यात्रा को और तेज करने के लिए आपके बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि कुछ देर पहले ही यहां देश के विकास से जुड़ी हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन हुआ। विकास के इस उत्सव में वड़ोदरा शहर भर में आप सभी ने जिस सेवा भाव के साथ स्वच्छता का स्वागत अभियान चलाया है, उसके लिए मैं हर नागरिक को दिल से बधाई देता हूं और उनकी सराहना करता हूं। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर नाराज फूफा वाला तंज फिर से कसा और कहा कि कुछ लोग भारत के विकास से कभी खुश नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने विकास को रोक दिया था। हमने इसे गति दी है। यहां का फ्रेट कॉरिडोर इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि फ्रेट कॉरिडोर से किसान का बहुत फायदा हुआ है। ये इस वजह से भी कमाल का है।

## गुंजन सिंह ने संभाला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के निदेशक का कार्यभार



**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी गुंजन सिंह ने मंगलवार को सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने विभाग के सचिव नवीन कुमार एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी अधिकारियों को दिया 30 दिनों का टारगेट

# वृद्धा पेंशन और राशन कार्ड आवेदकों को जल्द लाभ दिलाएं : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान 137 फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिकारी समय के साथ समस्याओं का समाधान करते रहें ताकि लोगों को राहत मिल सके। जिस तरह से सहयोग कार्यक्रम में शिकायतों का समाधान समय से हो रहा है उससे लोगों का विश्वास बढ़ा है और इसे बनाए रखना है। किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में राज्य भर से आए आवदेकों ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी-अपनी समस्यायें रखीं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, शिक्षा विभाग, गृह विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,



समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों से जुड़े मामले को लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित जिला के जिलाधिकारी और विभाग को निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें न्याय दिलाना हमारा दायित्व है। सहयोग कार्यक्रम इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में आवेदन करने वाले जिन लोगों की समस्याओं का समाधान हो गया है उन्हें पटना आने की जरूरत नहीं है। जिनकी समस्यायें जटिल हैं और उसका समाधान जिला स्तर पर नहीं हो रहा है, वैसे आवेदक राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में समाधान के लिए पटना आएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य हर एक नागरिक की शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष और समय से समाधान सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वृद्धा पेंशन और राशन कार्ड के योग्य आवेदकों (शेष पृष्ठ 10 पर)

## रिश्वत के साथ मनरेगा जेई और डीटीओ बाबू समेत तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में रिश्वतखोरी के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। ब्यूरो की टीमों ने तीन अलग-अलग मामलों में तीन सरकारी कर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। तीनों कार्रवाई में कुल 45 हजार रुपये की रिश्वत पकड़ी गई। विजिलेंस की टीमों ने शिकायतों के सत्यापन के बाद अलग-अलग जगहों पर जाल बिछाया और रकम लेते ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पहली कार्रवाई जहानाबाद सदर प्रखंड में हुई। यहां मनरेगा के जूनियर इंजीनियर अमन कुमार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने शिकायत मिलने के बाद उसका सत्यापन किया। शिकायत सही पाए जाने के बाद टीम ने कार्रवाई की और अमन कुमार को रिश्वत की रकम लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दूसरी कार्रवाई शेखपुरा के डीटीओ कार्यालय में हुई। यहां कार्यालय के बड़ा बाबू कुणाल जी को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते निगरानी टीम ने गिरफ्तार किया। टीम ने रिश्वत की रकम लेते ही उन्हें पकड़ लिया। इस कार्रवाई के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। तीसरी कार्रवाई पटना के गांधी मैदान ट्रैफिक थाना क्षेत्र में जेपी गंगापथ पर हुई। यहां उपेंद्र साह को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। उपेंद्र साह को जेपी गंगापथ ट्रैफिक थाना से संबद्ध बताया गया है। निगरानी टीम ने कार्रवाई के दौरान रिश्वत की रकम बरामद की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की तीनों टीमों ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की। तीनों आरोपियों को रिश्वत की रकम लेते ही गिरफ्तार किया गया। अब सभी मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बोल्डर से टकराकर गंगा में डूबी नाव, तीन लापता

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र अंतर्गत महात्मा गांधी सेतु के पाया नंबर 9 के पास मंगलवार को बड़ा नाव हादसा हो गया। तेरसिया दियारा इलाके से गुजर रही एक नाव बाढ़ के पानी में मौजूद बोल्डर से टकराने के बाद असंतुलित होकर डूब गई। स्थानीय लोगों के अनुसार नाव पर करीब 10 लोग सवार थे। इनमें से सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है जबकि तीन लोग अभी लापता बताए जा रहे हैं। फिलहाल लापता लोगों की तलाश जारी है।

### 20 लाख रुपये के साथ युवक गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** एनआइए की टीम ने मोतिहारी के युवक को 20 लाख रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। पटना के चित्रगुप्त नगर इलाके में एनआइए और स्थानीय थाना पुलिस ने उसे बैग लेकर भागते समय पकड़ा। गिरफ्तार युवक की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के चकिया थाना के वार्ड नंबर 7 निवासी अनमोल कुमार मोदी के रूप में हुई है। अनमोल कुमार मोदी पेशे से छड़ का कारोबारी है। उसका पूरा परिवार पटना के चित्रगुप्त नगर में रहता है।

### तीन करोड़ का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में मादक पदार्थ गांजा की बड़ी खेप बरामद की गई है। जब्त गांजे की कीमत करीब ढाई से तीन करोड़ रुपये आंकी जा रही है। एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) से मिले इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। एनसीबी की ओर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने तुर्की थाना क्षेत्र में एक कंटेनर को पकड़ा। कंटेनर में करीब 990 किलोग्राम गांजा लदा हुआ था। टीम ने कंटेनर संख्या बीआर 21 जीसी 2912 को जब्त कर लिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पश्चिमी-2 अनिमेष चंद्र ज्ञानी ने बताया कि एनसीबी की सूचना पर कार्रवाई की गई है। इस मामले में दो लोगों को पकड़ा गया है, जो पश्चिम चंपारण जिले के रहने वाले हैं।

## गुवा गोलीकांड के शहीदों की कुर्बानी हमेशा याद रहेगी : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुवा गोलीकांड के शहीदों समेत झारखंड आंदोलन के सभी वीरों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि झारखंड की धरती हमेशा से जल, जंगल, जमीन और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले लोगों की धरती रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुवा गोलीकांड के शहीदों और झारखंड आंदोलन से जुड़े कई लोगों ने अपने अधिकारों और झारखंड की पहचान के लिए संघर्ष किया। कई वीरों ने इसके लिए अपनी जान तक कुर्बान कर दी। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के हक के लिए संघर्ष करने वाले कई वीर आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनका संघर्ष और उनकी कुर्बानी हमेशा याद की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन वीरों का सपना और उनके



संघर्ष की कहानी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। मुख्यमंत्री ने गुवा गोलीकांड के शहीदों समेत झारखंड के सभी वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि गुवा गोलीकांड के साथ ही झारखंड के सभी वीर शहीद अमर रहें। साथ ही उन्होंने जय झारखंड का नारा भी दिया।

## सड़क हादसे में दंपति समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना-मोकामा मुख्य मार्ग पर मोकामा फ्लाईओवर से आगे करनाल गांव के पास मंगलवार को खगड़िया के डॉक्टर दंपति और उनके ड्राइवर की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी कार डिवाइडर से टकराने के बाद दो हिस्सों में बंट गई। मृतकों की पहचान खगड़िया जिले के माड़र दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या-1 निवासी डॉक्टर पवन कुमार गुप्ता, उनकी पत्नी सुलोचना देवी और नवटोलिया निवासी ड्राइवर मोहम्मद सलमान के रूप में हुई है। इस हादसे की खबर मिलते ही माड़र समेत पूरे इलाके में शोक छा गया। डॉक्टर पवन कुमार गुप्ता अपनी पत्नी के साथ अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन के लिए निजी गाड़ी से उत्तर प्रदेश गए थे। पूजा करने के बाद दोनों अपने पैतृक गांव माड़र लौट रहे थे। गाड़ी को नवटोलिया निवासी मो. सलमान चला रहे थे। मोकामा फ्लाईओवर पार करने के बाद करनाल गांव के पास कार अचानक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार दो हिस्सों में बंट गई। इस हादसे में कार में सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मोकामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों शवों को बाहर (शेष पृष्ठ 10 पर)

## ट्रेन की चपेट में आने से तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के भागलपुर-जमालपुर रेलखंड पर अकबरनगर रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दंपति दो नंबर प्लेटफार्म से रेलवे लाइन क्रॉस कर एक नंबर प्लेटफार्म की तरफ आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान वे पीछे से आ रही श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन की चपेट में आ गये। ट्रेन से टक्कर के बाद हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई जबकि उनका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे पुलिसकर्मी ट्रैक पर पहुंचे और बच्चे को तत्काल इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेज दिया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी। ट्रेन की चपेट में आने वाले दंपति की पहचान बांका के शंभूगंज के भित्ती खरहरिया के रहने सुबोध मंडल और उनकी पत्नी कौशल्या देवी के रूप में हुई है। वहीं बच्ची की पहचान राधिका कुमारी के रूप में हुई है।




# छापेमारी में बीडीओ आनंद कुमार की अकूत संपत्ति का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने दरभंगा के बहादुरपुर प्रखंड के बीडीओ आनंद कुमार विभूति के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मंगलवार को इओय की अलग-अलग टीमों ने उनके पांच ठिकानों पर एक साथ तलाशी शुरू की। कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों की निगरानी में की गयी। इओयू के मुताबिक भरोसेमंद सूत्र से मिली जानकारी की जांच के बाद आनंद कुमार विभूति के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की संशोधित धारा 13(2) और 13(1)(बी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। तलाशी के लिए पटना की विशेष निगरानी अदालत से सर्च वारंट लिया गया था। जांच में उनकी वैध आय और संपत्ति का हिसाब देखने पर शुरुआती तौर पर 17184000 रुपये की आय से अधिक संपत्ति मिलने का पता चला है। इओयू के अनुसार यह रकम उनकी ज्ञात आय से करीब 121.87 प्रतिशत ज्यादा है। इओयू की टीमों ने लालबेगिया, थाना चिरैया, पूर्वी चंपारण स्थित पैतृक घर, फ्लैट नंबर 305, साई विहार अपार्टमेंट, आशोपुर, थाना दानापुर, पटना, बहादुरपुर, दरभंगा स्थित प्रखंड कार्यालय के कमरे, बहादुरपुर में सरकारी आवास और सरस्वती नगर, रोड नंबर 01, थाना अहियापुर, मुजफ्फरपुर स्थित निजी घर में तलाशी शुरू की है। टीमों की ओर से दस्तावेज, संपत्ति से जुड़े कागजात और दूसरे संभावित सबूतों की जांच की जा रही है। इओयू ने कहा है कि तलाशी पूरी होने के बाद बरामद सामान और आगे की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

## डाक अधीक्षक कार्यालय में सीबीआई की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** डाक विभाग में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने बक्सर की डाक अधीक्षक सरिता कुमारी समेत तीन कर्मियों को हिरासत में ले लिया। वित्तीय लेन-देन से जुड़ी शिकायत के आधार पर यह त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। जांच एजेंसी की टीम ने गोपनीय तरीके से बक्सर के प्रधान डाकघर पहुंचकर ऑपरेशन को अंजाम दिया और संबंधित व्यक्तियों को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ शुरू कर दी। सीबीआई के अधिकारी दिल्ली नंबर की गाड़ी से गोपनीय रूप से बक्सर प्रधान डाकघर पहुंचे थे। टीम ने परिसर में पहुंचते ही डाक अधीक्षक सरिता कुमारी को अपनी कस्टडी में ले लिया। इसके साथ ही रघुनाथपुर डाकघर के एक कर्मचारी और बक्सर कार्यालय के एक अन्य कर्मचारी को भी हिरासत में लिया गया। हेड पोस्ट ऑफिस से हिरासत में लेने के बाद जांच टीम तीनों को किसी अज्ञात स्थान पर ले गई जहां वित्तीय लेन-देन से जुड़े कई बिंदुओं पर गहन पूछताछ की जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार डाक विभाग के ही एक कर्मी द्वारा वित्तीय अनियमितता को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद सीबीआई (शेष पृष्ठ 10 पर)

C M Y K

# 90 लाख ड्रेस, 126 करोड़ का कारोबार, जीविका दीदियों ने रचा इतिहास

## सिलाई के तौर पर ग्रामीण महिलाओं को मिला नियमित आय और आर्थिक आत्मनिर्भरता का नया मंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की लाखों जीविका दीदियां अपनी परिश्रम और लगन के बलबूते हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। हाल के दिनों में इन दीदियों ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए ड्रेस की सिलाई कर न सिर्फ करोड़ों का टर्नओवर खड़ा किया है बल्कि अपनी हुनर और शिल्पकारी के माध्यम से लाखों बच्चों के लिए आकर्षक ड्रेस उपलब्ध कराने के सपने को साकार किया है। राज्य में जीविका दीदियों को रोजगार उपलब्ध कराने की मंशा से कुछ वर्ष पहले ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में जीविका-बिहार रूरल लाइवलीहुड्स प्रमोशन सोसाइटी (बीआरएलपीएस) के सहयोग से जानकी जीविका महिला स्टिचिंग प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (जानकी पीसी) का गठन किया गया। इस कंपनी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में करीब 50 हजार दीदियों को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में रह रहे बच्चों के लिए ड्रेस सिलाई की जिम्मेदारी सौंपी गई। विभाग का मानना है कि वर्ष 2023-24 में मात्र 19 लाख रुपये का शुरुआती टर्नओवर आज दीदियों की लगन और उनकी मेहनत के बदौलत करोड़ों में पहुंच चुका है। आंकड़े बताते हैं कि ये दीदियां अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर रह रहे बच्चों के लिए अभी तक 90 लाख से भी अधिक ड्रेस की सिलाई कर चुकी हैं। अकेले वर्ष 2026-27 में इन दीदियों ने ड्रेस की सिलाई से 126 करोड़ रुपये का विशाल टर्नओवर खड़ा किया है। ग्रामीण विकास विभाग की मानें तो ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका दीदियों बच्चों के ड्रेस सिलाई के माध्यम से आर्थिक रूप से न सिर्फ सशक्त हुई हैं बल्कि इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आकर्षक ड्रेस उपलब्ध कराने की नई राह भी बनी है। गांव की महिलाओं को अपने चौखट के पास ही नियमित आय और आर्थिक आत्मनिर्भरता का जरिया मिला है। सरकारी ऑर्डर बाहरी राज्यों या बिचौलियों के पास पहुंचने की बजाय सीधे स्थानीय ग्रामीण परिवारों और बिहार की अर्थव्यवस्था में दर्ज हो रहा है। संगठित सिलाई कार्य से महिलाओं के भीतर व्यावसायिक समझ, वित्तीय साक्षरता और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है।

**जीविका दीदियां केवल अपने परिवार का सहारा न रहकर बिहार के प्रगति की रीढ़ भी बन चुकी हैं जब एक गांव की महिला अपने हुनर से आत्मनिर्भर बनती है तो वह न केवल अपने बच्चों के सपनों को पंख देती है, बल्कि पूरे समाज का सिर गर्व से ऊंचा कर देती है। जीविका स्टिचिंग कंपनी से जुड़ी हजारों दीदियों ने आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए 90 लाख से अधिक ड्रेसेज सिलकर इतिहास रचा है। दीदियों के पसीने और लगन से मिली इस आर्थिक आजादी ने बिचौलियों का अंत कर सीधे ग्रामीण परिवारों के जीवन में खुशहाली और स्वाभिमान का नया सवेरा लाने का काम किया है।**



**श्रवण कुमार**
**ग्रामीण विकास एवं जन सम्पर्क मंत्री**

# समावेशी विकास के लिए बीमा क्षेत्र में नवाचार जरूरी : डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना स्थित होटल मौर्या में आईसीसी बिहार स्टेट काउंसिल की ओर से आयोजित तीसरे आईसीसी इंश्योरेंस कॉन्क्लेव-2026 में हिस्सा लिया। इस वर्ष कॉन्क्लेव की थीम 'समावेशी विकास के लिए बीमा में नवाचार' रही। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बदलते सामाजिक और आर्थिक परिवेश में बीमा की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। बीमा केवल आर्थिक सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि कमजोर और वंचित वर्गों को वित्तीय सुरक्षा देकर उन्हें सशक्त बनाने तथा समावेशी विकास को मजबूत करने का प्रभावी साधन है। उन्होंने कहा कि बीमा क्षेत्र में तकनीकी नवाचार और डिजिटल बदलाव के जरिए आमजन तक बीमा सेवाओं की पहुंच को सरल और व्यापक बनाया जा सकता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे व्यवसायियों, किसानों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक बीमा सुविधाओं की सहज पहुंच सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जनधन, सामाजिक सुरक्षा और विभिन्न बीमा योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को आर्थिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। अब तकनीक और नवाचार के माध्यम से इन सेवाओं को और प्रभावी एवं जनसुलभ बनाने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि ऐसे कॉन्क्लेव उद्योग जगत, बीमा विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को साझा मंच उपलब्ध कराते हैं। यहां विचारों के आदान-प्रदान से भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर विमर्श होता है तथा नई नीतियों, नवाचारों और बेहतर कार्ययोजनाओं का मार्ग प्रशस्त होता है।

## बिहार में जल सुरक्षा और सिंचाई सुविधाओं को मिलेगा नया आयाम, जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में सिंचाई सेवाओं के आधुनिकीकरण, जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन तथा बाढ़ एवं कटाव से निपटने की क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बिहार जल सुरक्षा एवं सिंचाई आधुनिकीकरण परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विश्व बैंक एवं बिहार सरकार की संयुक्त सहभागिता से संचालित इस महत्वपूर्ण परियोजना का कुल बजट 4,415 करोड़ रुपये है जिसमें 70 प्रतिशत विश्व बैंक तथा 30 प्रतिशत बिहार सरकार की सहभागिता है। कृषि मंत्री ने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में कृषि को अधिक सक्षम, टिकाऊ एवं जोखिम-प्रतिरोधी बनाना समय की आवश्यकता है। इसके लिए जल संसाधनों का वैज्ञानिक प्रबंधन, आधुनिक सिंचाई सुविधाओं का विस्तार तथा किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों से जोड़ना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से परियोजना के विभिन्न घटकों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## बिहार विधानसभा संग्रहालय को आधुनिक तकनीक से विकसित करने पर जोर

### बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच मंगलवार को शिष्टाचार मुलाकात हुई। इस दौरान बिहार विधान सभा संग्रहालय सहित जनप्रतिनिधियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक और रचनात्मक विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान बिहार विधान सभा संग्रहालय के निर्माण और विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। संग्रहालय में बिहार विधान सभा की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। यह संग्रहालय राज्य की लोकतांत्रिक यात्रा, विधायी परंपराओं और संसदीय विरासत का महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा। संग्रहालय को आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों से समृद्ध करते हुए ऐसा स्वरूप देने की योजना है, जिससे आमजन, विद्यार्थी, शोधार्थी तथा देश-विदेश से आने वाले आगंतुक बिहार की लोकतांत्रिक यात्रा और विधायी इतिहास से परिचित हो सकें। बिहार विधान सभा की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के साथ ही संग्रहालय को ज्ञान, शोध और जन-जागरूकता के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संग्रहालय सहित अन्य विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए आवश्यक सहयोग और समन्वय का आश्वासन दिया। वहीं, डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विधान मंडल से जुड़े विषयों के प्रभावी समाधान और जनप्रतिनिधियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए राज्य सरकार और बिहार विधान सभा के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने विधान सभा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के समाधान और संस्थागत समन्वय को और प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श किया।

## पप्पू यादव ने बाढ़ पीड़ितों के लिए खोला खजाना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिले के बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत रूपस महाजी पंचायत, काला दियारा, रूपस चिरैया पंचायत एवं हरदासपुर पंचायत में बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पहुंचकर पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने जरूरतमंद परिवारों की मदद की। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए राहत सामग्री और आर्थिक सहायता का खुला वितरण किया। इस दौरान उन्होंने साफ कहा गरीबों की मदद से बड़ा कोई त्योहार नहीं है, सरकार के भरोसे किसी को मरने के लिए नहीं छोड़ सकते। इस कठिन घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा रहना हमारा दायित्व है।

# एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज में आइआइटी-पटना का दबदबा, दोनों शीर्ष स्थानों पर कब्जा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2026-27 के पटना रीजनल राउंड में आईआईटी-पटना की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय दोनों स्थानों पर कब्जा जमाया। ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में आयोजित प्रतियोगिता में हीत जे. जोशी और शिवांशु एस. दास की टीम विजेता बनी जबकि जोवेन एस. पायनाडत और अभिराम पारिपदी की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना के रौशन और गौरव की टीम तीसरे स्थान पर रही। एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चंदन ने बताया कि प्रतियोगिता में बिहार के प्रमुख इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थानों की 300 से अधिक टीमों ने भाग लिया। इनमें आईआईटी-पटना, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, ललित नारायण मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज, पटना, बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग तथा गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज-औरंगाबाद सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्यार्थी शामिल थे। प्रतियोगिता की शुरुआत लिखित प्रारंभिक चरण से हुई जिसके बाद छह टीमों ने हाई-एनर्जी ऑडियो-विजुअल फाइनल राउंड में जगह बनाई। फाइनल में आईआईटी-पटना की दो टीमों के अलावा चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट-पटना, सीतामढ़ी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ललित नारायण मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज, पटना तथा गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज-औरंगाबाद की टीमों ने भाग लिया। फाइनल राउंड का संचालन दिल्ली के प्रसिद्ध क्विज मास्टर गौतम बोस ने किया। पटना रीजनल राउंड की शीर्ष दो टीमें अब 7 अक्टूबर को सेमीफाइनल तथा 8 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रीय फाइनल में भाग लेंगी। दोनों चरणों का आयोजन एनटीपीसी पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (पीएमआई), नोएडा में किया जाएगा। इस अवसर पर एनटीपीसी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विल्सन अब्राहम ने विजेता टीम को 60,000 रुपये, उपविजेता टीम को 40,000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 20,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की। अन्य फाइनलिस्ट टीमों को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए। महाप्रबंधक विल्सन अब्राहम ने कहा कि एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज युवा प्रतिभाओं को अपने ज्ञान, रचनात्मकता और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करने का प्रभावी मंच प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना राष्ट्र निर्माण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विजेता टीमों को बधाई देते हुए आगामी चरणों के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज देशभर के युवाओं में ज्ञान, जिज्ञासा, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और बौद्धिक उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देने वाली प्रमुख पहल है।

## तीन लाख महिला उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** यूनाइटेड वे मुंबई, वीमेन्स वर्ल्ड बैंकिंग और एचएसबीसी इंडिया ने महाराष्ट्र, असम और बिहार की 3 लाख ग्रामीण महिला उद्यमियों को समय पर और किफायती ऋण उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त पहल की है। यह कार्यक्रम स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया और संबंधित स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन्स के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। विचार-विमर्श कार्यक्रम में सिडबी की प्रयास इंडिविजुअल एंटरप्राइज स्कीम के अनुभव साझा किए गए। प्रयास के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को बिना जमानत 50000 रुपये से 2 लाख रुपये तक का ऋण महिला-नेतृत्व वाले सामुदायिक संगठनों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। एनआरएलएम के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला ने बताया कि लगभग 38.5 लाख महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को ऋण की आवश्यकता है। वहीं सिडबी के उप प्रबंध निदेशक प्रकाश कुमार ने प्रयास को महिलाओं को औपचारिक ऋण व्यवस्था से जोड़ने वाला अभिनव मॉडल बताया। एचएसबीसी इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सस्टेनेबिलिटी प्रमुख आलोका मजुमदार ने कहा कि महिला उद्यमियों को ज्ञान, कौशल, पूंजी और नेटवर्क तक पहुंच दिलाना जरूरी है। ताकि वे आय सृजित करने वाले उद्यम स्थापित कर सकें और अपने परिवारों व समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकें। प्रयास को आदर्श सामुदायिक संगठनों के माध्यम से व्यापक स्तर पर लागू किए जाने पर लगभग 65,800 करोड़ रुपये के ऋण वितरण का अवसर उत्पन्न हो सकता है।

## बिहार से यूपी-दिल्ली तक का सफर होगा आसान, 14 नए रूटों पर जल्द शुरू होगी निगम की बसें

### परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार और उत्तर प्रदेश के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। दोनों राज्यों के बीच जल्द ही 14 नए अंतरराज्यीय रूटों पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों का परिचालन शुरू होगा। इसके अलावा पिछले 10 वर्षों से चल रहे 25 पुराने रूटों पर बस संचालन के समझौते को भी आगे बढ़ाने पर सहमति बन गई है। सोमवार को लखनऊ स्थित होटल क्लार्क अवध में बिहार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत और उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के बीच हुई उच्च-स्तरीय बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। मंत्री दामोदर रावत ने कहा नए रूटों के जुड़ने से रोजाना के यात्रियों को सफर करने में काफी सहूलियत मिलेगी। बिहार-उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा जैसे राज्यों तक बिहार की बसों का आना-जाना और अधिक सुगम हो जाएगा। इस सुविधा से दिल्ली, नोएडा, लखनऊ, कानपुर से बिहार आने-जाने वाले लाखों यात्रियों को सीधी, सुरक्षित और सस्ती सरकारी बस सेवा उपलब्ध होगी। आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए भी यह पहल बेहद सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण कदम है। श्री रावत ने कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच पिछले दस वर्षों से चले आ रहे सहयोग को नए मुकाम पर ले जाने का प्रयास है। 14 नए रूट जुड़ने से प्रवासी भाई-बहनों, छात्रों और तीर्थयात्रियों को भी घर तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

## लंबित यात्रा भत्ते के भुगतान को लेकर रेलकर्मियों ने बांधी काली पट्टी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पिछले तीन महीनों से लंबित यात्रा भत्ता (टीए/सीटीए) के भुगतान की मांग को लेकर दानापुर मंडल के रेलकर्मियों ने मंगलवार को बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ ऑर्गेनाइजेशन (आईआरटीसीएसओ) और ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस (ईसीआरएमसी), दानापुर के संयुक्त आह्वान पर कर्मचारियों ने गांधीवादी तरीके से विरोध करते हुए अपनी ड्यूटी निभाई। कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व मध्य रेल के धनबाद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सोनपुर और समस्तीपुर मंडलों में नियमित रूप से टीए/सीटीए का भुगतान किया जा रहा है, जबकि दानापुर मंडल में यह भत्ता लंबित है। कर्मचारियों ने इसे लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि दानापुर मंडल प्रत्येक वर्ष रिकॉर्ड राजस्व प्राप्ति के लिए अव्वल रहने का शील्ड प्राप्त करता है, इसके बावजूद कर्मचारियों को उनके वैध भत्ते से वंचित रखा जा रहा है। आईआरटीसीएसओ दानापुर मंडल के अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोस ने कहा कि रेल कर्मचारी न तो रेल प्रशासन और न ही सरकार के खिलाफ हैं। कर्मचारी केवल अपना हक और सम्मान चाहते हैं। व्यवस्था की खामियों के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करते हुए वे पूरी निष्ठा से ड्यूटी कर रहे हैं।

## वीर शहीद गंगू मेहतर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने यारपुर स्थित अंबेडकर विकास समिति एवं बिहार राज्य राउत मेहतर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 1857 के क्रांतिकारी योद्धा वीर शहीद गंगू मेहतर की पुण्यतिथि समारोह में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वीर शहीदों और महापुरुषों का जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत होता है। उनके संघर्ष, साहस और बलिदान को याद करने के साथ उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। अंबेडकर विकास समिति और बिहार राज्य राउत मेहतर पंचायत द्वारा महान व्यक्तित्वों और वीर सपूतों की स्मृतियों को जीवंत रखने का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि वीर शहीद गंगू मेहतर का जीवन साहस, संघर्ष, स्वाभिमान और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। डॉ. प्रेम कुमार ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान निर्माता ने समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाया। शिक्षित, संगठित और संघर्षशील समाज ही अपने अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। वंचित, शोषित, दलित और पिछड़े वर्गों को सम्मान एवं अवसर देकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाने तथा महापुरुषों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## बिना मुआवजा के जबरन जमीन हड़पने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार का दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित गांवों का दौरा किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार एवं बिहार राज्य दूध उत्पादक संघ के राज्य अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह ने प्रभावित गांवों में जाकर लोगों से मिले। वहां लोगों की समस्याएं सुनी। मोतनाजे के किसान पंकज कुमार, पवन कुमार, नरेश कुमार एवं सुबोध कुमार आदि ने बताया कि न तो कोई कमिटी सोशल जांच के लिए गांव आयी। न ही लोगों से कोई सहमति ली गई। किसानों ने अभी तक कोई मुआवजा भी नहीं लिया है। प्रशासन की गुंडागर्दी और पुलिसिया तांडव के द्वारा लोगों को आतंकित कर जबरन खेतों में लहलहाते धान की फसलों को जेसीबी और ट्रैक्टर से रौंद कर बर्बाद किया जा रहा है। हमारा प्रतिनिधिमंडल ने मधुबन गांव में जाकर वहां का भी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का जायजा लिया। वहां भी लोगों में काफी आक्रोश है। गांव के गरीब गुरुबे खास कर दलित, महादलित, पिछड़े एवं अति पिछड़े परिवारों के लोगों ने बताया कि गांव के दो चार दलालों को अच्छी खासी रकम देकर मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पुलिस प्रशासन एवं अपने दलालों की मदद से दिन रात गांव को बर्बाद करने पर तुला हुआ है।

## मठ-मंदिरों में स्थापित हों इंटरनेट व कंप्यूटर युक्त 'सहयोग पुस्तकालय': डॉ. अशोक वर्मा

### धार्मिक न्यास अध्यक्ष डॉ. रणवीर नन्दन ने जनहितकारी प्रस्ताव पर विचार करने का दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा ने आज बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष डॉ. रणवीर नन्दन से उनके कार्यालय मुलाकात कर उन्हें एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राज्य के सभी प्रमुख मठ और मंदिर परिसरों में सरकार एवं न्यास परिषद के सहयोग से आधुनिक 'सहयोग पुस्तकालय' स्थापित करने की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन सौंपते हुए डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि मठ-मंदिर प्राचीन काल से ही ज्ञान और नैतिक संस्कारों के केंद्र रहे हैं। वर्तमान डिजिटल युग में इस परंपरा को आधुनिक रूप में पुनर्जीवित करना समय की मांग है। डॉ वर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से मांग किया है कि सहयोग पुस्तकालय में धार्मिक व ऐतिहासिक ग्रंथों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं, विज्ञान, साहित्य और सामान्य ज्ञान की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाए साथ ही छात्रों व युवाओं को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के लिए पुस्तकालयों में कंप्यूटर और हाई-स्पीड इंटरनेट की व्यवस्था हो। डॉ वर्मा ने मांग किया है कि मंदिर परिसरों को केवल पूजा-अर्चना तक सीमित न रखकर युवाओं के ज्ञानवर्धन और संस्कार वर्धन का जीवंत केंद्र बनाया जाए। डॉ. वर्मा ने विश्वास जताया कि इस कदम से मंदिर परिसरों की सामाजिक प्रासंगिकता बढ़ेगी और युवाओं को एक सकारात्मक व अध्ययनशील वातावरण मिलेगा। उन्होंने न्यास अध्यक्ष डॉ रणवीर नन्दन से इस जनहितकारी प्रस्ताव पर शीघ्र राज्यस्तरीय योजना स्वीकृत करने का आग्रह किया।

## रानी कमलापति, जबलपुर से गया के लिए चलेगी पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु रानी कमलापति-गया एवं जबलपुर-गया के मध्य पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी संख्या 01661/01662 रानी कमलापति-गया-रानी कमलापति स्पेशल-गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-गया पितृपक्ष स्पेशल रानी कमलापति से 27.09.2026, 02.10.2026 एवं 07.10.2026 को 15.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 10.10 बजे डीडीयू रुकते हुए 14.30 बजे गया पहुंचेगी।

## जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बढ़ाने और फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए बिहार भूमि पोर्टल पर संदेश अलर्ट की सुविधा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में जमीन के मालिकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब उनकी जमीन के रिकॉर्ड में होने वाली महत्वपूर्ण कार्रवाई की जानकारी मोबाइल पर संदेश के जरिए मिल सकेगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बढ़ाने और फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए बिहार भूमि पोर्टल पर संदेश अलर्ट की सुविधा शुरू की है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए भू-धारी अपनी जमाबंदी या संबंधित भूखंड के रिकॉर्ड से मोबाइल नंबर जोड़ सकते हैं। मोबाइल नंबर का सत्यापन एक बार मिलने वाले पासवर्ड के जरिए किया जाएगा। सत्यापन पूरा होते ही संदेश अलर्ट की सुविधा सक्रिय हो जाएगी। जमीन के दाखिल-खारिज की प्रक्रिया शुरू होने से लेकर उसके पूरा होने तक की जानकारी भू-धारी को मोबाइल पर मिल सकेगी। इसके अलावा भूमि रिकॉर्ड में सुधार से जुड़ी प्रक्रिया शुरू होने और उसके निपटारे की सूचना भी संदेश के माध्यम से दी जाएगी। इससे जमीन मालिकों को अपने रिकॉर्ड में होने वाली गतिविधियों की जानकारी समय पर मिल सकेगी और किसी अनधिकृत बदलाव की स्थिति में वे जल्द कार्रवाई कर सकेंगे।

# नीतीश कुमार महिला सशक्तीकरण के लिए वरदान : शिवरानी प्रजापति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** बिसार तालाब स्थित जदयू जिला कार्यालय में महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ज्योति दांगी की अध्यक्षता में जिला महिला प्रकोष्ठ की एकदिवसीय बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सह विधान पार्षद शिवरानी प्रजापति, महिला प्रदेश प्रभारी सुप्रिया रानी, प्रदेश उपाध्यक्ष ममता शर्मा, जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा और महानगर अध्यक्ष राजू बरनवाल शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए शिवरानी प्रजापति ने कहा कि जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार ने महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत तथा पंचायतों और नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार महिला सशक्तीकरण के लिए वरदान हैं। सुप्रिया रानी ने कहा कि नीतीश कुमार की नीतियों का परिणाम है कि आज महिलाएं घर से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। जीविका के माध्यम से लाखों महिलाओं के उत्थान का काम किया गया है। अध्यक्षीय संबोधन में ज्योति दांगी ने कहा कि नीतीश कुमार के प्रयासों से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। लड़कियों को मैट्रिक पास करने पर 10 हजार, इंटर पास करने पर 25 हजार और स्नातक करने पर 50 हजार रुपये देने की व्यवस्था की गई है। आगे की पढ़ाई के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत कई योजनाएं संचालित हैं। अजय कुशवाहा और राजू बरनवाल ने भी महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में नीतीश कुमार के कार्यों का उल्लेख करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। बैठक में सोनम दास, पूनम कुशवाहा, मितम्बरा लोहड़े, मधुसूदन राय, कुंडल वर्मा, अवध बिहारी पटेल, अरुण राव, प्रभात रावत, अरविन्द सिंह, धनंजय शर्मा, अजीत शर्मा, विनोद यादव, गौतम कुमार, रेशमा खातून, वीणा देवी, सीमा गुप्ता, पिंकी देवी, प्रियंका देवी, कंचन, शारदा देवी, उषा देवी, गीता वर्मा, रीना देवी, बिनीता देवी, सरोज देवी, अनिता देवी, मंजू देवी, कलावती देवी और वर्षा देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

# समाज के शिल्पकार हैं शिक्षक, उन्हें सम्मान दे समाज : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर गुरुत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, निदेशक डॉ. शंभूशरण सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स, प्राचार्या सूची कुमारी और विवेकानंद वीआईपीएफ इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. रंजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा डॉ. राधाकृष्णन और स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीडीसी कुमारी अनुपम सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज के शिल्पकार होते हैं। समाज को उनका सम्मान करना चाहिए, ताकि वे बेहतर तरीके से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। उन्होंने शिक्षकों से किताबी ज्ञान के साथ बच्चों में संस्कार, संस्कृति और चरित्र निर्माण पर भी जोर देने की अपील की। निदेशक डॉ. शंभूशरण सिंह ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। जिस प्रकार किसी घर की मजबूती उसकी मजबूत नींव पर निर्भर करती है, उसी प्रकार विद्यार्थी की सफलता में गुरु का आशीर्वाद और मार्गदर्शन महत्वपूर्ण है। गुरु का साथ जीवन में अर्जुन की तरह लक्ष्यभेदी बनाने में सहायक होता है। उन्होंने ज्ञान के साथ विवेक के प्रयोग तथा भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़े रहने पर जोर दिया। चेयरमैन मनीष वत्स ने कहा कि शिक्षक का कार्य चुनौतीपूर्ण है। बदलते युग के अनुसार स्वयं को ढालते हुए गुरु अपने शिष्यों के जीवन को आकार देते हैं।

## बीईओ के समर्थन में उतरे एनडीए नेता, राजद के आंदोलन को बताया 'साजिश'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी व कोंच के बीईओ डॉ. अभय कुमार रमन के समर्थन में मंगलवार को एनडीए नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस कर राजद नेताओं के आमरण अनशन पर सवाल उठाए। टिकारी स्थित जदयू कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में नेताओं ने कहा कि बीईओ पर बेबुनियाद आरोप लगाकर आंदोलन करना उचित नहीं है। मामले में जांच टीम की रिपोर्ट का इंतजार किया जाना चाहिए। जदयू के टिकारी प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी कुशवाहा ने कहा कि कुछ माह पूर्व क्षेत्रीय विधायक ने विद्यालय प्रधानों की बैठक बुलाई थी। इसमें राजद से जुड़े कई लोग भी शामिल हुए थे। इसके बाद बीईओ द्वारा कार्रवाई की गई जिसके बाद से ही उनके खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है। सुनील चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि राजद नेताओं का आंदोलन सरकार को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने बीईओ को बेहतर अधिकारी बताते हुए कहा कि समाज में अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है। वहीं हम नेता सहेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि बीईओ ईमानदार छवि के अधिकारी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक उनकी पार्टी के हैं, इसलिए अपना रौब दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। सुशासन की सरकार में किसी की मनमानी नहीं चलेगी।

## शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज में एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** गया कॉलेज के शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा प्रधानाचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर 'आजीवन शिक्षा और सतत विकास' विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस बड़े धूमधाम, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। अपने संबोधन में विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी के उद्देश्य और विषय-वस्तु पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवनपर्यंत चलने वाली प्रक्रिया है और आजीवन शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को बदलती सामाजिक, आर्थिक एवं तकनीकी जरूरतों को भविष्य के लिए सुरक्षित करें।

मुख्य वक्ता प्रोफेसर रविकांत पूर्व संकाय अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आजीवन शिक्षा वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। शिक्षा को केवल विद्यालय और विश्वविद्यालय की सीमाओं तक सीमित नहीं रखा जा सकता। व्यक्ति अपने पूरे जीवन में अनुभव, समाज, कार्यस्थल और विभिन्न परिस्थितियों से निरंतर सीखता रहता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही सतत विकास के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने का सशक्त माध्यम है। डॉ. अटल कुमार अंग्रेजी विभाग ने अपने संबोधन में कहा कि साक्षरता व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक सशक्तिकरण का आधार है। उन्होंने विशेष रूप से महिला साक्षरता, डिजिटल साक्षरता तथा समाज के वंचित वर्गों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. मारकंडे पांडे ने शिक्षा और सतत विकास के आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्त करने के साधन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य जिम्मेदार, संवेदनशील और पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिक तैयार करना भी है। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और उनका संतुलित उपयोग सतत विकास की मूल अवधारणा है। डॉ.ए. एच. खान उपाध्यक्ष भारतीय प्रौढ शिक्षण संस्थान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस हमें समाज में शिक्षा के महत्व और निरक्षरता को समाप्त करने की दिशा में अपने दायित्वों का स्मरण कराता है।

## सशस्त्र सीमा बल ने जमड़ी उच्च विद्यालय परिसर में लगाए 200 पौधे



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** वृक्षारोपण अभियान-2026 के तहत 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया द्वारा मंगलवार को 10+2 उच्च विद्यालय, जमड़ी के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल के बलकर्मियों के साथ 10+2 उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय, जमड़ी के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के कुल 200 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ओर से वृक्षारोपण अभियान-2026 के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ आमजन में प्रकृति के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बलकर्मियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं उनके नियमित संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र के विस्तार के लिए सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया।

# मगध विश्वविद्यालय में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का आयोजन

**हृदय संबंधी रोगों एवं स्ट्रोक के पुनर्वास और रोकथाम पर दिया गया विशेष जोर**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा विश्व फिजियोथेरेपी दिवस 2026 के अवसर पर 8 सितंबर 2026 को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष के कार्यक्रम की थीम 'हृदय संबंधी रोगों एवं स्ट्रोक के पुनर्वास और रोकथाम' रही। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह मगध विश्वविद्यालय के गणित विभाग में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मंगल दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान एवं मगध विश्वविद्यालय के कुलगीत का गायन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न एवं हरित पौधा भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में शिरकत की। प्रो. पी. के. चौधरी, डी.एस.डब्ल्यू., मगध विश्वविद्यालय तथा प्रो. एस. एन. पी. यादव 'दीन', संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, मगध विश्वविद्यालय विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर फिजियोथेरेपी विभाग के संस्थापक निदेशक प्रो. (डॉ.) आर. पी. सिंह तथा विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. ए. एन. तेतरवे और डॉ. बी. पी. नलिन भी उपस्थित रहे। विभाग की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. पांडेय रोहित कुमार सिन्हा ने प्रारंभिक उद्बोधन दिया जबकि विभाग की निदेशिका एवं कार्यक्रम की संयोजक पूनम सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डी. के. केशरी ने फिजियोथेरेपी विभाग को अपनी शुभकामनाएं दीं तथा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने मानव शरीर की कार्यक्षमता को बनाए रखने में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओपीडी के लिए नए यूनिफार्म का अनावरण भी किया गया। इसके साथ ही 7 सितंबर 2026 को आयोजित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को कुलपति एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्वेता कुमारी, द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से स्वेता राज एवं प्रियेंद्र कुमार तथा तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से सीता कुमारी एवं शिखा कुमारी को प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार संध्या कुमारी एवं नेहा कुमारी को दिया गया।

## कोंच बीइओ के खिलाफ पूर्व उप प्रमुख का अनशन जारी, डीएम ने बनाई जांच टीम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमण के खिलाफ पूर्व उप प्रमुख सह राजद नेता किशोर कुमार का आमरण अनशन मंगलवार को छठवें दिन भी जारी रहा। अनशन से उनकी हालत बिगड़ती जा रही है। मेडिकल टीम समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कर रही है। किशोर कुमार ने बीईओ की नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति रद्द करने और उन्हें निलंबित करने सहित 7 सूत्री मांगें रखी हैं। वे अपनी मांगों पर अड़े हैं। इधर राजद युवा नेता दिलीप कुमार दिलेर ने बताया कि अनशन के समर्थन में बुधवार 9 सितंबर को शाम 4 बजे मशाल जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस मध्य विद्यालय के पास स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति से शुरू होकर बाजार होते हुए प्रखंड कार्यालय तक जाएगा। परसावां के मुखिया दिलीप पासवान ने कहा कि जब तक बीईओ को प्रभार मुक्त नहीं किया जाता, निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। इधर जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। डीएम के निर्देश पर अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) रविशंकर कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार की अध्यक्षता में जिला निगरानी जांच दल का गठन किया गया है। मंगलवार को एसडीएम टिकारी, डीपीओ स्थापना और बीडीओ कोंच ने अनशन स्थल पर पहुंचकर किशोर कुमार से वार्ता की और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

## महावीर ध्वज पर गिरा ठनका, आवाज से किसान बेहोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच/गुरारू (गया)।** डबूर पंचायत के डुमरा गांव में सोमवार रात करीब 10 बजे कृष्ण मुरारी शर्मा उर्फ छोटे के घर के आंगन में लगे महावीर ध्वज पर ठनका गिर गया। तेज आवाज से गृहस्वामी बेहोश हो गए।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू/इलेक्ट/एएसएन/2026/01/आर, दिनांक 03.09.2026,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इलेक्ट, गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस और निम्नलिखित कार्य के निष्पादन में वित्तीय संपन्नता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: जीएसयू–इलेक्ट–एएसएन–2026–01–आर, कार्य का नाम:** गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के अधीन (क) अंडाल के मार्शलिंग यार्ड में नए आरओएच शेड और (ख) आसनसोल के इलेक्ट्रिक लोको शेड में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निरीक्षण और रखरखाव गतिविधियों के लिए ट्रिप मेन्टेनेंस/एडवांस इंस्पेक्शन सेंटर के प्रावधान के लिए कार्य के विद्युत (सामान्य) अंश हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 5,68,33,511.20, **बयाना राशि :** रु. 11,36,700/–, **बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 29.09.2026 को 12.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता :** खुलने की तिथि से 60 दिन। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-250/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## कोंच पीएसएस में पांच एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** क्षेत्र में बढ़ते विद्युत भार को देखते हुए कोंच पावर सब-स्टेशन में 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर मंगलवार को स्थापित किया गया है। इससे आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होगी और ओवरलोडिंग की समस्या दूर होगी। विभागीय एसडीओ विशाल कुमार चौधरी ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर के चालू होने से कोंच एवं आसपास के उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलेगी। भविष्य में बढ़ने वाले लोड को भी आसानी से संभाला जा सकेगा। इस मौके पर कनीय अभियंता विकास कुमार एवं कर्मी समरेश कुमार मौजूद थे।

## 20 बिजली पोल से एलटी तार की चोरी, पुलिस कर रही छानबीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के तिनेरी मध्य विद्यालय के पास स्थित ट्रांसफार्मर से तिनेरी मोड़ (रफीगंज-गोह मुख्य पथ) तक लगे 20 बिजली पोल के एलटी तार को अज्ञात चोरों ने काटकर चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह ग्रामीण जब टहलने निकले तो घटना का पता चला। इसकी सूचना आंती थाना और बिजली विभाग को दी गई। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। वहीं बिजली विभाग को भी जानकारी दे दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि तार चोरी होने से तिनेरी गांव की कृषि हेतु बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है।

## आंती थाना के पुलिस पदाधिकारी का तबादला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** आंती थाना में पदस्थापित एसआई दशरथ सिंह का तबादला खिजरसराय थाना की अनुसंधान इकाई में कर दिया गया है। एसएसपी सुशील कुमार के निर्देश पर मंगलवार को यह आदेश जारी हुआ है। उन्हें 24 घंटे के अंदर नए स्थान पर योगदान देने को कहा गया है। उनके तबादले के बाद आंती थाना में अब मात्र तीन पुलिस पदाधिकारी बचे हैं। इनमें थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव, एसआई मीरा कुमारी और एएसआई मुस्तफा कमाल शामिल हैं। थाना में एसआई के तीन और एएसआई के दो पद पहले से रिक्त हैं।

## कला के रंग में रंगा जेठियन नवोदय विद्यालय, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** नीमचक बथानी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, जेठियन में मंगलवार को क्लस्टर स्तरीय 'आर्ट इन एजुकेशन' सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें करीब 20 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने चित्रकला, संगीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में दिनभर उत्साह का माहौल रहा। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक एवं शैक्षणिक संदेश भी दिए। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि नीमचक बथानी के अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। कला बच्चों में रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और कल्पनाशक्ति विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य कला के माध्यम से विद्यार्थियों में सीखने और अपनी बात को रचनात्मक तरीके से व्यक्त करने की क्षमता विकसित करना है। साथ ही विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों को एक-दूसरे की प्रतिभा से सीखने का अवसर मिला। कार्यक्रम में कला, प्रतिभा और उत्साह का शानदार संगम देखने को मिला।

## कसियाडीह से दो नामजद आरोपित गिरफ्तार, गये न्यायालय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डुमरिया।** थाना क्षेत्र के सलैया टोला कसियाडीह में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मामले में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में महफूज अंसारी उर्फ महफूज आलम और मकसूद अंसारी उर्फ मो. मकसूद आलम शामिल हैं। दोनों अख्तर मियां उर्फ अख्तर हुसैन के पुत्र बताए गए हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों डुमरिया थाना कांड संख्या 100/26 में नामजद हैं। पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी पूरी कर दोनों को न्यायालय हिरासत में भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों में महफूज अंसारी उर्फ महफूज आलम और मकसूद अंसारी उर्फ मो. मकसूद आलम शामिल हैं। दोनों अख्तर मियां उर्फ अख्तर हुसैन के पुत्र बताए गए हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों डुमरिया थाना कांड संख्या 100/26 में नामजद हैं। पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी पूरी कर दोनों को न्यायालय हिरासत में भेज दिया है।

## मध्य विद्यालय अकौना में क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आमस।** प्रखंड क्षेत्र के अकौना गांव में स्थित मिडिल स्कूल में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल उमेश कुमार ने बताया कि शिक्षक मो. अली आशा कुमारी और फातमा प्रवीण की देखरेख में पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षक मो अली ने स्टूडेंट को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर हाल में शिक्षा प्राप्त करें। शिक्षा ही गरीबी को खत्म कर सकती है। शिक्षा ही वह हथियार है जो गरीबी की जंजीर को तोड़ सकता है। प्रतियोगिता में शाहीन, आभा, शगुफ्ता, पुष्पा, नेहा, अक्सा, काजल और आरोही आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर उमेश कुमार, मिर्जा आफताब वारसी, जाकिर अहमद और बेबी नाज आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## बोधगया और शेरघाटी में पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** पासपोर्ट सेवाओं को अधिक सुलभ एवं नागरिक-अनुकूल बनाने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना द्वारा गया जिले में दो स्थानों पर पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन शिविर आयोजित किए जाएंगे। पहला शिविर बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति में 21 से 22 सितंबर 2026 तक तथा दूसरा शिविर शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय परिसर में 23 से 25 सितंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। यह पहल विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के प्रमुख जनसंपर्क कार्यक्रम 'पासपोर्ट सेवा-पासपोर्ट आपके द्वार' का हिस्सा है। इसका उद्देश्य पासपोर्ट सेवाओं को नागरिकों के और करीब पहुंचाना तथा विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप सार्वजनिक सेवाओं तक आसान पहुंच को बढ़ावा देना है। डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र, गया में बड़ी संख्या में पासपोर्ट आवेदन प्राप्त होने के कारण पासपोर्ट सेवा वितरण व्यवस्था को और मजबूत करने तथा आवेदकों को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए ये विशेष पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग से आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य गया जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों की बढ़ती मांग को पूरा करना तथा उन्हें समयबद्ध और सुलभ पासपोर्ट सेवा उपलब्ध कराना है। गया में पासपोर्ट सेवाओं की बढ़ती मांग नागरिकों को अधिक सुगम सेवा उपलब्ध कराने की आवश्यकता को दर्शाती है। प्राप्त पासपोर्ट आवेदनों की संख्या वर्ष 2021 में 7,518 थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 13,193 हो गई।


**NAME CHANGE**

I, hitherto known as RAVI SHANKAR UMAR ALIAS RAVISHANKAR KUMAR S/O SURYADEO SINGH residing at Ward 13, KK Eng College, Thana-Deepnagar, Nepura, Nalanda, Bihar-803115, have changed my name and shall hereafter be known as RAVISHANKAR KUMAR.

**NAME CHANGE**

I RAMSAGAR SINGH alias VISHAL KUMAR S/O DHARMNATH KUSHWAHA R/O Bhore Gopalganj Bihar-841426, have changed my name to VISHAL KUMAR.

**NAME CHANGE**

I AKANCHHA D/O LALITESHWAR LALLU JEE R/O A-11 Bankmens Colony Chitragupta Nagar Kankarbagh Patna Bihar-800020, have changed my name to AKANCHHA SHARMA.

**असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा (जिला यक्ष्मा कार्यालय, गढ़वा)**

Email Id: dtojhgrh@rntcp.org

**(अतिअल्पकालीन निविदा संबंधी सूचना)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या **01/ 2026** दिनांक–13/08/2026 PR 388151 2026-27की अवधि विस्तार दिनांक–05/09/2026 से बढाकर दिनांक–15/09/2026 तक किया जाता है। निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.389255 Health Med Edu and Family Welfare(26-27):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 04/2026-27/RWD/GARHWA दिनांक–17.08.2026 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 387763 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, में अपरिहार्य कारणवश आंशिक संशोधत किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि 25.08.2026 के स्थान पर 05.09.2026 पढ़ा जाय।
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 15.09.2026 अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर 26.09.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 18.09.2026 पूर्वाह्न 11:30 बजे के स्थान पर 28.09.2026 पूर्वाह्न 11:30 बजे पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 389170 Rural Work Department(26-27)#D

# डीडीसी ने तिलौथू प्रखंड में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## प्रखंड में संचालित अपंजीकृत नर्सिंग होम एवं अवैध अल्ट्रासाउंड केन्द्रों को बंद करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** रोहतास जिला के उपविकास आयुक्त आकांक्षा आनंद की अध्यक्षता में तिलौथू प्रखंड का भ्रमण तथा विकासात्मक कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, मनीष कुमार, जिला विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदा., प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, आवास पर्यवेक्षक तथा आकांक्षी प्रखंड फेलो उपस्थित हुए। डीडीसी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में जल्द से जल्द शेष आवास पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत यूजर चार्ज कलेक्शन, डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन पर जोर दिया गया। वीबीजीग्रामजी के तहत नई योजनाओं पर चर्चा की गई। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में एसडीएम डिहरी को तिलौथू प्रखंड अंतर्गत सभी अनरजिस्टर्ड नर्सिंग होम तथा अवैध अल्ट्रासाउंड केन्द्रों को बंद करने हेतु निर्देशित किया गया। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अन्तर्गत सूचकांक लाइव भारत नेट के शून्य रहने पर बीएसएनएल पदाधिकारी मुख्य परिचालन पदा. को जल्द से जल्द आरंभ करने हेतु निर्देश दिया गया। तिलौथू प्रखंड में लोकल फोर वोकल के तहत गरमा धान एवं मूंगफली की खेती के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी तिलौथू को आवश्यक निर्देश दिया गया। गर्भवती महिलाओं के सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन के लिए आधार कैंप तथा जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केंद्रों पर पीने के पानी तथा शौचालयों की व्यवस्था करने के लिए बोला गया। समीक्षा बैठक के उपरांत उप विकास के द्वारा मध्य विद्यालय पतलुका, एचडब्लूसी पतलुका एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पतलुका का भौतिक निरीक्षण किया गया। एचडब्लूसी में मरीजों से वार्तालाप की गई तथा दवा वितरण का निरीक्षण किया गया। एचडब्लूसी को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रखंड चिकित्सा प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिया गया। मध्य विद्यालय पतलुका में उप विकास आयुक्त, सासाराम की अध्यक्षता में आज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर चेतना सत्र का शुभारंभ किया गया तथा सभी विद्यार्थियों के समग्र विकास, सामान्य ज्ञान संवर्धन और नैतिक चरित्र निर्माण पर शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप की गई। विद्यार्थियों से वार्तालाप से तथा पठन-पाठन कार्य से उप विकास आयुक्त द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गई तथा विद्यार्थियों को संपूर्ण शिक्षण संसाधन सामग्री का व्यवस्थित अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस विद्यालय में एस्ट्रोनॉमी लैब को जल्द शुरू करने की बात बताई गई। इस विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। अन्त में उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रखंड सह अंचल के लिए स्थल निरीक्षण तथा इन्द्रपुरी सोन बैराज का भी भौतिक निरीक्षण किया गया।

# शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक बलीराव कुमार सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग, रोहतास की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में उच्च विद्यालय डिहरी ऑन-सोन के प्रभारी प्रधानाध्यापक बलीराव कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी दीपक मिश्रा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक के सम्मानित होने के बाद उच्च विद्यालय डिहरी ऑन-सोन में भी शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। विद्यालय के संगीत शिक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने प्रधानाध्यापक को अंगवस्त्र एवं फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक भूपेश किशोर, मनोज कुमार, राकेश कुमार, सुधीर कुमार राय अवधेश, विनय, विजय पाण्डेय, शाहनवाज, दीपक, अंकित, आकाश, दीपमाला, दिव्या, ममता, अयोध्या, पवन, शिक्षिका प्रभा कुमारी, दीप्ति कुमारी, कहकशां, अंजूम सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। संगीत शिक्षक राकेश कुमार ने कहा कि प्रभारी प्रधानाध्यापक बलीराव कुमार का जिला स्तर पर सम्मानित होना पूरे उच्च विद्यालय डिहरी ऑन-सोन के लिए गौरव और उपलब्धि की बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि डिहरी क्षेत्र के पांच प्रधानाध्यापकों को जिलाधिकारी द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया है जो शिक्षा के क्षेत्र में डिहरी की उपलब्धि को दर्शाता है।

# बिहार पुलिस में नई स्थानांतरण नीति की दिशा में पहल, पुलिसकर्मियों के हित में कई अहम फैसले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार पुलिस कल्याण कोष की बैठक पुलिस महानिदेशक विनय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में स्मार्ट पुलिसिंग, पुलिसकर्मियों की सक्रियता, स्थानांतरण नीति सहित पुलिस हित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में डीजीपी ने दोनों पुलिस एसोसिएशनों को निर्देश दिया कि ड्यूटी, गश्ती एवं वाहन चेकिंग के दौरान सभी पुलिसकर्मी पूरी सजगता, सक्रियता और तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने एसोसिएशनों से भी इस दिशा में पहल करने को कहा। बिहार पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कु. सिंह ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों से डीजीपी के निर्देशों का पालन करते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रिय एवं संवेदनशील कार्यशैली से जनता के बीच पुलिस की विश्वसनीयता और मजबूत होगी। बैठक में स्थानांतरण की नई नीति को लेकर भी महत्वपूर्ण सहमति बनी। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार किसी पुलिसकर्मी का एक जिले में अधिकतम 6 वर्ष, रेंज में 12 वर्ष और जोन में 18 वर्ष तक कार्यकाल रखने का प्रावधान होगा। साथ ही गृह जिले के निकटवर्ती रेंज में स्थानांतरण की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। प्रशिक्षणरत पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण पूरा होने के बाद गृह जिले को ध्यान में रखते हुए पदस्थापित करने पर भी विचार किया गया।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि फिलहाल प्रचलित जून स्थानांतरण नीति के तहत स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। वहीं पूर्व डीजीपी एस.के. सिंघल द्वारा पुलिस हित में जारी आदेशों की समीक्षा कर पुलिसकर्मियों के हित में अधिक बेहतर, व्यावहारिक और प्रभावी नीति तैयार करने की दिशा में भी पहल की गई है। बिहार पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कु. सिंह एवं महामंत्री कपिलेश्वर पासवान सहित समस्त पुलिस परिवार की ओर से इन सकारात्मक पहलों के लिए डीजीपी विनय कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उम्मीद है कि डीजीपी के नेतृत्व में बिहार पुलिस में ईमानदार, पारदर्शी, संवेदनशील एवं पुलिस हितैषी कार्यसंस्कृति और अधिक मजबूत होगी।

# फरार चल रहे दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लखमनपुर गांव में मंगलवार की सुबह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहे थे और अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहे थे। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए चैनपुर थानाध्यक्ष विजय प्रसाद ने बताया कि दोनों नामजद आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा पूर्व में ही वारंट जारी किया जा चुका था। पुलिस लगातार उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी, लेकिन वे हर बार बच निकलने में कामयाब हो जाते थे।

# विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर

## फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर के बच्चों को एक माह की निःशुल्क फिजियोथेरेपी सेवा का कूपन वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर मंगलवार, 8 सितंबर को फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर, बीएमपी-2 नारायणपुर पीपीसीएल, डिफेंस कॉलोनी, डिहरी ऑन-सोन में निःशुल्क शारीरिक स्वास्थ्य जांच एवं फिजियोथेरेपी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को फिजियोथेरेपी के महत्व, शारीरिक फिटनेस, सही पोस्चर, मांसपेशियों एवं जोड़ों के स्वास्थ्य तथा दर्द से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। डॉ. एसके निषाद ने बताया कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली के कारण शारीरिक सक्रियता में कमी और मांसपेशियों एवं जोड़ों से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही है। ऐसे में नियमित व्यायाम, सही शारीरिक गतिविधि और आवश्यकता पड़ने पर समय पर फिजियोथेरेपी एवं चिकित्सकीय सलाह स्वस्थ जीवनशैली के लिए महत्वपूर्ण है। शिविर में चिकित्सकीय एवं फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान डॉ. सिम्पी, डॉ. अमृता, डॉ. संजना, डॉ. जूली, डॉ. आरिफ एवं डॉ. मेहताब सहित चिकित्सकों एवं फिजियोथेरेपी टीम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। वहीं, डॉ. निषाद्स स्ट्रोक रिहैबिलिटेशन सेंटर की टीम के विक्की, मनीष, गोलू, हिमांशु, उत्तम एवं रवि ने शिविर के सफल आयोजन तथा मरीजों की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर/अकादमी के बच्चों के लिए एक माह की निःशुल्क फिजियोथेरेपी उपचार सेवा के कूपन भी वितरित किए गए।

# स्मारिका प्रकाशन को लेकर पटेल सेवा संघ की कोर कमेटी की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पटेल सेवा संघ रोहतास के माध्यम से प्रस्तावित स्मारिका के प्रकाशन को लेकर पटेल कार्यालय में कार्यकारिणी की कोर कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्मारिका प्रकाशन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही स्मारिका के प्रकाशन की रूपरेखा को लेकर सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में संघ के अध्यक्ष राजवंश राय, सचिव डॉ. सतीश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रो. राम परशन सिंह, प्रो. डॉ. शिव मंदिर सिंह, रास बिहारी सिंह, संजय राय एवं जय गोविंद सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत कोर कमिटी के सदस्यों ने पटेल पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्रों से भी बातचीत की। इस दौरान छात्रों की पढ़ाई एवं अध्ययन से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए उन्हें नियमित रूप से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। सदस्यों ने छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए अध्ययन के प्रति निरंतर गंभीर रहने की बात कही।

# बोर्ड बैठक में दो प्रस्तावों को मंजूरी, चार प्रस्ताव मतदान में खारिज

## साफ-सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को नगर पंचायत बोर्ड की बैठक मुख्य पार्षद सुम्बुल आरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सहित वार्ड पार्षदों ने भाग लिया। इस दौरान नगर क्षेत्र के विकास कार्यों, साफ-सफाई व्यवस्था तथा जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बोर्ड के समक्ष कुल छह प्रस्ताव रखे गए। इनमें से दो प्रस्तावों को पार्षदों ने मतदान के माध्यम से मंजूरी दे दी जबकि चार प्रस्ताव बहुमत नहीं मिलने के कारण गिर गए जिन प्रस्तावों को मंजूरी मिली उनमें नगर क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था और सभी 13 वार्डों में नाली-गली निर्माण से संबंधित प्रस्ताव प्रमुख रहे। बैठक के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। वार्ड पार्षदों ने वर्तमान सफाई व्यवस्था को संतोषजनक बताया और इसे आगे भी बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया। नियमित कूड़ा उठाव, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई तथा स्वच्छता व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर विचार-विमर्श किया गया।

**सभी 13 वार्डों में होंगे नाली-गली निर्माण कार्य**

बैठक में पारित दूसरे प्रस्ताव के तहत नगर पंचायत के सभी 13 वार्डों में नाली-गली निर्माण कराने पर सहमति बनी। विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर अलग-अलग माध्यमों से कराने की योजना बनाई गई। बताया गया कि तीन अति आवश्यक कार्य विभागीय स्तर से कराए जाएंगे जबकि एक कार्य ई-टेंडर के माध्यम से कराया जाएगा। इससे जल निकासी और आवागमन से जुड़ी समस्याओं के समाधान की उम्मीद है। वहीं मतदान के दौरान चार अन्य प्रस्ताव मंजूरी नहीं मिलने के कारण गिर गए। इन प्रस्तावों पर अब आगामी सशक्त स्थायी समिति की बैठक में स्थिति स्पष्ट होने के बाद पुनः चर्चा की जाएगी। बैठक में वार्ड पार्षद आकिब जावेद, मिथुन पासवान, गुलाम सरवर अंसारी, अमन गुप्ता, अजमत अली खान, मुरारी तिवारी, जोखन सिंह, संगीता देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, कनीय अभियंता रवि रंजन पांडे, एकाउंटेंट अभिनंदन कुमार समेत अन्य वार्ड पार्षद एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# बाढ़ प्रभावितों को राहत, नदियों का जलस्तर घटा, 10 लाख से अधिक को मिल रहा भोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में बाढ़ की स्थिति के बीच प्रमुख नदियों के जलस्राव (वाटर डिस्चार्ज) में कमी और स्थिरता आने से थोड़ी राहत की उम्मीद जगी है। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राज्य की प्रमुख नदियों कोसी और सोन में जलस्राव घटने की प्रवृत्ति सामने आई है जबकि गंडक नदी का जलस्राव स्थिर बना हुआ है। बाढ़ के इस संकट के बीच अभी तक राज्य में करीब 10 लाख से भी अधिक प्रभावित लोगों में सुबह-शाम भोजना का वितरण किया जा चुका है। विभाग स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य पूरी तत्परता से चलाए जा रहे हैं। आंकड़ों पर ध्यान दें तो वीरपुर बराज पर मंगलवार को सुबह 10 बजे कोसी का जलस्राव 1 लाख 69 हजार 985 क्यूसेक दर्ज किया गया। इसकी प्रवृत्ति घटने की है। इसी तरह इंद्रपुरी बराज पर सोन नदी का पानी 1 लाख 4 हजार 758 क्यूसेक जलस्राव दर्ज किया गया और इसकी भी प्रवृत्ति घटने की है। वाल्मीकिनगर बराज पर गंडक का जलस्राव 1 लाख 4 हजार 400 क्यूसेक दर्ज किया गया और इसकी प्रवृत्ति स्थिर बनी हुई है। दूसरी ओर भागलपुर के सुलतानगंज में गंगा का जलस्तर 36.80 मीटर दर्ज किया गया जो इसके पिछले उच्चतम बाढ़ का जलस्तर (36.75 मीटर, 17.08.2021) से 0.05 मीटर ऊपर है, लेकिन इसकी प्रवृत्ति स्थिर है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

1.ई0—निविदा संख्या— EE/RDSD/Palamau-F2-12/2026-27

(Two Envelope System)

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 1 | पलामू जिला के प्रखंड हरिहरगंज अन्तर्गत नगर पंचायत के ग्राम अररूआ कला के टोला चरकेरिया में बटाने नदी पर पुल निर्माण। | 40732700 | 814700 | 10000 | 18 |
| 2 | 2 | पलामू जिला के प्रखंड तरहसी अन्तर्गत पंचायत उदयपुरा—2 के ग्राम बगला में पिछुलिया नाला पर पुलिया निर्माण। | 26794300 | 535900 | 10000 | 18 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि — 15.09.2026 (05:00 अपराह्न से)
3. ई—निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय — दिनांक 15.09.2026 ( अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक 08.10.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई—निविदा खोलने का स्थान — कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. तकनीकि बिड खोलने की तिथि एवं समय —10.10.2026 अपराह्न 3:00 बजे।
6. वित्तीय बिड खोलेन की तिथि — पत्र द्वारा घोषित किया जायेगा।
7. ई—निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :— कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
8. ई—निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० — 06562—355581
9. परिमाण विपत्र की राशि घट—बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई—भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

PR 389253 (District) 26-27 (D)


# राधा-शांता महाविद्यालय का 49वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** राधा-शांता महाविद्यालय, तिलौथू में महाविद्यालय का 49वां स्थापना दिवस एवं विराट व्यक्तित्व के धनी बाबू राधा प्रसाद सिंह की जयंती समारोह श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक विविधता के बीच भव्य रूप से मनाया गया। समारोह में शिक्षा, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और बिहार की गौरवशाली विरासत की मनोहारी झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' की प्रस्तुति से हुआ। इसके उपरांत मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर बाबू राधा प्रसाद सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी शांता सिन्हा के चित्र पर पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण किया गया। समारोह में 'वन्दे मातरम' के 150 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा को भी स्मरण किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद महाविद्यालय परिवार की ओर से आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं विकास यात्रा का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वर्ष 2018 से प्रकाशित हो रही महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'नवसर्ग-2026' का विमोचन भी अतिथियों के कर-कमलों द्वारा किया गया। पत्रिका के विमोचन के दौरान सभागार करतल ध्वनि से गूंज उठा। समारोह में बिहार की माटी और संस्कृति के प्रति गौरव का भाव प्रस्तुत करते हुए 'हां हम बिहारी हैं जी' गीत की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। इसके अलावा राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' की 150 वर्षों की यात्रा पर छात्राओं द्वारा संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 'ढोलिना' एकल नृत्य, 'घुमर-घुमर' युगल नृत्य, 'रंगीलो मारो ढोलना', 'राधा कैसे न जले' सहित विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। बी.बी.ए. की प्राध्यापिका सव्या शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने भारत के 13 राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा का प्रदर्शन कर देश की सांस्कृतिक एकता एवं विविधता को जीवंत कर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार विधान सभा की सदस्या स्नेहलता कुशवाहा ने विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। वहीं बिहार विधान परिषद के सदस्य जीवन कुमार ने अपने संबोधन में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के महत्व, महाविद्यालय की उपलब्धियों तथा समाज निर्माण में शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, संस्कार और ज्ञान के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सचिव रणजीत सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने महाविद्यालय की विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भूदाता मधुकर सिन्हा, तिलौथू हाउस ने भी अपने आशीर्वचन से उपस्थित लोगों को संबोधित किया। वहीं सभाध्यक्ष यशवीर सिन्हा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में समारोह की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महाविद्यालय परिवार, विद्यार्थियों एवं अतिथियों को शुभकामनाएं दीं।

# सुनील ज्वाला स्मृति अर्द्ध मैराथन दौड़ का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में मंगलवार को खेल प्रेमी बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के भूतपूर्व प्रवक्ता एवं भूतपूर्व एथलेटिक संघ एवं क्रिकेट के सचिव तथा भव्य खेलो के आयोजनकर्ता स्वर्गीय सुनील ज्वाला के जन्मदिन के अवसर पर भव्य सुनील ज्वाला स्मृति अर्द्ध मैराथन दौड़ का आरम्भ जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर पासवान ने हरी झंडी दिखाकर किया। जिसमें जिले के एवं जिले से बाहर के पुरूष एवं महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया।


**पूर्व रेलवे**

सं.: डीटीई-जेएमपी-11/26-27, दिनांक 04.09.2026; सहायक टाउन अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** वर्कशॉप के भीतर डीपीएस, टीटीएस, डब्ल्यूआरएस-I, III, IV के सम्पूर्ण हिस्से में तथा बीएसटी एवं जीआईएफ शॉप के आंशिक हिस्से में क्षतिग्रस्त जी.आईट शीट, एफआरपी शीट द्वारा नॉर्थ लाइट, गटर, टर्बो वेंटिलेटर तथा पाइप इत्यादि का बदलाव। **विज्ञापित निविदा मूल्यः** रु. 8,39,16,987; **बयाना राशिः** रु. 16,78,300; **कार्य समापन की अवधिः** 12 (बारह) महीने। **खुलने की तारीखः** 29.09.2026। (MISC-174/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**पट्टे पर पार्सल की संविदाएं प्रदान करना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी प्रारूप के जरिए तीन वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली ट्रेन सं. 13051 में एफएसएलआर-I पट्टे पर प्रदान** करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम एवं शर्तों के साथ नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इस ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए जमा की जानी चाहिए। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए मर्चेंटों का एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। मर्चेंटों को क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर भी हासिल करना आवश्यक है। नीलामी सूचीपत्र का विवरणः **नीलामी सूचीपत्र सं.: पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-10ए; कम्पार्टमेंटः** ट्रेन सं. 13051 में एफएसएलआर-I। **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समयः** 21.09.2026 को 15.00 बजे। (HWH-321/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ**
**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-13/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2026-27**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time for Sale of BOQ :- 12.09.2026 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 15.09.2026 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 15.09.2026 from 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. **Details of Work :-**

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation/Repair and Painting Work of Observation Home including Kitchen, Common Toilet, PCC Approach Road at Daltonganj, Palamu. | Rs. 35,74,000.00 | Rs. 72,000.00 | Rs. 5000.00 | 03 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा—
* परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3Bएवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
* परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
* यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
* किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) वापस नहीं की जायेगी।
* निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 389243 District(26-27)D

# हिसुआ को नहीं बनने देंगे हिरोशिमा : अनिल सिंह




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। हिसुआ में हाल ही में घटित हत्याकांड पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए स्थानीय विधायक अनिल सिंह ने मंगलवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से शांति, धैर्य और संयम बनाए रखने की पुरजोर अपील की। विधायक ने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय है और इसकी निष्पक्ष जांच के बाद ही पूरी सच्चाई जनता के सामने आएगी। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि वह हिसुआ को किसी भी कीमत पर 'हिरोशिमा' नहीं बनने देंगे। विधायक ने बताया कि आईजी विकास वैभव के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। आईजी ने जांच के लिए 72 घंटे का समय लिया था और तय समयसीमा के भीतर ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अन्य ने सरेंडर कर दिया। अब मामला न्यायालय के समक्ष है, इसलिए लोगों को कानून हाथ में लेने के बजाय जांच प्रक्रिया पर पूरा भरोसा रखना चाहिए। अनिल सिंह ने बाहरी तत्वों द्वारा हिसुआ में कथित रूप से जातीय उन्माद भड़काने की कोशिशों पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बाहरी लोग माहौल बिगाड़कर चले जाएंगे, लेकिन यहां के बाशिंदों को यहीं साथ रहना है और अपना भविष्य बनाना है। विधायक ने बताया कि कुछ लोगों ने मामले को तूल देने के लिए कैंडल मार्च निकाला और उनके आवास पर पहुंचकर एनडीए व भाजपा विरोधी नारे लगाए, फिर भी कार्यकर्ताओं ने संयम का परिचय दिया। बिना नाम लिए नवादा के दो नेताओं और वारिसलीगंज के एक नेता पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग हिसुआ में सियासी जमीन तलाश रहे हैं। पूर्व राज्य मंत्री पर तंज कसते हुए बोले कि वे दल में जरूर हैं, लेकिन दिल से एनडीए के साथ नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1990 का दौर बीत चुका है और यह एनडीए सरकार का समय है, जहां सभी वर्गों को साथ लेकर विकास किया जाता है।

# झंडा दिवस कोष के लिए 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। अनुमंडल प्रशासन द्वारा झंडा दिवस कोष में धन संग्रह हेतु सोमवार की संध्या इंटर विद्यालय रजौली के अंबेडकर सभागार में "एक शाम शहीदों के नाम" सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आमंत्रण पत्र के अनुसार कार्यक्रम शाम 5 बजे शुरू होना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से लगभग 7 बजे दो घंटे की देरी से शुरू हुआ, जो रात्रि 9 बजे तक चला। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन मौजूद रहे। उनके साथ डीसीएलआर कौशर इमाम, कार्यपालक दंडाधिकारी अशोक कुमार जिज्ञासु, उप निर्वाचन पदाधिकारी हीरालाल पाल, बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, नगर स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार,



पशु चिकित्सक रेशु कुमार एवं बीएओ रौशन कुमार मंचासीन रहे। विशेष रूप से पटना सचिवालय, गृह विभाग से लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह क्षेत्रीय पदाधिकारी राजेश कुमार वर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालक सह उद्घोषक शशि सिन्हा ने अपनी हास्य शायरी और लघु कथनों से समां बांध दिया और दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गायक ब्रजेश कुमार, अशोक कुमार और गायिका साधना झा ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर दर्शकों में जोश भर दिया। नर्तक सत्येंद्र कुमार की देशभक्ति नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। वाद्य यंत्रों पर सरोज सुमन, संजीव कुमार और नंदन कुमार ने संगत दी। कलाकारों की प्रस्तुति पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के लिए उत्तम नाश्ते और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के अंत में अनुमंडल प्रशासन द्वारा झंडा दिवस कोष के लिए 70 हजार रुपए से अधिक की राशि संग्रहित की गई।

# पैक्स मतदाता सत्यापन में मनमानी का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (नवादा)**। अकबरपुर प्रखंड में पैक्स मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर पैक्स अध्यक्षों पर मनमानी करने का आरोप लगाया जा रहा है। कई मतदाताओं का कहना है कि पैक्स अध्यक्षों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रत्येक मतदाता के घर जाकर सत्यापन करना है, लेकिन आरोप है कि कुछ पैक्स अध्यक्ष केवल अपने समर्थक एवं पक्ष के मतदाताओं का ही सत्यापन कर रहे हैं। वहीं, विपक्षी खेमे से जुड़े मतदाताओं को नजरअंदाज किए जाने की शिकायत सामने आ रही है। मतदाताओं का आरोप है कि जानबूझकर कुछ लोगों का सत्यापन नहीं किया जा रहा है, ताकि आगामी पैक्स चुनाव में अपने पक्ष के लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सत्यापन प्रक्रिया में ही भेदभाव किया जाएगा तो चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी पात्र मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित कराने की मांग की है। बताया गया कि विभाग की ओर से पैक्स मतदाता सत्यापन की अंतिम तिथि 9 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। इसके बावजूद कई मतदाताओं का अभी तक सत्यापन नहीं होने की बात कही जा रही है। इससे संबंधित मतदाताओं में नाराजगी है।

इधर, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) विद्यानंद कुमार ने कहा कि पैक्स अध्यक्षों द्वारा मनमानी किए जाने का आरोप प्राप्त हो रहा है। मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में मनमानी या निर्धारित प्रक्रिया के विरुद्ध कार्य किए जाने की पुष्टि होती है तो संबंधित पैक्स अध्यक्ष के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पात्र मतदाताओं के सत्यापन पर जोर दिया।

# विशेष अभियान में पुलिस की कार्रवाई, छह गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (नवादा)**। पुलिस छापेमारी के विशेष समकालीन अभियान के तहत अकबरपुर थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे वारंटियों और नशे की हालत में हंगामा कर रहे लोगों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की। पुलिस की अलग-अलग कार्रवाई में कुल छह लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अकबरपुर थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान चार लोगों के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार वारंटियों में अकबरपुर निवासी किशोरी साह के पुत्र पिंटू साव, अकबरपुर हाट निवासी श्यामलाल चौधरी के पुत्र महेश चौधरी, रामधनी राम के पुत्र राजो राम तथा मनोज चौधरी के पुत्र अरविंद चौधरी शामिल हैं।वहीं, पुलिस ने नशे की हालत में सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहे दिनेश दास और विनोद दास को भी गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

थानाध्यक्ष ने बताया कि विशेष समकालीन अभियान के तहत फरार वारंटियों एवं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी रही। गिरफ्तार सभी छह आरोपितों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# हिसुआ में मृतक प्रणय चंद्रवंशी के परिजनों से मिले डॉ. भीम सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा/हिसुआ**। राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. भीम सिंह ने हिसुआ पहुंचकर मृतक प्रणय चंद्रवंशी के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया तथा इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की बात कही। डॉ. भीम सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि प्रणय चंद्रवंशी की हत्या की घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि घटना में जो भी अपराधी शामिल हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना प्राथमिकता है और मामले में निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि न्याय की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी।

इस अवसर पर पार्टी के जिला एवं प्रदेश कमिटी के कई नेता मौजूद रहे। इनमें राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. पप्पू कुमार चंद्रवंशी, प्रदेश अध्यक्ष जीत कुमार, जिला अध्यक्ष चंदन कुमार चंद्रवंशी, डॉ. केपी चंद्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ चंद्रवंशी, प्रदेश महामंत्री दिलीप चंद्रवंशी, प्रदेश मंत्री (अत्यंत पिछड़ा वर्ग चेतना मंच) प्रो. डॉ. मिथिलेश कुमार निषाद, प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुमार चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार चंद्रवंशी तथा अशोक चंद्रवंशी सहित अन्य नेता शामिल थे।

नेताओं ने भी शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

## एक नजर

### 310 लीटर शराब थाना परिसर में विनिष्ट

**अकबरपुर (नवादा)**। अकबरपुर थाना में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जब्त की गई करीब 310 लीटर अवैध महुआ शराब को नियमानुसार नष्ट कर दिया। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में थाना परिसर में जब्त शराब का विनष्टीकरण किया गया। इस दौरान अंचल अधिकारी संजय कुमार प्रसाद थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि विभिन्न मामलों में कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से रखी एवं बिक्री के लिए ले जाई जा रही महुआ शराब बरामद की गई थी। जब्त शराब को सुरक्षित तरीके से थाना परिसर में रखा गया था। न्यायालय एवं सक्षम अधिकारियों से आवश्यक अनुमति और प्रक्रिया पूरी होने के बाद शराब को विनष्ट किया गया। विनष्टीकरण की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जब्त सामग्री का मिलान संबंधित प्रकरणों के रिकॉर्ड से किया। इसके बाद नियमानुसार 310 लीटर महुआ शराब को नष्ट किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### प्राकृतिक खेती को गांव-गांव पहुंचाएंगी कृषि सखियां

**कौआकोल**। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा द्वारा चयनित कृषि सखियों के लिए 'प्राकृतिक खेती' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को जेपी आश्रम परिसर अवस्थित प्रशिक्षण भवन में किया गया। इसकी जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के साथ कृषि सखियों को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करना है। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि ग्राम निर्माण मंडल हमेशा से ग्रामीण विकास और पर्यावरण अनुकूल खेती का समर्थक रहा है। प्राकृतिक खेती केवल खेती की एक तकनीक नहीं,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य और मिट्टी की उर्वरता को सुरक्षित रखने का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली कृषि सखियां इस बदलाव की मजबूत संवाहक बनेंगी तथा गांव-गांव जाकर किसानों को रसायनमुक्त खेती के प्रति जागरूक करेंगी। कार्यक्रम संचालक अंगद कुमार ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके विभिन्न सत्रों और गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं उद्यान विशेषज्ञ शशांक शेखर सिंह ने प्राकृतिक बागवानी के लाभों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान कृषि सखियों को सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा,ताकि वे गांवों में किसानों के बीच प्राकृतिक खेती का प्रभावी प्रसार कर सकें। मौके पर पिंटू पासवान,विकास कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर बैठक

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के सहयोग से 12 सितम्बर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, नवादा में किया जाएगा, जिसकी सफलता हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ जोरों पर हैं। जिसके लिए अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, पटना के 2सितम्बर 2026 को हुई बैठक के मिनट्स के आलोक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु 8 सितम्बर 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, नवादा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा से आवश्यक विचार-विमर्श के लिए एक बैठक आहूत की गई है। बैठक में ट्रैफिक चालान वादों के निष्पादन हेतु सुलह के आधार पर निष्पादन आसानी से हो सके, साथ ही पक्षकारों को कोई असुविधा न हो, इस हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा एवं पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, नवादा के प्रतिनिधि को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि चूंकि मौसम बरसात का है, अतः पक्षकारों हेतु वाटरप्रूफ पंडाल, पक्षकारों को पीने हेतु शुद्ध जल तथा मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित की जाए।



# 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, ट्रैफिक चालानों के निपटारे पर विशेष जोर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 12 सितंबर को बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय और हिलसा स्थित सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें लंबित मुकदमों के साथ पूर्व-मुकदमेबाजी से जुड़े सुलह योग्य मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत में इस बार ट्रैफिक चालानों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय के जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार गौरव ने बताया कि ट्रैफिक चालानों के लिए 7 सितंबर से डीटीओ कार्यालय और ट्रैफिक डीएसपी कार्यालय में प्री-रजिस्ट्रेशन हेल्प डेस्क शुरू किया गया है। लोग 12 सितंबर से पहले हेल्प डेस्क पर पहुंचकर चालान संख्या, देय राशि और संभावित राहत की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशांत कुमार ने चार जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को लोक अदालत के लाभ और प्रक्रिया की जानकारी देंगे।लोक अदालत में बैंक ऋण, एलआईसी, श्रम विवाद, बिजली-पानी बिल, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, सेवा एवं सेवानिवृत्ति लाभ, राजस्व वाद, एमएसीटी, किराया, निषेधाज्ञा तथा एनआई एक्ट की धारा 138 के सुलह योग्य मामलों का निपटारा किया जा सकेगा। आपसी समझौते से दीवानी मामलों के निपटारे पर नियमानुसार जमा कोर्ट फीस वापस होने का प्रावधान है। लोक अदालत का निर्णय अंतिम होता है। प्राधिकरण ने लोगों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण माध्यम है साक्षरता : प्रो सुनीता सिन्हा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज की प्राचार्य प्रो सुनीता सिन्हा ने कहा कि साक्षरता सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण माध्यम है और अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस केवल पढ़ने-लिखने की क्षमता का उत्सव नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना का स्मरण है जो मनुष्य को अपने अधिकारों को समझने, कर्तव्यों को निभाने और अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेने की शक्ति देती है। वे शिक्षाशास्त्र (बीएड) विभाग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह दीप प्रज्ज्वलित कर उदघाटन करने के पश्चात विभिन्न तीन सत्रों के बीएड प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रही थी। विशिष्ट अतिथि थरथरी (भतहर) डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो प्रभास कुमार ने कहा कि साक्षरता शिक्षा की पहली सीढ़ी है, लेकिन शिक्षा का अंतिम लक्ष्य नहीं है। वास्तविक साक्षरता व्यक्ति को सोचने, प्रश्न करने, तर्क करने और निर्णय लेने की क्षमता देती है। अध्यक्षता करते हुए बीएड विभागाध्यक्ष सह पीपीयू सीनेट सदस्य डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि आज साक्षरता का अर्थ बहुत व्यापक हो गया है। डिजिटल युग में किसी सूचना को पढ़ लेना पर्याप्त नहीं है, यह समझना भी जरूरी है कि सूचना सही है या भ्रामक, तथ्य क्या है और अफवाह क्या है। आज के दौर में डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, स्वास्थ्य साक्षरता और मीडिया साक्षरता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। मौके पर उत्कृष्ट, समर्पित व कर्मठ शिक्षकों प्रो सुनीता सिन्हा, प्रो प्रभास कुमार, डॉ ऊषा कुमारी, डॉ अपर्णा, डॉ कीर्ति स्वराज, डॉ प्रशांत, डॉ संगीता कुमारी, डॉ अलाउद्दीन को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने उन्हें सम्मानित किया।

# आठ किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नगरनौसा**। नगरनौसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 किलो 471 ग्राम गांजा के साथ तीन लाख सत्तर हजार नकद, दो बाइक एवं एक ऑल्टो कार बरामद किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी देते हुए एएसपी रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के अधार पर एसडीपीओ 1 के नेतृत्व में नगरनौसा थाना क्षेत्र के कंचन भवन गोदाम स्थित संजय श्रीवास्तव के गोदाम में छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान तलाशी के क्रम में बोरा में छिपाकर रखा हुआ सात किलो चार सौ एखतर ग्राम गांजा के साथ थैला में रखा तीन लाख सत्तर हजार नगद बरामद किया। छापेमारी के दौरान संजय श्रीवास्तव एवं दीनानाथ प्रसाद के पास से दो मोबाइल एवं गोदाम के बाहर गांजा बिक्री के प्रयोग किये जाने वाले 2 बाइक जब्त कर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान तस्करी में सहयोगी थाना क्षेत्र के प्रेमन बिगहा गांव निवासी सुबोध कुमार के साथ एक ऑल्टो कार बरामद किया गया।उन्होंने बताया कि इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी में थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा,पुअनि संदीप कुमार, सुदेश्वर राय, सिपाही रमेश कुमार, सरस्वती कुमारी, रुकसार खातून,दिनेश कुमार, अनिकेत कुमार, शिवम कुमार, मनीष कुमार,संजीब कुमार, पूनम कुमारी शामिल थे।

# चीन में भारत का प्रतिनिधित्व कर लौटे बजरंगी का रास बिहारी स्कूल में स्वागत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। रास बिहारी इंटर विद्यालय, नालंदा के कक्षा 11वीं के छात्र बजरंगी कुमार के चीन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर लौटने पर विद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों, सहपाठियों और अभिभावकों ने फूल-माला पहनाकर तथा तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। बजरंगी की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। चीन में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में एशिया के छह देशों के खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इसमें भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना बजरंगी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। लगातार बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। बजरंगी इससे पहले हैदराबाद और नवादा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की रग्बी प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह नालंदा मोड़ का रहने वाला है। अपनी सफलता का श्रेय उसने माता-पिता, भाई और अपने कोच हितेश रंजन को दिया है। विद्यालय की प्रभारी अर्चना कुमारी ने कहा कि बजरंगी की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर उसने विद्यालय और नालंदा का नाम रोशन किया है। उन्होंने बजरंगी को भविष्य में भी इसी तरह सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर शिक्षक राकेश पांडे, दीपक कुमार, निरंजन कुमार, मृणाल कुमार, नागेंद्र प्रसाद, सरिता पांडे, नीलम कुमारी सहित अन्य शिक्षक-कर्मी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# ब्लूडार्ट एजेंट बनकर करते थे साइबर ठगी, दो गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। अस्थावां थाना क्षेत्र के गोठिया गांव में साइबर ठगी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गोठिया स्थित मुर्गी फार्म एवं अन्य संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। पूछताछ में आरोपियों ने ब्लूडार्ट का एजेंट बनकर लोगों से संपर्क करने और पार्सल डिलीवरी के नाम पर ठगी करने की बात सामने आई। आरोपी पीडितों को मोबाइल पर डायल करवाकर कॉल फॉरवर्डिंग सक्रिय कर देते थे। इसके बाद पीडित के परिचितों को संकट में फंसे होने का झांसा देकर रुपये की मांग करते थे। मामले में नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 211/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहन पटेल और मनीष कुमार दोनों निवासी गोठिया, थाना अस्थावां, नालंदा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से आठ मोबाइल बरामद किए हैं।

### पईन में डूबकर युवक की मौत

**नगरनौसा**। नगरनौसा थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के टाल खंधा में मंगलवार के दिन पइन में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान लोदीपुर गांव निवासी नवल पासवान के 26 वर्षीय पुत्र चंदन पासवान उर्फ सुबोध पासवान के रूप में की गई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहार से भेज दिया। इधर मृतक के आश्रित को पंचायत के मुखिया शंभू कुमार द्वारा कबीर अंत्येष्टि के तहत तीन हजार व पारिवारिक लाभ के तहत बीस हजार का चेक दिया।

### नगरनौसा मंडल की मासिक बैठक संपन्न

**नगरनौसा**। भाजपा नगरनौसा मंडल की मासिक बैठक मंडल कार्यालय में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार एवं पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही संत शिरोमणि की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अमरजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रणव देव, आनंद कृष्ण मुरारी सिंह, अभिषेक कांत, कृष्ण प्रसाद, मंडल मंत्री कुमारी प्रियंका सिंह, जितेन्द्र कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष कमलेश मांझी, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरुण कुमार, पंचायत अध्यक्ष चितरंजन कुमार, सुधीर पासवान, अनिल कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### करंट लगने से किशोर की मौत

**बिहारशरीफ**। एकंगरसराय नगर पंचायत मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन परिसर में सोमवार की रात टेंट लगाने के दौरान करंट लगने से 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बर्सियावां गांव निवासी सुदामा रविदास के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुजीत एक टेंट हाउस में काम करता था। सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे स्टेशन परिसर में टेंट लगाने के दौरान वह विद्युत स्पर्शाघात की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे एकंगरसराय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और शव को रेलवे स्टेशन के समीप बिहार-एकंगरसराय मुख्य पथ पर रखकर घंटों सड़क जाम कर दिया। परिजन मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग कर रहे थे।सूचना पर पुलिस निरीक्षक अमरेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष अनिल कुमार, अपर थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिंह, बीडीओ प्रतिमा निधि और सीओ विनीत व्यास मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने काफी समझा-बुझाकर जाम हटवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।घटना के बाद टेंट मालिक के फरार होने की बात कही जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### हरनौत बाजार से बाइक चोरी

**हरनौत**। चंडी मोड़ स्थित अस्पताल के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात युवक मास्टर चाबी से लॉक खोलकर चोरी कर ले गया। चोरी की पूरी वारदात पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने हरनौत थाना में शिकायत दर्ज कर पुलिस से बाइक बरामद करने और आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, 7 सितंबर की देर रात करीब 11 बजे पतासिया गांव निवासी हीरा प्रसाद के पुत्र नौलेश कुमार अपनी ब्लैक-हेवी ग्रे रंग की स्प्लेंडर बाइक से चंडी मोड़ स्थित अस्पताल पहुंचे थे। बाइक अस्पताल के सामने खड़ी कर वह अंदर चले गए। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। इसके बाद आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज में एक संदिग्ध युवक बाइक के पास पहुंचकर मास्टर चाबी से लॉक खोलता, बाइक स्टार्ट करता और लेकर जाता दिखाई दे रहा है। संदिग्ध की उम्र करीब 16 से 25 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान और बाइक की बरामदगी के लिए जांच शुरू कर दी है।

संपादकीय

# आदिवासी बच्चों की मौत पर सियासत

मप्र के बालाघाट जिले के आदिवासी बहुल इलाकों बैहर और बिरसा ब्लॉक में विगत ढाई महीने में 30 आदिवासी बच्चों की बीमारी और कुपोषण से मौत न केवल प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के सरकारी दावों की पोल खोल रही है बल्कि अब यह राजनीति का मुद्दा भी बन गया है। सरकार ने अभी तक 24 बच्चों की मौतों की पुष्टि की है। जबकि अपुष्ट आंकड़ों के मुताबिक यह संख्या 30 तक जा पहुंची है। इनमें और इजाफा होने की आशंका है। स्वास्थ्य जांच और आईसीएमआर की रिपोर्ट के अनुसार, दूरदराज के बैगा आदिवासी इलाकों में बच्चों की मौत की मुख्य वजह मलेरिया और खसरा रही है। कई बच्चे नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए थे। इसके अलावा क्षेत्र के एकमात्र 50 बेड वाले अस्पताल में क्षमता से अधिक बच्चों का इलाज हो रहा है, जिसके कारण एक एक बेड पर तीन से चार बच्चों को रखना पड़ रहा है। इस पूरे मामले में प्रशासन का रवैया बहुत संवेदनशील रहा हो, ऐसा नहीं लगता। प्रशासन भी तब जागा है, जब इस मामले में जबलपुर हाई कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ता को केवल समाचार पत्रों की खबरों के आधार पर याचिका लगाने के बजाय मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का पता लगाने और विस्तृत ग्राउंड रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। इस बीच विपक्षी कांग्रेस ने इस मुद्दे को हवा देना शुरू कर दिया है, क्योंकि मामला आदिवासियों से जुड़ा है। इन मौतों से बैगा समुदाय और स्थानीय निवासियों में भी रोष है। इन लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और 3 सितंबर को बालाघाट बंद का आह्वान भी किया था, जिसमें पीड़ित परिवारों के लिए उचित मुआवजे और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। यही नहीं, कांग्रेस ने तो इसे देशव्यापी मुद्दा बना दिया है। विगत शनिवार को 18 राज्यों के आदिवासी नेताओं ने धरना प्रदर्शन किया। इसमें मप्र के अलावा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, असम समेत अन्य राज्यों से भी आदिवासी नेता प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे। ये नेता बच्चों की मौतों से प्रभावित गांव कोरका और बोंदारी भी पहुंचे एवं राज्य सरकार पर निशाना साधा। जिनमें गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम, गोंडवाना गोंड महासभा के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष अकबर राम कोराम आदि शामिल हैं। तुलेश्वर सिंह मरकाम ने आरोप लगाया कि संवैधानिक पदों पर बैठे जिम्मेदार अपनी नैतिकता को भूल चुके हैं। इन क्षेत्रों में टीकाकरण नहीं होने से मीजल्स फैलने की सूचना प्रशासन को महीनों पहले से थी, फिर भी ठोस कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि बैगा समुदाय को केंद्र सरकार ने विशेष पिछड़ी जनजाति और राष्ट्रीय मानव का दर्जा दिया है, राष्ट्रपति और राज्यपाल संरक्षक होते हैं। इसके बावजूद उनके कल्याण के लिए आरक्षित फंड का सदुपयोग नहीं हो रहा। आदिवासी नेताओं ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस घटना को मोहन यादव सरकार की विफलता बताते हुए स्वच्छ पेयजल, उचित पोषण और समय पर इलाज जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर सवाल उठाए हैं। इसी बीच मध्य प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने इस घटना को राष्ट्रीय बैगा त्रासदी घोषित करने और मृतक बच्चों के स्वजन को एक-एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग की है। जाहिर है कि सरकार को ऐसे मामलों में ज्यादा संवेदनशील तरीके से काम करने की जरूरत है। मौतों से प्रभावित इलाके दूरदराज के हैं। वहां स्वास्थ्य सुविधाएं समय पहुंचाना सरकार की ही जिम्मेदारी है।

# कस्बाई छात्र आंदोलनों के सकारात्मक पहलू

1974 के जमाने में हम लोग नारा लगाते थे 'मारेंगे नहीं मानेंगे नहीं' 'हमला चाहे जैसा हो, हाथ हमारा नहीं उठेगा' ये वे मार्गदर्शक नैतिक और आन्दोलन के मूल्य थे जिन्होंने आंदोलनों के प्रति आम आदमी और लगभग समूचे देश को शारीरिक या मानसिक रूप से सहभागी बनाया था। पर जंतर मंतर पर जो धरना हुआ, उस धरने में शामिल कुछ लड़के और कुछ लड़कियों तक ने जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, उसके सचित्र शब्द देशभर में सोशल मीडिया में घूम रहे हैं और देखे गए हैं। लाखों करोड़ों लोगों तक वे गंदी भाषा और गंदी मानसिकता के चित्र पहुंचे हैं जिससे देश के एक बड़े हिस्से में न केवल उसकी आलोचना हुई है बल्कि सरकार और व्यवस्था को आंदोलन के खिलाफ अपने आप को सही सिद्ध करने के लिए एक तर्क भी मिला है। उस आंदोलन में 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक घटनाएँ भी हुईं और लाठियाँ भी चलीं, पैलेट गन चली, आँसू गैस चली, पथराव भी हुए आदि आदि और अब बुनियादी बातों को पीछे छोड़कर मुकदमों की वापसी की माँग या पुलिस कार्यवाही की माँग, अधिकारियों के निलंबन करने की माँग आदि माँग करने वालों के दो पक्ष विपक्ष बन गए जिसने आंदोलन की मूलभावना और आत्मा को पीछे धकेल दिया है।

दिल्ली के जून के अंत और जुलाई के आरम्भ में दिल्ली में हुए छात्रों और अन्य वामपंथी संगठनों आईसा, एसएफआई, एआईएसएफ, भीम आर्मी, आम आदमी पार्टी, सपा और अन्य दलों के छात्रों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं का मिला-जुला आंदोलन देश देख चुका है। इसे जैन जी का आंदोलन कह के प्रचारित किया गया। इस आंदोलन के विभिन्न पक्षों के बारे में और कुछ स्याह पक्षों के बारे में भी मैं पहले लिख चुका हूँ। इस आंदोलन के सफलता-असफलता आदि के बारे में देश के सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काफी चर्चा हुई है और हो भी रही है क्योकि इसके पीछे व प्रचार में वैश्विक ताकतों का भी कुछ सहयोग था। परंतु इस दिल्ली के धरने से कुछ अच्छे प्रभाव भी देश में हुए हैं और अब लोगों में यह उत्साह की भावना आई है कि अगर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे होते हैं तो सरकार को उनकी बात मानना होगी। दिल्ली के आंदोलन के समाप्ति के तत्काल बाद मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मूंग की खरीदी को लेकर किसानों ने आंदोलन किया पुलिस के लगाए गए 21 बैरिकेड तोड़कर किसान भोपाल में प्रवेश कर गए और मुख्यमंत्री को उनसे बात कर उनकी बात माननी पड़ी। इस बीच में देश के अनेक स्थानों पर छात्रों और विशेषतः स्कूली छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर ऐसे शांतिपूर्ण और अहिंसक धरना प्रदर्शन किए हैं जिनके सामने सरकार को झुकना पड़ा। जंतर मंतर के घटना क्रम के दो महत्वपूर्ण सकारात्मक पक्ष है एक-लोगों में अपने घरों से बाहर निकलने का अपनी मांगों को उठाने का साहस पैदा हुआ है और दूसरा-सरकारें भी अब इन घटनाओं के प्रति संवेदनशीलता और उदारता दिखाकर उनकी मांगों को पूरा कर रही हैं। इसके कुछ उदाहरण निम्नानुसार हैं-

1. मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के सिरोंज में बस ऑपरेटर्स द्वारा किराया 10 रुपए से बढ़ाकर 25 रुपये कर दिया गया था। इसके विरोध में स्कूल की छात्राओं ने प्रदर्शन किया। बसों के आगे खड़ी हो गईं और अंत में बस ऑपरेटर्स ने पुराने 10 रुपए की पुरानी दर को ही लागू किया।

2. राजस्थान के अलवर में स्कूल के जर्जर भवन को बदलने व्याख्याताओं की नियुक्ति आदि मांगों को लेकर विद्यार्थियों ने ग्रामीण जनों के साथ स्कूल पर तालाबंदी की और प्रदर्शन धरना किया तब लाचार होकर शिक्षा विभाग के अधकारियों ने मांगें पूरी करने का वचन दिया और तब तालाबंदी समाप्त हुई।

3. उत्तर प्रदेश के लखनऊ के जयनारायण स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राएं पर्याप्त स्कूल शिक्षक नियुक्त करने की मांग को लेकर सड़क पर बैठ गए और लंबे जाम के बाद अंततः स्कूल प्रबंधन को उनकी बात माननी पड़ी।

4. यूपी के कन्नौज में ही जवाहर नवोदय विद्यालय में बच्चों ने मूलभूत सुविधाओं शिक्षकों के दुर्व्यवहार और घटिया खाने के खिलाफ अपने आप को कमरों में बंद कर लिया तथा बाद में डीएम श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जाकर समस्याओं का हल निकाला।

5. चंडीगढ़ में भी मूक बधिर विद्यालय के छात्रों ने मूल भूत सुविधाओं और बेहतर शिक्षा की माँग को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन किया तब सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान दिया।

6. 14 अगस्त 2026 को मध्य प्रदेश के उज्जैन में सराफा स्कूल को दाऊदखेड़ी के संदीपनी विद्यालय में विलय करने के विरोध में बड़ी संख्या में छात्राएँ कलेक्टर कार्यालय पहुंची। वे जमीन पर बैठ गईं और उन्होंने नारे बाजी की। उज्जैन मुख्यमंत्री का गृह जिला है तथा यह नीति मध्य प्रदेश सरकार ने ही बनाई थी कि 12 किमी भीतर के स्कूलों को संदीपनी विद्यालयों में विलय कर दिया जाए। आज कल सरकारें केवल प्रचार के लिए काम करती हैं और दिखावा करती हैं। कुछ ऐसे धार्मिक नामों का इस्तेमाल करती हैं कि जिससे वे धार्मिक सिद्ध हो जायें। मध्य प्रदेश में संदीपनी विद्यालय सरकार ने इस आधार पर शुरू किए हैं कि संदीपनी आश्रम में भगवान श्री कृष्ण रहे थे और उनका शिक्षण हुआ था। अब इसके माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार यह प्रदर्शित करना चाहती थी कि ये कृष्ण भक्त सरकार है और यादव समाज भगवान कृष्ण को यादव मानता है क्योंकि जब उन्हें कंस के द्वारा उनकी हत्या के भय से उनके पिता भीषण बारिश में रात्रि में सिर पर टोकरी रख कर यमुना पार कर नंद के यहाँ लाए थे जहाँ उनका पालन पोषण हुआ था, वे नंद यदुवंशी थे। इसलिए उन्हें कृष्ण का पिता जैसा ही माना जाता है और इसलिए यादव भाई कृष्ण को यदुवंशी मानते हैं। हालाकि कृष्ण राजा के वंशज और क्षत्रिय थे। सरकार ने जो संदीपनी विद्यालय बनाये उनमे आस पास के 12 किमी के स्कूलों के विलय करने का निर्णय किस तर्क से किया यह समझ से परे है। क्योंकि यथासंभव स्कूल तो छात्रों के लिए उनके घर के समीप होने चाहिए और सरकार को उन ग्रामीण स्कूलों की व्यवस्था ठीक करनी चाहिए परंतु सरकार ने ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी, छात्राओं के आवागमन के लिए सड़कों की कमी आदि को पूरा करने से बचने के लिए यह संदीपनी विद्यालय के नाम का जुमला फेंका था। उज्जैन की जिन छात्राओं ने 14 अगस्त को स्वाधीनता दिवस की पूर्व बेला में अपने स्कूल चार धाम हरि सिद्धि रोड पर स्थित कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय सराफा से कलेक्ट्रेट तक की पैदल यात्रा की और उन्होंने एडीएम जो उन्हें रोकने के लिए आए थे, से कहा कि श्अगर हमारा स्कूल यथावत नहीं रहेगा तो हमारी पढ़ाई समाप्त हो जाएगी और हम पढ़ नहीं सकेंगे। अभी भी सराफा उच्च माध्यमिक विद्यालय में 10 किमी के क्षेत्र की बच्चियाँ पढ़ने के लिए आती हैं और जहाँ नया संदीपनी स्कूल दाऊदखेड़ी में बनाया जा रहा है वह सराफा स्कूल से 12 किमी दूर है। बच्चियों को बहलाने को अधिकारियों ने निरर्थक दिखावे का प्रयास किया परंतु बच्चियों ने उनकी बात नहीं मानी तथा 3 घंटे के धरने के बाद संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह के निर्देश पर जब जिला शिक्षा अधिकारी ने लिखकर दिया तब छात्राओं ने अपना धरना समाप्त किया। इस दौरान 3 छात्राएं बेहोश भी हुईं परंतु किसी भी छात्रा ने न अधिकारियों के लिए, न शासन के लिए किसी गाली का इस्तेमाल किया न कोई तोड़ फोड़ की न पुलिस से कोई झगड़ा किया। बस केवल शांति पूर्ण नारे लगाए बातचीत की, तर्क किये और अधिकारियों के द्वारा लिखित दिए जाने तक अपने धरने को शांतिपूर्ण ढंग से चलाया। इन छात्राओं के साथ अनेकों छात्राओं के अभिभावक भी चिंता में उनके साथ-साथ पहुंचे थे। दिल्ली के जंतर मंतर के धरने के बाद जो 6 घटनाएं लखनऊ, अलवर, चंडीगढ़, कन्नौज, विदिशा और उज्जैन की मैंने ऊपर बताई हैं, इन सारी घटनाओं में गाली का कोई शब्द इस्तेमाल नहीं किया गया, कोई हिंसा नहीं हुई, पुलिस या अधिकारियों से इधर या उधर से कोई मारपीट नहीं हुई। बस केवल शांति पूर्ण और अहिंसक ढंग से याने गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया गया और जिसमें लगभग हर आंदोलन में सफलता मिली है।

यह भी एक तथ्य है कि इन आंदोलनों के आधार या कारण तार्किक थे। दरअसल, दिल्ली में धरना देने वाले छात्रों, वामपंथी संगठनों या अन्य राजनैतिक दलों या भीम सेना, सपा, आप, कांग्रेस और अन्य दलों के छात्र नेताओं को और राजनैतिक दल के आंदोलन करने वालों को इन छात्रों या बच्चीओं से आंदोलन करना सीखना चाहिए। इनमें अधिकांश छात्रायें थीं और उन्होंने महात्मा गांधी, डॉ लोहिया और जयप्रकाश नारायण के आंदोलन के नैतिक आदर्श का पालन किया। 1974 के जमाने में हम लोग नारा लगाते थे 'मारेंगे नहीं मानेंगे नहीं' 'हमला चाहे जैसा हो, हाथ हमारा नहीं उठेगा' ये वे मार्गदर्शक नैतिक और आन्दोलन के मूल्य थे जिन्होंने आंदोलनों के प्रति आम आदमी और लगभग समूचे देश को शारीरिक या मानसिक रूप से सहभागी बनाया था। पर जंतर मंतर पर जो धरना हुआ, उस धरने में शामिल कुछ लड़के और कुछ लड़कियों तक ने जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, उसके सचित्र शब्द देशभर में सोशल मीडिया में घूम रहे हैं और देखे गए हैं। लाखों करोड़ों लोगों तक वे गंदी भाषा और गंदी मानसिकता के चित्र पहुंचे हैं जिससे देश के एक बड़े हिस्से में न केवल उसकी आलोचना हुई है बल्कि सरकार और व्यवस्था को आंदोलन के खिलाफ अपने आप को सही सिद्ध करने के लिए एक तर्क भी मिला है। उस आंदोलन में 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक घटनाएँ भी हुईं और लाठियाँ भी चलीं, पैलेट गन चली, आँसू गैस चली, पथराव भी हुए आदि आदि और अब बुनियादी बातों को पीछे छोड़कर मुकदमों की वापसी की माँग या पुलिस कार्यवाही की माँग, अधिकारियों के निलंबन करने की माँग आदि माँग करने वालों के दो पक्ष विपक्ष बन गए जिसने आंदोलन की मूलभावना और आत्मा को पीछे धकेल दिया है।

एक और महत्वपूर्ण सवाल पर विचार करना होगा कि दिल्ली के जंतर मंतर के आंदोलन जिसमे दिल्ली के उच्च शिक्षित विद्यार्थी जो देश और विदेश के पढ़े हैं जिनकी शिक्षा और जीवन शैली कोरियन और पश्चात संस्कृति से प्रभावित है। जो आमतौर पर अंग्रेजी भाषी हैं और इंस्टाग्राम मीम और रील्स जैसी तकनीकों के विशेषज्ञ ज्ञाता हैं, उसी में जीते हैं, जिनके विदेशों से भी बड़ी मात्रा में फंडिंग प्राप्त होती है और इनके अन्य प्रकार के संपर्क हैं। उनकी भाषा में इतनी गंदगी और हिंसा क्यों थी? दरअसल, हमारे देश में जो बड़ी-बड़ी उच्च शिक्षण संस्थाएं बन रही हैं और बड़े बड़े विश्वविद्यालयों के छात्र हैं जेएनयू, डीयू आदि आदि इनका जीवन और उसकी शैली अब भारतीय संस्कारों से यहाँ तक कि अपनी पारिवारिक संस्कारों से भी पूर्णतः कट चुकी हैं। जंतर मंतर के धरने में तो समलैंगिक लेस्बियन समूह भी शामिल थे और जो अपनी शारीरिक आजादी की एक नए प्रकार की विकृत व्याख्या दे रहे थे। यह हमारे देश की शीर्ष उच्च शिक्षा की असलियत है और दूसरी तरफ वे क़स्बाई और ग्रामीण स्कूल हैं जहाँ की बच्चियों के ये संस्कार हैं कि वे न रोती हैं, न हमला करती हैं न अपशब्द बोलती हैं न विकृत प्रदर्शन करती हैं और शांतिपूर्ण गांधीवादी तरीके से अपना पक्ष प्रस्तुत करती हैं और सफलता हासिल करती हैं। इनके सामने पुलिस प्रशासन और शासन भी नतमस्तक होने को लाचार हो जाता है।

अध्यात्म

## जीवन बहुमूल्य है, इसके हर एक पल को उत्साह और खुशी के साथ जीना चाहिए



पुराने समय में एक राजा अपने मंत्री की किसी बात से बहुत नाराज हो गया। उसने मंत्री को फांसी पर चढ़ाने की सजा दे दी। राजा ने सैनिकों से कहा कि जाओ आज शाम मंत्री को फांसी पर लटकाना है, इसकी सूचना मंत्री को दे आओ।

राजा के सैनिक मंत्री के घर के पहुंचे। सभी ने घर को चारों ओर से घेर लिया और कुछ सैनिक घर के अंदर गए। वहां मंत्री और उसके रिश्तेदार, मित्र उत्सव मना रहे थे। क्योंकि मंत्री का जन्मदिन था।

सैनिकों ने मंत्री और वहां सभी लोगों को राजा का आदेश बताया। ये सुनते ही सभी उदास हो गए। लेकिन, मंत्री ने सभी को समझाया कि हमारे आज शाम तक का तो समय है ही, हमें हर एक पल को उत्साह के साथ जीना चाहिए।

मित्र और परिवार के लोग निराश थे, लेकिन मंत्री की बात मानकर फिर से उत्सव मनाने लगे। ये बात सैनिकों ने राजा को बताई तो राजा भी आश्चर्यचकित रह गया। उसने तुरंत ही मंत्री को बुलवाया।

राजा ने मंत्री से कहा कि क्या तुम पागल हो गए हो, आज शाम तुम्हें फांसी पर लटका दिया जाएगा और तुम उत्सव मना रहे हो। मंत्री ने कहा कि राजन् आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने मुझे शाम तक समय तो दिया। अब मैं शाम तक अपने परिवार के साथ रह सकूंगा। अगर मैं निराश होकर बैठ जाऊंगा तो परिवार के साथ रहने का ये समय बर्बाद हो जाएगा। इसीलिए मैं शाम तक का एक-एक पल उत्साह और खुशी के साथ ही बिताना चाहता हूं।

ये बात सुनकर राजा बहुत खुश हुआ। उसने सोचा कि जो व्यक्ति जीवन के हर एक पल की कद्र करता है, उसे मृत्युदंड देना उचित नहीं है। उसने मंत्री की सजा माफ कर दी।

### सीख

हमें जीवन के पल-पल का मूल्य समझना चाहिए। निराशा से बचें और खुश होकर जीवन जीना चाहिए।

# बदलते सामाजिक प्रतिमान

इसी माह अगस्त में उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की कुछ बेहद दुखद और चिंताजनक खबरें सामने आई हैं। उत्तर प्रदेश के महोबा के एक गांव में 19 वर्षीय आईटीआई छात्र अभय मिश्रा ने परीक्षा देकर लौटने के कुछ ही घंटों बाद फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। उसके कुछ दोस्त पैसों के लेनदेन को लेकर उस पर अत्यधिक मानसिक दबाव बना रहे थे और उसे डरा-धमका रहे थे। आईआईटी दिल्ली के कैंपस में 31 वर्षीय एमएससी फिजिक्स के छात्र ऋषिकेश कुमार ने लेक्चर हॉल परिसर की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही और प्रशासनिक खामियों जैसे आरोप लग रहे हैं. आईआईटी खड़गपुर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 18 वर्षीय छात्र की कैंपस की इमारत की तीसरी मंजिल से गिरने (संदिग्ध आत्महत्या) के कारण मौत हो गई। जिसे मानसिक तनाव और व्यवहार में बदलाव का परिणाम माना जा रहा है।

परिवार जिसे बच्चे की प्रथम पाठशाला कहा जाता है जहाँ उसके अस्तित्व को एक पहचान मिलती है, जीवन जीने के लिए तैयार किया जाता है, संघर्षो से लड़ने की शिक्षा दी जाती है और एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास किया जाता है, वही परिवार आज अपने बच्चों को आत्महत्या करने से रोकने में असमर्थ नजर आते हैं। संभवतः परिवारों ने अपनी भूमिका का उचित ढंग से निर्वाह करना छोड़ दिया है या फिर बच्चों को डिजिटल मीडिया के सहारे छोड़ दिया है। आज के इस भौतिकतावादी समाज में परिवार, विवाह, नातेदारी, धर्म, विश्वास, समाज और यहाँ तक कि राज्य भी सब किसी न किसी प्रकार के जोखिम का सामना कर रहे हैं। ऐसे में एक आदर्श समाज या सभ्य समाज की स्थापना दूर की कौड़ी नजर आने लगा है।



इसी माह अगस्त में उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की कुछ बेहद दुखद और चिंताजनक खबरें सामने आई हैं। उत्तर प्रदेश के महोबा के एक गांव में 19 वर्षीय आईटीआई छात्र अभय मिश्रा ने परीक्षा देकर लौटने के कुछ ही घंटों बाद फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। उसके कुछ दोस्त पैसों के लेनदेन को लेकर उस पर अत्यधिक मानसिक दबाव बना रहे थे और उसे डरा-धमका रहे थे। आईआईटी दिल्ली के कैंपस में 31 वर्षीय एमएससी फिजिक्स के छात्र ऋषिकेश कुमार ने लेक्चर हॉल परिसर की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही और प्रशासनिक खामियों जैसे आरोप लग रहे हैं। आईआईटी खड़गपुर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 18 वर्षीय छात्र की कैंपस की इमारत की तीसरी मंजिल से गिरने (संदिग्ध आत्महत्या) के कारण मौत हो गई। जिसे मानसिक तनाव और व्यवहार में बदलाव का परिणाम माना जा रहा है।

ग्लोबल आईआईटी एलुमिनाई सपोर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2021 से दिसंबर 2025 के बीच केवल आईआईटी संस्थानों में ही कम से कम 65 छात्रों ने अपनी जान दी। इन 65 में से 30 मौतें केवल 2024 और 2025 में दर्ज की गईं। पिछले 20 सालों (2004 से 2025) में आईआईटी संस्थानों के अंदर ही 160 से अधिक छात्रों की आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 69 मामले पिछले 5-6 सालों के हैं। जुलाई 2023 में शिक्षा मंत्रालय ने संसद में 2018 से जुलाई 2023 के आंकड़े पेश किए थे जिनमे आईआईटी के 39, एनआईटी के 25 और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के 25 एवं आईआईएम, आईआईएसइआर के 9 छात्रों ने आत्महत्या की।

विशेषज्ञ इन आत्महत्याओं के लिए ब्लैकमेलिंग, पढ़ाई-परीक्षा और करियर के लिए मानसिक और शैक्षणिक दबाव को, संस्थानों में उचित काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी या फिर अकेलेपन को जिम्मेदार मानते हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि ये आंकड़े उन बच्चों के हैं जो इस देश के उच्च रैंकिंग वाले शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे थे जहाँ पहुंचने के लिए इन्होंने अपने जीवन के कितने महत्वपूर्ण वर्षों को लगा दिया, अपना बचपन भी ढंग से एन्जॉय नहीं किया होगा, अपनी मन चाहे लक्ष्य को पाने के बाद कोई तनाव या मानसिक दबाव में कैसे और क्यों आया? और अगर तनाव हुआ भी तो इतना कि उन्होंने खुद को उस स्थिति से बाहर निकालने या उस चुनौती का सामना करने से बेहतर आत्महत्या करना चुना।

इन घटनाओं के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ परिवार, समाज और प्रशासन भी बराबर का हिस्सेदार है। परिवार ने संघर्ष करना नहीं सिखाया, चुनौतियों का सामना करना नहीं सिखाया सब कुछ तैयार करके उनके हाथ में दे दिया। बच्चे पर केवल अच्छा कैरियर बनाने का दबाब डाला जाता है क्योंकि बच्चे का कैरियर परिवार की प्रतिष्ठा और सम्मान को निर्धारित करता है। शिक्षण संस्थान प्रतियोगिता पर बल देते हैं बच्चे की रूचि या योग्यता पर नहीं। उसकों एक अंधी दौड़ में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करते हैं न कि उसके व्यक्तित्व व चरित्र का निर्माण करने के लिए। प्रशासन इन घटनाओं के घटित होने के बाद उनकी जाँच करवा कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड लेता है। इन आंकड़ों को देखकर समस्या की अनदेखी का पता चलता है।

दूसरी तरफ वर्तमान युवा और किशोर पीढ़ी जो तेजी से विकसित होती टेक्नोलॉजी में इतनी खो गयी है कि उसे जीवित इंसान या भावनात्मक रिश्ते दिखाई नहीं देते। टेक्नोलॉजी ने इस पीढ़ी को मशीन/रोबोट में बदल दिया है, जिसके पास भावनाए नहीं हैं जो अत्यंत व्यक्तिवादी होता जा रहा है। समाजशास्त्री ज़िमरमैन ने परिवार में होने वाले परिवर्तनों के चक्र को तीन चरणों में प्रस्तुत किया है- ट्रस्टी परिवार, घरेलू परिवार और परमाणु परिवार। उनके अनुसार ट्रस्टी परिवार उस स्थिति को व्यक्त करता है जहाँ परिवार राज्य-जैसे कार्य करता है जो परिवार के सदस्यों को नियंत्रित करने और उनकी देखरेख करने के लिए अपनी शक्ति का प्रयोग करता है। दूसरा, घरेलू परिवार राज्य और समाज के बीच संतुलन स्थापित करता है। और तीसरा, परमाणु परिवार जिसमे नियंत्रण की कमी और राज्य की मजबूत स्थिति और समाज में व्यक्तिगत विचारों का प्रसार होता है। जहाँ पति, पत्नी और बच्चे शामिल तो होते हैं लेकिन उनके बीच के संबंध परिवार का अर्थ स्पष्ट नहीं करते हैं, जैसा कि पहले होता था।

इस नयी मीडिया संस्कृति ने युवा पीढ़ी में ऐसा भ्रम पैदा किया है कि वे इंटरनेट को अपनी तमाम समस्याओं का समाधान कर्ता मानने लगे हैं, इसलिए अब उन्हें परिवार या अन्य रिश्तों की आवश्यकता नहीं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बातचीत में तेजी और पैसों की देखभाल करना होगा। आज पैसों की स्थिति को लेकर मन में नया उत्साह रहेगा। किसी रुके हुए काम या कमाई के रास्ते को लेकर बात आगे बढ़ सकती है।

**वृषभ**
आज अपनी पुरानी बचत को बचाकर रखना ही आपकी पहली सोच होनी चाहिए। बिना वजह का कोई जोखिम न लें। घर के जरूरी सामान या निजी काम पर कुछ खर्चा हो सकता है।

**मिथुन**
आज नए विचार और काम की फुर्ती दिखेगी। पैसों की चिंता मिटाने और कमाई बढ़ाने के कई विचार मन में आएंगे। हर नए विचार पर तुरंत पैसा लगाना ठीक नहीं रहेगा।

**कर्क**
आज का दिन पैसों के मामले में राहत और नई उम्मीद लेकर आया है। आप अपने और परिवार के कल को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाएंगे।

**सिंह**
आज का दिन अपनी आर्थिक स्थिति और जरूरतों पर ध्यान रहेगा। हैं। खुद को अच्छा महसूस कराने या रहन-सहन पर खर्च करने का मन हो सकता है।

**कन्या**
आज खर्चों की जांच और पेंडिंग काम का निपटाने का दिन है। आज अपने लेन-देन की पुरानी आदतों को देखने का दिन है। छोटे-छोटे कई ऐसे खर्चे सामने आ सकते हैं जो जेब पर बोझ डाल रहे थे।

**तुला**
आज लेन-देन में तालमेल और संबंधों से फायदा मिलेगा। खरीदारी, बिल चुकाने या किसी से हिसाब तय करने के लिए दिन अच्छा है।

**वृश्चिक**
आज सांझा धन, कर्ज या पुराने बकायों को ध्यान से देखना होगा। पैसों को लेकर मन में कोई दबाव बने तो घबराकर कोई गलत फैसला न लें।

**धनु**
आज कमाई के नए रास्ते और टीम का साथ मिलेगा। आने वाले दिनों में कमाई कैसे बढ़ाई जाए, इसी बात का विचार मन में चलेगा। व्यापार, यात्रा या नए लोगों से जुड़कर कमाई का कोई रास्ता मिल सकता है।

**मकर**
आज नियम से बचत और पैसों का सही हिसाब रखना ही आपको किसी भी तंगी से बचाएगा। दफ्तर या काम से जुड़े खर्च सामने आ सकते हैं। पुराना उधार या भुगतान निपटाने पर ध्यान दें।

**कुंभ**
आज सतर्कता से निवेश और नई सोच के साथ बढ़े। अचानक ज्यादा पैसा कमाने का मन हो सकता है। कम समय में दोगुना फायदा देने वाले दावों से बिल्कुल दूर रहें।

**मीन**
आज पैसों के मामले में अब थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। पुरानी फिजूलखर्ची को रोकने का इशारा कर रहे हैं। फालतू खर्चों पर रोक लगाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा देवी महिला महाविद्यालय में अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में Oaly IAS Physics Wallah के सहयोग से एक विशेष अवेयरनेस सेमिनारई का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर निर्माण एवं भविष्य की संभावनाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरूआत एप्टीट्यूड टेस्ट से हुई। यह परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों पर



आधारित थी। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर श्यामा राय द्वारा छात्राओं के बीच अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं, परीक्षा की रणनीति, प्रश्नों को समझने की प्रक्रिया, समय-प्रबंधन तथा परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सावधानियों एवं रणनीतियों के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ. उर्वशी गौतम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ. शिखा, डॉ. जागृति आनंद, प्रॉक्टर डॉ. बिधुबाला, प्रोफेसर प्रमांशी जयदेवा एवं डॉ. अनीता श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### गंगा की तेज धारा में डूबने से दो लोगों की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के कसहा दियारा और राजेश नगर में गंगा के तेज बहाव के कारण आई बाढ़ के पानी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। दोनों घटनाएं अलग-अलग स्थानों पर हुईं।जानकारी के अनुसार, राजेश नगर में स्नान करने के दौरान 8 वर्षीय किशोरी सनाया कुमारी, पिता रोहित कुमार, गंगा के पानी में डूब गई। हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़ भेज दिया है। वहीं, कसहा दियारा में महेश सिंह निषाद के 23 वर्षीय पुत्र की भी बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया गया कि युवक शौच के लिए गया था, इसी दौरान वह तेज बहाव की चपेट में आ गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई कर रही है।लगातार बढ़े बाढ़ के पानी और गंगा की तेज धारा के बीच हुई इन घटनाओं से इलाके में चिंता का माहौल है।

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोटरसाइकिल से बाजार जाने के दौरान 22 वर्षीय युवक मोहम्मद शाहनवाज पिता मोहम्मद खुर्शीद वाजिदपुर निवासी गिर गंभीर रूप से जख्मी हो गया युवक के माथे के पिछले हिस्से में ज्यादा चोट होने पर चलते कान से ब्लड आने पर बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल मैं प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर अजय कुमार ने युवक को पटना रेफर कर दिया एंबुलेंस के माध्यम से युवक को गंभीर भारत में पटना ले जाया गया।

### बदमाशों ने काटा 2 लाख का बिजली केबल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ में अज्ञात अपराधियों ने सलालपुर फीडर का 20 पोल विद्युत केबल काट कर चोरी कर लिया। घटना दाहौर गांव के टाल एरिया में हुई है। बिजली विभाग के अनुसार 19 सपैन का एलटी केबल चोरी हुआ है जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए है। इस संबंध में जूनियर इंजीनियर राजेश रविदास ने बाढ़ थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। लेकिन सुराग नहीं लगा है ।वहीं दूसरी तरफ भटगांव में सीताराम सिंह के निमार्णाधीन मकान से 87 हजार रुपए का लोहे का तार अपराधियों ने चोरी कर लिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई है।

### धोखाधड़ी करने के आरोप में कर्मचारी पर केस

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के कचहरी एरिया में धनामा गांव निवासी गणेश कुमार के चप्पल जूते की दुकान में कर्मचारी ने धोखाधड़ी कर करीब सवा दो लाख रुपए का गवर्न कर लिया। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने जब पूछताछ की तो उसे कर्मचारी ने जान मारने की धमकी दी। पीड़ित गणेश कुमार ने बताया कि कर्मचारी अभीरंजन ने धोखाधड़ी के रुपए से अपनी अलग दुकान खोल ली है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

### शराब के नशे में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़िता के आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने थाने में दिए आवेदन में बताया है कि शाम करीब 7 बजे वह सरकारी चापाकल पर पानी लाने गई थी।

# पुनपुन में पिंडदान स्थल डूबा, कई वार्ड बने टापू, घरों में घुसा ढाई फीट पानी







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदिगंगा के नाम से प्रसिद्ध पुनपुन नदी इस बार अपने सबसे भयावह रूप में है। लगातार हो रही बारिश के बाद नदी उफान पर है। हालांकि सोमवार से जलस्तर में स्थिरता आई है और पानी बढ़ नहीं रहा, लेकिन जो पानी शहर में घुस चुका है उसने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। सबसे ज्यादा असर पुनपुन के अंतरराष्ट्रीय पिंडदान स्थल पर पड़ा है। जहां पितृपक्ष में देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु पिंडदान के लिए पहुंचते हैं, वह पूरा घाट आज बाढ़ के पानी में डूबा हुआ है। सीढ़ियां पानी में समा गई हैं, पिंडदान वेदी तक पानी पहुंच गया है। पंडा समाज के लोगों का कहना है कि इस बार पिंडदान स्थल पर इस तरह पानी चढ़ने से पूजा-पाठ में भारी व्यवधान हो रहा है।

**वार्ड नंबर 1 से 6 तक पानी ही पानी**

पुनपुन नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6, 5 7 सहित कई वार्डों की स्थिति नारकीय बनी हुई है। गलियों में करीब 2 से ढाई फीट तक बाढ़ का पानी बह रहा है। घरों के आंगन, रसोई तक पानी घुस गया है। वार्ड 6 की रूबी देवी कहती हैं, तीन दिन से घर में बच्चे छत पर हैं, निकलना मुश्किल है। वहीं सोनी देवी, सरिता देवी, राजेश कुमार, मनोज कुमार ने बताया कि सुबह दूध, राशन और दवा के लिए भी घुटने भर पानी में जाना पड़ रहा है। बिजली गुल होने से सांप-बिच्छू का डर और बढ़ गया है।

**प्रशासन अलर्ट, लक्ष्मण झूला सील**

जिला प्रशासन ने घाट से सटे सभी वार्डों में मुनादी कराकर लोगों को अलर्ट रहने को कहा है। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए पुनपुन के प्रसिद्ध लक्ष्मण झूला को सुरक्षा कारणों से सील कर दिया गया है और वहां पुलिस बल तैनात किया गया है। बैरिकेडिंग लगाकर लोगों के जाने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। एसडीएम ने बताया कि जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। राहत टीम और नावें तैयार हैं। हालांकि जलस्तर स्थिर होने से बड़ी राहत है, लेकिन अगर फिर बारिश हुई तो स्थिति और बिगड़ सकती है। फिलहाल पूरा पुनपुन शहर बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहा है और लोग पानी उतरने का इंतजार कर रहे हैं।

## एक तरफ आफत, दूसरी तरफ वाटर पार्क! पुनपुन में बाढ़ के पानी में मस्ती कर रही नई पीढ़ी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुनपुन में बाढ़ ने जहां एक तरफ लोगों के लिए आफत खड़ी कर दी है, वहीं दूसरी तरफ यही बाढ़ का पानी बच्चों और युवाओं के लिए वाटर पार्क बन गया है। शहर के डूबे हुए वार्डों में अजब नजारा देखने को मिल रहा है - कोई तैराकी कर रहा है, तो कोई ट्यूब पर बैठकर मस्ती कर रहा है। दरअसल, पुनपुन नदी में आई बाढ़ से पांच पंचायतों के अलावा पुनपुन शहर के वार्ड नंबर 1 से लेकर वार्ड नंबर 6 तक पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। घरों से निकलना मुश्किल है। लेकिन 1976, 1986 और 2019 के बाद 2026 में आई इस बड़ी बाढ़ को नई पीढ़ी पहली बार देख रही है। उनके लिए यह आफत से ज्यादा एक नया अनुभव बन गया है।दोपहर होते ही डूबी



हुई गलियों में बच्चों की टोली जमा हो जाती है। कोई गली को स्विमिंग पूल बनाकर गोता लगा रहा है, तो कोई प्लास्टिक के ड्रम को नाव बनाकर घूम रहा है। युवाओं ने तो इसे 'देसी वाटर पार्क' का नाम ही दे दिया है। वार्ड नंबर 3 के एक युवा ने हंसते हुए कहा, सर, पानी तो परेशानी है, लेकिन क्या करें? घर में बैठे-बैठे बोर हो गए, तो सोचा इसी पानी में थोड़ी मस्ती ही कर ली जाए। हालांकि बुजुर्गों के चेहरे पर चिंता साफ है, लेकिन बच्चों की यह मस्ती बाढ़ की भयावह तस्वीर के बीच एक अलग ही कहानी बयां कर रही है। बहरहाल पुनपुन नदी का रौद्र रूप अब शांत पडने लगा है सोमवार से बढ़ता हुआ जल स्तर स्थाई होने लगा है जिससे पुनपुन वासियों ने राहत की सांस ली है।

## बाढ़ पीड़ितों का दर्द : पुनपुन की पांच पंचायतें बनीं जल-कैदी

**एक नाव के सहारे कट रही जिंदगी**

शशि तुलस्यान

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पुनपुन प्रखंड में पुनपुन नदी का कहर जारी है। प्रखंड के पांच पंचायत बाढ से प्रभावित है।ऐसे में बड़की सपाहुआ, छोटकी सपाहुआ, उड़ान टोला, मुस्तफापुर के दर्जनों टोले पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं। सैकड़ों परिवार पिछले कई दिनों से जल-टापू पर जिंदगी जीने को मजबूर हैं। चारों तरफ कमर से लेकर सीने भर पानी, घरों में घुसा सड़ांध मारता पानी और ऊपर से छत टपकने का डर, बाढ़ पीड़ितों का दर्द बयां करने के लिए यही काफी है। नाव के सहारे मुख्य सड़क से करीब 4 किलोमीटर अंदर गांव में पहुंची तो नजारा दिल दहला देने वाला था। पूरा गांव एक बड़े तालाब में तब्दील हो चुका था। कहीं खपरैल घर आधा डूबा था तो कहीं पक्के मकान के दरवाजे तक पानी पहुंच गया था। लोग अपने ही घर की छत, मचान और ऊंचे स्थानों पर परिवार के साथ शरण लिए हुए हैं।





**एक नाव, 5 टोले और सैकड़ों जिंदगियां**

ग्रामीणों का सबसे बड़ा दर्द है - नाव की कमी। पूरे 5 टोलों के लिए मात्र एक सरकारी नाव मिली है। सुबह होते ही उस एक नाव पर 30 से 40 लोग जान जोखिम में डालकर सवार होते हैं। कोई दवा लेने शहर जाता है, कोई बच्चों के लिए दूध-राशन लाने, तो कोई मजदूरी की तलाश में। शाम होते-होते फिर उसी नाव से वापस लौटना पड़ता है। अगर कोई बीमार पड़ जाए तो रात में नाव नहीं मिलने से भगवान भरोसे ही रहना पड़ता है। ग्रामीणों ने हाथ जोड़कर कहा - सरकार कम से कम 2-3 नाव और दे देती तो हमारी जान बच जाती। बाढ़ पीड़ित सरिता देवी आंखों में आंसू लेकर कहती हैं, "पांच दिन से चूल्हा नहीं जला है। घर में पानी घुस गया है, अनाज भीग गया है। रात होते ही घुप्प अंधेरा हो जाता है, बिजली 4 दिन से कटी है। सांप-बिच्छू का डर अलग। मालती देवी, रश्मि देवी और रुक्मिणी देवी ने कहा कि दिया-सलाई और मोमबत्ती तक नहीं है। छोटे-छोटे बच्चे रात भर अंधेरे में रोते हैं। सामुदायिक किचन चल रहा है यह अच्छी बात है, मेडिकल टीम भी आ रही है, लेकिन जब तक नाव नहीं होगी हम किचन तक कैसे पहुंचेंगे। पूर्व मुखिया द्वारिका पासवान ने बताया कि यहां के लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं क्योंकि यह निचला इलाका है और हर साल बाढ़ आती है, लेकिन स्थायी निदान नहीं हुआ।पंचायत समिति सदस्य अमर कुमार ने आक्रोश जताते हुए कहा, चुनाव के समय यही नेता वोट मांगने के लिए नाली-नाला में घुसकर घर-घर आते थे, पैर पकड़ते थे। आज जब पूरा गांव डूबा है तो कोई नेता गांव के अंदर नहीं आ रहा। सब मुख्य सड़क से ही फोटो खिंचवाकर चले जा रहे हैं।जब टीम गांव पहुंची तो एक बुजुर्ग महिला ने कहा, "बबुआ पहली बार कोई मीडिया वाला हमारे टोले में आया है। आप ही सरकार तक हमारा दर्द पहुंचा दीजिए। हमको कुछ नहीं चाहिए, बस थोड़ा उजाला और आने-जाने के लिए नाव दे दीजिए। बहरहाल अनुमंडल प्रशासन के द्वारा समुदाय रसोईघर और मेडिकल कैंप की व्यवस्था दी गई है जरूरतमंदों को पॉलीथिन शीट का वितरण किया गया है।

## साक्षरता सतत एवं समावेशी विकास की आधारशिलाः प्रो. शांडिल्य

**अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर टी.पी.एस. कॉलेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2026 के अवसर पर टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा कौटिल्य सभागार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की आधिकारिक थीम 'Literacy for People, the Planet and Prosperity' निर्धारित की गई है। प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने की क्षमता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें जागरूकता, विवेकपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साक्षरता लोगों को सशक्त बनाने



के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा सतत विकास एवं समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान का उपयोग समाज के कल्याण, पर्यावरण संरक्षण तथा एक समावेशी एवं सतत भविष्य के निर्माण में करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुशोवन पलाधी ने किया। डॉ. शशि प्रभा दुबे ने साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे व्यक्ति के सशक्तीकरण तथा जागरूक एवं उत्तरदायी समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इतिहास विभाग के डॉ. प्रशांत कुमार एवं रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. उमेश कुमार ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण शोध-पत्रिका 'Natural Science Today' का विमोचन रहा।

## बीमा सलाहकारों का काम होगा आसान, ग्राहकों को मिलेगी बेहतर डिजिटल सेवा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्राहकों के लिए सही बीमा प्लान चुनने से लेकर पॉलिसी लेने और बाद में सेवा पाने तक का सफर आसान होना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाते हुए, 'आईसीआईसीआई लाइफ पार्टनर स्टैक 2.0' लॉन्च किया है। इससे एडवाइजर और कंपनी के साथ काम करने वाले पार्टनर्स को ग्राहकों की जरूरत समझने, सही प्लान बताने, कोटेशन बनाने और डिजिटल तरीके से सेवा देने में आसानी होगी। इस नए प्लेटफॉर्म में एआई की मदद से काम करने वाले कई टूल्स पेश किए गए हैं। ईकोट ऐप ग्राहक की जरूरत और उसकी जिंदगी के अलग-अलग पड़ाव के हिसाब से सही बीमा प्लान सुझाने में मदद करता है।

## अचलेश्वर महादेव: जहां शिवलिंग नहीं, शिव के दाएं पैर के अंगूठे की होती है पूजा

**काफी रहस्यमयी मंदिर है ये**

**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां और हिलसा से जुड़े शिक्षाविद सह वरीय मीडिया कर्मी डॉ. राजीव नयन और उनकी अर्धांगनि नीतू नयन,पुत्र अविरल नयन,पुत्री शिवानी सुमन मंगलवार को हिलसा से नई दिल्ली होते माउंट आबू पहुंचकर रहस्यमयी अचलेश्वर मंदिर के दर्शन कर बिहार व नालंदा की उन्नति और जल-जीवन-हरियाली के कायम रहने की कामना की। भारत में हजारों शिव मंदिर हैं, पर माउंट आबू का अचलेश्वर महादेव मंदिर सबसे अलग और पुरातन है। यहाँ भगवान शिव के शिवलिंग की नहीं, बल्कि उनके दाहिने पैर के अंगूठे की पूजा होती है।



मान्यता है कि यह स्थान अर्बुद पर्वत के नाम से जाना जाता है। जब हिमालय पर स्थित नंदी के कारण यह पहाड़ अस्थिर होने लगा, तो देवताओं की प्रार्थना पर भगवान शिव ने अपने अंगूठे से इसे स्थिर किया। तभी से पूरा अरावली पर्वत श्रृंखला इन्हीं के अचल अंगूठे पर टिका हुआ है, इसलिए नाम पड़ा अचलेश्वर।

## गंगा की तेज धारा में 55 मिनट फंसी अधिकारियों की मोटरबोट, एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डुमरा-जंजीरा दियारा में बाढ़ पीड़ितों की राहत व्यवस्था का जायजा लेकर सिमरिया धाम लौट रहे एसडीएम समेत आठ अधिकारी व कर्मियों की मोटरबोट सोमवार को गंगा की बीच धारा में तकनीकी खराबी के कारण फंस गई। तेज बहाव के कारण मोटरबोट बहने लगी, जिससे अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना तत्काल पटना और बेगूसराय जिला प्रशासन को दी गई। इसके बाद पटना से एसडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा गया। करीब 55 मिनट तक मोटरबोट गंगा की तेज धारा में फंसी रही, जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने सभी अधिकारियों और कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।बताया गया कि बाढ़ प्रभावित डुमरा-जंजीरा दियारा में अधिकारियों की टीम राहत व्यवस्था का जायजा लेने गई थी। लौटने के दौरान मोटरबोट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और उसका मोटर बंद हो गया। मोटर बंद होते ही तेज धारा में नाव बहने लगी।मोटरबोट पर बाढ़ एसडीएम कृष्णा जोशी, उनके सुरक्षा गार्ड, मोकामा बीडीओ रवि कुमार, सीओ लवली कुमारी, पचमहला अवर



थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव समेत अंचल के कर्मी सवार थे। सूचना मिलने के बाद बरौनी सीओ हेमंत अंकुर और पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार की सक्रियता से अधिकारियों तक राहत पहुंचाने की कार्रवाई तेज की गई।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गंगा का जलस्तर बढ़ने से तेज धार बनी हुई है। हाल के दिनों में मोकामा के जंजीरा दियारा और आसपास के इलाकों में बाढ़ की स्थिति गंभीर रही है और प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है।

## सरकुना में जलजमाव से निजात के लिए एसडीएम ने दिए निर्देश

**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुल्हिनबाजार प्रखंड के सरकुना गांव में जलजमाव की समस्या के



स्थायी समाधान को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत कर आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए। उन्होंने जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने और नालियों की नियमित सफाई पर जोर दिया। एसडीएम ने ग्रामीणों से अपील की कि जल निकासी के प्राकृतिक एवं निर्मित नालों को अतिक्रमण और कचरे से मुक्त रखें। उन्होंने दुल्हिनबाजार के अंचलाधिकारी को जलजमाव वाले स्थानों का स्थल निरीक्षण कर आवश्यकता के अनुसार नाला व पुलिया निर्माण तथा सफाई कार्य कराने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जल निकासी के रास्तों से अतिक्रमण और कचरा हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

## चांद पर भारत की छलांग विज्ञान, रणनीति और राष्ट्रीय आत्मविश्वास की कहानी : प्रो. अनिल भारद्वाज

**कालेज आफॅ कामर्स में 78वां स्थापना दिवस समारोह एवं 'इंदुशेखर झा मेमोरियल लेक्चर '8' का आयोजन**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आट्र्स एंड साइंस पटना में मंगलवार को महाविद्यालय के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'इंदुशेखर झा मेमोरियल लेक्चर '8' का आयोजन किया गया। इस वर्ष व्याख्यान का विषय 'इंडिया आनॅ द मून : साइंस स्ट्रेटजी एंड द स्पिरिट आफॅ ए नेशन 'था। मुख्य वक्ता फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी अहमदाबाद के निदेशक शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. अनिल भारद्वाज ने भारत के चंद्र अभियानों की वैज्ञानिक यात्रा और अंतरिक्ष अनुसंधान में देश की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र के आत्मविश्वास, वैज्ञानिक क्षमता और भविष्य की रणनीति का प्रतीक है। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने







**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना आवश्यक : स्वास्थ सचिव कुमार रवि**

विज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुनीता राय ने की। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. संतोष कुमार भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में महाविद्यालय के कल्चरल सेल के छात्र-छात्राओं ने भारतीय शास्त्रीय एवं लोक नृत्य तथा संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृति और विविधता की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। मंच संचालन डॉ. रश्मि कुमारी और डॉ. विद्या यादव ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विकास कुमार ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की 78 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा को स्मरण करते हुए भविष्य के लिए नई प्रतिबद्धताओं का संकल्प लिया गया।

## आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान का अनिवार्य हिस्सा है फिज़ियोथेरापी

**विश्व फिज़ियोथेरापी दिवस पर हेल्थ इंस्टिच्यूट में आयोजित हुआ समारोह, लगाया गया निःशुल्क शिविर**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान का अनिवार्य हिस्सा है फि ज़ियोथेरापी। अब इसकी आवश्यकता अस्थि, नस, पेशी, जोड़, स्नायु आदि से संबंधित रोगों तक ही नहीं, लगभग सभी प्रकार के रोगों में पड़ने लगी है। कई बीमारियों में इसके विना कोई लाभ हो ही नहीं सकता। अनेक रोगों के उपचार में शल्य-चिकित्सा एवं औषधियों के साथ फि ज़ियोथेरापी भी आवश्यक हो गया है। यह बातें मंगलवार को बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट औफ हेल्थ एडूकेशन ऐंड रिसर्च में, विश्व फि ज़ियोथेरापी दिवस पर आयोजित समारोह में विद्वान विशेषज्ञों ने कही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महावीर कैंसर संस्थान की निदेशक डा मनीषा सिंह ने कहा कि कैंसर शरीर में कहीं भी हो सकता है। कैंसर के रोगों में फि ज़ियोथेरापी की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। इसके पूर्व समारोह का उद्घाटन करते हुए, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि चिकित्सा और पुनर्वास के कार्य में आध्यात्मिक और संवेदनात्मक दृष्टि आवश्यक है। संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान का अविभाज्य और अनिवार्य हिस्सा हो गया है फि ज़ियोथेरापी। 19690 में, जब इस संस्थान की स्थापना हुई थी, उस समय अस्थि-रोग विशेषज्ञों को छोड़कर अन्य चिकित्सकों को भी इसके संबंध में कोई जानकरी नहीं थी। निजी क्षेत्र में देश का प्रथम फि ज़ियोथेरापी संस्थान होने के कारण, इस संस्थान ने पूरे देश में इसके प्रचार, प्रसार और उन्नयन में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। वरिष्ठ फि ज़ियोथेरापिस्ट डा उदय शंकर प्रसाद, प्रो संजीत कुमार, प्रो नीतीश भार्गव, डा नेहा कुमारी, प्रो देवराज तथा संस्थान के छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष अहसास मणिकान्त ने भी फि ज़ियोथरापी के महत्त्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत संस्थान के फि ज़ियोथेरापी विभाग में प्राध्यापिका डा रूपाली भोवाल ने, धन्यवाद-ज्ञापन डा नवनीत कुमार ने तथा मंच का संचालन डा संतोष कुमार सिंह ने किया। अतिथियों ने संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा लगायी गयी वैज्ञानिक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और उनकी उपलब्धियों के लिए बधाइयाँ दीं। इस अवसर पर लगाए गए निःशुल्क फि ज़ियोथेरापी शिविर में सौ से अधिक व्यक्तियों की जांच की गयी।



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार विद्यापीठ में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मना

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विद्यापीठ अंतर्गत देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम तथा साक्षरता जागरूकता रैली कार्यक्रम के साथ मानव श्रृंखला बना कर साक्षरता के महत्व को बेहद बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षु गण, सभी शिक्षक गण तथा सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम वर्मा के निर्देशन में सामाजिक विज्ञान विभाग के शिक्षकों डॉ प्रतिमा कुमारी, रिंपल कुमारी, कमलेश कुमार, चन्द्रकान्त आर्य तथा कुमारी प्रेरणा द्वारा किया गया। जागरूकता रैली में डॉ रीना चौधरी, डॉ शादमा शाहीन, रजनी रंजन, मंजरी चौधरी , कंचन कुमारी , विकाश कुमार एवं सौरभ कुमार शामिल थे।



### मौज बाबा के मठिया में आयोजित भंडारे में पहुंचे सांसद सिग्रीवाल

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मौज बाबा की मठिया के महंथ परमेश्वर दास के निधन के बाद आयोजित भंडारे में मंगलवार को महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल पहुंचे। उन्होंने मौज बाबा की मठिया स्थित राम-जानकी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद सांसद ने अयोध्या, हमीरपुर, सीवान, बलिया, बनारस, मशरख, मलमलिया-सीवान एवं कोंडवा राम-जानकी मंदिर सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे संत-महात्माओं से मुलाकात की। उन्होंने संतों को गुरु दक्षिणा अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद सिग्रीवाल भंडारे में भी शामिल हुए और संत-महात्माओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने महंथ परमेश्वर दास के उत्तराधिकारी ललित दास से मुलाकात कर भंडारा आयोजन में सहयोग राशि भी प्रदान की। इस अवसर पर भाजपा नेता चैतेंद्र नाथ सिंह, बलवंत सिंह, धनंजय तिवारी, भोला प्रसाद, मुकेश सिंह, बिरेश सिंह, प्रमोद सिंह, बेचु चौधरी, मुन्ना चौधरी, चंदन चौधरी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



### एकमा पश्चिमी के स्कूलों में बीइओ का औचक निरीक्षण

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एकमा पश्चिमी भाग के चार विद्यालयों बीइओ मनीष कुमार ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेनौत, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेलिया डीह, प्राथमिक विद्यालय असहनी टोले वंशीछपरा में निरीक्षण के दौरान मध्यांतर के बाद भी बच्चों के खेलने पर विद्यालय प्रशासन को हिदायत दी और पठन पाठन पर जोर दिया।कहां कि खेल जरूरी है पर समय पर होना चाहिए।आर एन हाईस्कूल योगियां में बीइओ मनीष ने विद्यालय की इंफ्रास्ट्रक्चर और छात्र छात्राओं व शिक्षकों की उपस्थिति देख प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के लैब ,पुस्तकालय और क्लास का भी निरीक्षण किया।इस दौरान छात्र छात्राओं से पठन पाठन से संबंधित बातचीत की।कहा कि नौवीं से बारहवीं तक छात्र जीवन स्वर्णिम काल होता है इसलिए पढ़ाई के साथ चरित्र निर्माण पर भी छात्र छात्राओं को जोर देना चाहिए। विद्यालय में छात्र छात्राओं की अच्छी संख्या के बावजूद ग्यारहवीं -बारहवीं कक्षा में और संख्या बढ़ाने पर बीइओ मनीष कुमार ने बल दिया।प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव ने विद्यालय में वर्ग कमरों की कमी बताई जिसे बीइओ ने ऊपर के अधिकारियों तक इसे पहुंचाने का आश्वासन दिया।



### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-सीवान रेलखंड पर एकमा स्टेशन के पूर्वी स्थित हंसराजपुर गांव के समीढालाप सोमवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। घटना अप रेलवे ट्रैक पर हुई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एकमा स्टेशन पर तैनात आरपीएफ एवं जीआरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी एकमा थाना पुलिस को दी। इसके बाद एसआई जगजीत कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस शव की पहचान कराने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ अन्य माध्यमों से भी जानकारी जुटा रही थी।

### हाथीदह एन एच-80 के वैकल्पिक रास्ते का भी बुरा हाल, बारिश ने बिगाड़ी सड़क की हालत; भीषण जाम में फंसे वाहन

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह में गंगा के जलस्तर में कमी आने के बावजूद एन एच-80 पर जलभराव के कारण उत्पन्न यातायात संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।मंगलवार को गंगा का जलस्तर करीब पांच इंच कम होकर हाई फ्लड लेवल से नीचे आ गया, लेकिन मुख्य सड़क पर पानी जमा रहने के कारण छोटे वाहनों के लिए बनाए गए वैकल्पिक रास्ते पर भी भारी दबाव पड़ गया।बारिश के कारण कच्चे वैकल्पिक रास्ते की हालत महज दो घंटे के भीतर खराब हो गई। वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क पर कीचड़ और फिसलन बढ़ गई, जिससे बाइक सवारों को परेशानी हो रही है। कई बाइक सवार फिसलकर गिर भी रहे हैं। वहीं, वाहनों की लंबी कतार लगने से भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के अनुसार प्रशासन और पुलिस की ओर से हाथीदह अंडरपास के पास बैरिकेडिंग कर छोटी गाड़ियों को वैकल्पिक मार्ग से भेजने की व्यवस्था की गई है। पुलिस कर्मी वाहन चालकों को रास्ता भी बता रहे हैं। लोगों से अपील की गई है कि हाथीदह अंडरपास में पानी जमा रहने तक बाइक, ऑटो और छोटी गाड़ियों को उस रास्ते से गुजरने से बचाएं और निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करें।गंगा के जलस्तर में वृद्धि के दौरान हाथीदह में एन एच-80 के करीब आधा किलोमीटर हिस्से में कई फीट तक पानी जमा हो गया था। इससे पटना से लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, जमुई, बांका और शेखपुरा की ओर जाने वाला यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। बड़ी संख्या में वाहन मुख्य सड़क पर फंसे रहे।पानी के बीच से निकलने की कोशिश में कई वाहनों के खराब होने से भी जाम की स्थिति और गंभीर हो गई।वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने सड़क पर जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई।मंगलवार को इस मार्ग से गुजर रहे बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा का काफिला भी जलभराव के कारण प्रभावित हुआ। मौके की स्थिति को देखते हुए मंत्री ने बाटा मोड़ से मरांची तक गंगा किनारे एलिवेटेड सड़क बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग के माध्यम से परियोजना को जल्द स्वीकृति दिलाने की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि हाथीदह में सड़क का यह हिस्सा काफी नीचा होने तथा जलनिकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ने पर हर साल ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है। एलिवेटेड सड़क बनने से इस समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद है।फिलहाल गंगा के जलस्तर में कमी जारी है, लेकिन एन एच-80 पर जमा पानी और वैकल्पिक कच्चे रास्ते की बदहाल स्थिति के कारण यात्रियों और वाहन चालकों की परेशानी बनी हुई है।







# मसौढी में जीविका दीदियों के वित्तीय सशक्तीकरण को लेकर समारोह





## यूको बैंक ने 97 लाख का किया ऋण वितरित

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीविका दीदियों के स्वयं सहायता समूहों के वित्तीय सशक्तीकरण को लेकर मंगलवार को यूकों बैंक के द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया,समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कोलकाता से आए यूको बैंक के मुख्य महाप्रबंधक सरोज रंजन नायक, उपमहाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख पटना मोतीलाल बानोत, जीविका के परियोजना प्रबंधक उदय कुमार, एवं बीपीएम दिग्विजय नारायण समदर्शी, यूको बैंक के ब्रांच मैनेजर सुधीर कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे,कार्यक्रम की शुरूआत जीविका दीदियों द्वारा स्वागत गान और दीप प्रज्वल्लित के साथ हुई। बीपीएम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर यूको बैंक की ओर से 62 स्वयं सहायता समूहों के बीच डेढ लाख रुपये की ऋण राशि का वितरण किया गया और चेक प्रदान किए गए। वहीं द10 जीविका दीदी को व्यक्तिगत पचास हजार को लोन का चेक दिया गया कुल 97 लाख रुपये की ऋण राशि का वितरण किया गया, मुख्य महाप्रबंधक सरोज रंजन नायक ने कहा कि यह वित्तीय सहायता दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। बैंक से सहयोग लेकर वे अपने रोजगार को बढ़ाएं और समय पर ऋण लौटाएं। बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि जीविका दीदियों को ऋण लेने में कोई परेशानी न हो और व्यक्तिगत ऋण की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी। राज्य परियोजना प्रबंधक उदय कुमार ने कहा कि अब समूहों के साथ-साथ दीदियों के व्यक्तिगत उद्यम को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि मसौढ़ी में स्वयं सहायता समूहों का एनपीए राज्य में सबसे कम है, जो दीदियों के वित्तीय अनुशासन को दशार्ता है। जीविका अधिक से अधिक दीदियों को 'लखपति दीदी' बनाने की दिशा में काम कर रही है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जीविका दीदियों, जीविका कर्मियों और बैंक कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जीविका दीदियां, बैंककर्मी और जीविकाकर्मी उपस्थित रहे।

# पालीगंज उपकारा में बंदी दरबार, एसडीएम ने सुनी बंदियों की समस्याएं

**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज उपकारा, नगवां में मंगलवार को बंदी दरबार का आयोजन किया गया। उपकारा पहुंचने पर अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद कारा अधीक्षक रामानुज कुमार ने उन्हें पौधा भेंटकर सम्मानित किया। एसडीएम ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा पेयजल, परिजनों से बातचीत और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने उपकारा के किचेन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। कारा अधीक्षक रामानुज कुमार ने बताया कि वर्तमान में उपकारा में कुल 192 बंदी हैं। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजित बंदी दरबार में एसडीएम ने बंदियों को उनके अधिकार एवं दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने कानून का पालन करने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में उचित माध्यम से शिकायत दर्ज कर कानूनी सहायता लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी जानकारी होनी चाहिए। आपसी भाईचारा बनाए रखने और कानून-व्यवस्था का सम्मान करने से स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम ने जेल परिसर में पौधारोपण भी किया। मौके पर सहायक अधीक्षक (जेलर) राजेश कुमार, लिपिक ऋतुराज कुमार, ड्रेसर सुनील कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।




# नेपाल की ओर से बाढ़ के पानी के साथ अज्ञात असामान्य मछलियों के संबंध में सावधानी बरतें

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** निर्देशक, मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में जारी आवश्यक सूचना/ एडवाइजरी के अनुसार नेपाल की ओर से बाढ़ के पानी के साथ अज्ञात और असामान्य मछलियों के संबंध में सावधानी बरतने की बात कही गई है। नेपाल से बाढ़ के पानी के साथ बिहार के कुछ क्षेत्रों में अज्ञात एवं और असामान्य प्रकार की मछलियों के पहुंचने की सूचना प्राप्त हुई है। ऐसी मछलियों के सेवन के बाद कुछ लोगों के बीमार पड़ने की भी सूचना प्राप्त हुई है। बाढ़ में बहुत सारे तालाबों, नदियों, झीलों एवं जलाशयों से मछलियां निकालकर पानी के साथ-साथ दूर तक फैल जाती हैं जो गंदी नालियों, मृत जानवरों, लाश आदि के लगातार संपर्क में रहने के कारण जीवाणु, विषाणु, फंगस आदि से प्रदूषित हो जाती हैं। इन मछलियों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल है। जब तक वातावरण स्थिर न हो जाए एवं प्राकृतिक रूप से गंदगी एवं रोग फैलने वाले कारक समाप्त न हो जाए, बाढ़ के पानी से पकड़ी गई मछलियों का उपयोग नहीं करने की हिदायत दी गई है। जनहित में आम नागरिकों से अपील की गई है कि ऐसी अज्ञात अथवा और असामान्य दिखने वाली मछलियों का सेवन नहीं किया जाए। बाढ़ के पानी से पकड़ी गई ऐसी मछलियों को बाजार में खरीदने/बेचने या खाद्य उपयोग में लाने से बचा जाए। बिना पहचान एवं संबंधित विभाग की पुष्टि के किसी भी अपरिचित मछली को खाने योग्य न माना जाए। यदि ऐसी मछली के सेवन के बाद उल्टी, दस्त, पेट दर्द, चक्कर, सांस लेने में कठिनाई अथवा अन्य कोई असामान्य लक्षण दिखाई दे तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र / अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श लिया जाए। ऐसी मछलियों की सूचना मिलने पर जिला मत्स्य पदाधिकारी अथवा स्थानीय प्रशासन को तुरंत सूचना दी जाए। आमजन से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान ना दें और अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अज्ञात मछलियों के सेवन से पूरी तरह बचें।

## बरहपुर में महिला की संदिग्ध मौत, पति हिरासत में

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के बरहपुर वार्ड नंबर-8 में बुधवार सुबह 32 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया। मृतका की पहचान पूजा देवी, पत्नी दीपक पासवान के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, पूजा देवी का शव उसके घर में संदिग्ध अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर मोकामा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस को महिला के गर्दन पर धारदार हथियार से चोट के निशान मिले हैं। इसके बाद मामले ने गंभीर रूप ले लिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मृतका के पति दीपक पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। बताया गया है कि दोनों की यह दूसरी शादी थी।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि घटना की जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया था। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रतीत हो रहा है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के इलाज के लिए लगातार लग रहे चिकित्सा कैंप, मुस्सेपुर में दवाओं की व्यवस्था

## रिविलगंज में पशु चारा का वितरण, प्रभावित परिवारों के पशुधन की नियमित स्वास्थ्य जांच

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित निकालने और राहत पहुंचाने के साथ जिला प्रशासन पशुधन के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। इसी क्रम में छपरा सदर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार पशु चिकित्सा कैंप संचालित किए जा रहे हैं। कैंपों में पशुओं की स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक उपचार और दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। छपरा सदर प्रखंड के मुस्सेपुर गांव में भी पशुधन संरक्षण के तहत पशुओं के लिए आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं एवं दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पशु चिकित्सकों एवं चिकित्सा दल द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच की जा रही है। जरूरत के अनुसार उपचार एवं दवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के पशुधन को समय पर चिकित्सा, चारा एवं आवश्यक संरक्षण सुविधाएं मिल सकें। अधिकारियों के अनुसार पशुधन ग्रामीण परिवारों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए बाढ़ के दौरान उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है।



**रिविलगंज में पशु चारा का वितरण**

रिविलगंज प्रखंड में भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुधन संरक्षण के तहत पशु चारा का वितरण किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा प्रभावित पशुपालकों तक चारा पहुंचाने के साथ पशुओं की आवश्यक जरूरतों का भी ध्यान रखा जा रहा है।

# घर में अकेली देखकर मंदबुद्धि युवती से सामूहिक दुष्कर्म

## पुलिस ने त्वरित कारवाई कर दोनों आरोपितों को 8 घंटे में किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली युवति के साथ दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है, दरअसल उसके माता-पिता किसी काम से प्रखंड कार्यालय पुनपुन गए हुए थे, उसी वक्त अकेले युवति को देखकर दोनों युवक ने सामूहिक गैंगरेप किया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दोनों आरोपियों को कांड दर्ज होने के महज 8 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पिपरा थाना को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में दो युवकों द्वारा एक मंदबुद्धि युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घेराबंदी कर पीड़िता के परिजन का फर्द बयान दर्ज किया। इस संबंध में पिपरा थाना कांड सं. 122/26 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।अनुसंधान के क्रम में तकनीकी और मानवीय आसूचना के आधार पर पुलिस ने पहले आरोपी को 2 घंटे के अंदर और दूसरे आरोपी को 8 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों और पीड़िता का DNA परीक्षण कराया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी धीरज पासवान (25 वर्ष), पिता विनोद पासवान, बबलू पासवान (24 वर्ष), पिता मंजय पासवान, दोनों ग्राम पारथू,पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी बबलू पासवान का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पीपलवां थाना कांड सं. 49/25 दिनांक 20.03.25 धारा 137(2)/96 BNS के तहत मामला दर्ज है। अन्य थानों से भी आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार और पिपरा थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।




## पेंशनधारी के बैंक खाते की आधार सिडिंग करवाना अनिवार्य

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पूर्वी चंपारण के द्वारा बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 से एनएसएपी पेंशन योजनाओं का क्रियान्वयन एसएनए एसपीएआरएसएच मॉड्यूल के माध्यम से किया जा रहा है। इसके लिए पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण एवं बैंक खाता को आधार सीडिंग करना अत्यंत आवश्यक है। माह अप्रैल 2026 से NSAP पेंशनधारियों को आधार ब्रिज पेमेंट किया जा रहा है। इस कारण से गैर आधार सीडेड पेंशनधारियों का पेंशन भुगतान बंद हो चुका है। आधार सिडिंग नहीं होने के कारण पूर्वी चंपारण जिला के कुल 41348 पेंशनधारी का पेंशन बंद हो चुका है। सहायक निदेशक के द्वारा बताया गया है कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धजन पेंशन योजना अंतर्गत 9202, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना अंतर्गत 1193, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना अंतर्गत 489, बिहार निःशक्तजन पेंशन योजना अंतर्गत 1149, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना अंतर्गत 24116 तथा ल.सा.सू. पेंशन योजना अंतर्गत 4499 आधार सिडिंग लंबित है। सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूर्वी चंपारण मोतिहारी द्वारा अपील की गई है कि वैसे सभी पेंशनधारी जिनका पेंशन बंद है वे सभी जल्द से जल्द अपने बैंक खाते का आधार सिडिंग करवा लें।

# मानसिक स्वास्थ्य के मनोवैज्ञानिक परिणाम और सामाजिक उत्पत्ति पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के काउंसलिंग सेल एवं प्रॉक्टोरियल बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को 'मेन्टल हेल्थ स्टिग्माः साइकोलॉजी कांसेकुएन्सेस एंड इट्स सोशल ओरिजिन्स' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के महात्मा बुद्ध परिसर स्थित बृहस्पति सभागार में किया गया। संगोष्ठी में मानसिक स्वास्थ्य, मनोवैज्ञानिक लक्षणों, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सामाजिक कलंक तथा इसके व्यक्तिगत एवं सामाजिक परिणामों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर समाज में मौजूद पूर्वाग्रह और भेदभाव प्रभावित व्यक्तियों के लिए समस्या को और गंभीर बना सकते हैं। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और समय पर सहायता उपलब्ध कराना आवश्यक है। कार्यक्रम में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञ प्रो. तुषार सिंह, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के विषय विशेषज्ञ डॉ. रवि पांडेय, तथा प्रो. सुजीत चौधरी और प्रो. पंकज सिंह सहित विभिन्न विशेषज्ञ एवं वक्ता उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. ए. के. सरण (ओएसडी, प्रशासन), डॉ. शशि प्रभा (छात्र परामर्शदाता) संयोजक, प्रो. सरोज रंजन, प्रो. बिमलेश कुमार, प्रो. पंकज कुमार सिंह, डॉ. अनुपम कुमार वर्मा, डॉ. श्याम बाबू प्रसाद, डॉ. अवनीश कुमार तथा डॉ. उमेश कुमार समेत अन्य शिक्षक एवं अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े लक्षणों और उनके मनोवैज्ञानिक प्रभावों को समझने, समय रहते सहायता लेने तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डीएलआरएसी-डीएलसीसी की बैठक में बैंकवार योजनाओं की समीक्षा

## पीएम सूर्य घर योजना पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया गया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलआरएसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलसीसी) की प्रथम तिमाही (जून 2026) की बैठक माननीय सांसद बेतिया डॉ संजय जायसवाल की उपस्थिति में की गई। बैठक में विभिन्न केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, बैंकवार उपलब्धियों तथा लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत में अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) के.एम. सिंह द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया।उक्त बैठक में उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद डीडीएम नाबार्ड आनंद अतिरेक, सेंट्रल बैंक आरसेटी के निदेशक बिपिन कुमार, एलडीओ, आरबीआई के प्रतिनिधि मोहित कुमार , जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जीविका के प्रतिनिधि राजू कुमार सहित विभिन्न बैंकों के मुख्य प्रबंधक, जिला समन्वयक एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएमईजीपी, जिला साख योजना, पीएमएफएमई, पीएम स्वनिधि, महिला स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज, वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, पीएम सूर्य घर योजना, आरसेटी की कार्यप्रगति, बचत खाते, मुद्रा ऋण, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), क्लेम सेटलमेंट तथा अटल पेंशन योजना समेत विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। आज की बैठक में पीएम सूर्य घर योजना की विशेष रूप से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पिछले माह प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों तथा आवेदन खारिज किए जाने के कारणों की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना को जिले में प्राथमिकता के साथ लागू करने की आवश्यकता है। नगर निकायों समेत जिले के सभी क्षेत्रों में अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाया जाए। योजना का लाभ प्राप्त कर चुके लोगों के माध्यम से आसपास के अन्य परिवारों को भी जागरूक कर योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाए। विभिन्न बैंकों की योजनावार प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जानकारी ली कि किस बैंक में कार्य की गति बेहतर है और किन बैंकों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। उन्होंने लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों की बैंकवार स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया। किसी आवेदन को अस्वीकृत किए जाने की स्थिति में उसका स्पष्ट एवं तर्कसंगत कारण दर्ज करना अनिवार्य बताया गया। अगली बैठक में बैंकवार अद्यतन रिपोर्ट के साथ पूरी तैयारी से उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी योजनाओं का विधानसभा वार प्रतिवेदन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्रवार योजनाओं की वास्तविक प्रगति का स्पष्ट आकलन किया जा सके। बैठक में जिले में मत्स्य पालन एवं मत्स्य व्यवसाय की स्थिति पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पूर्वी चंपारण में मत्स्य पालन एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। मछली पालन एवं इससे जुड़े व्यवसाय करने वाले लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष पहल की जाए। बेतिया सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि बैंक अधिकारियों और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत छौड़ादानो, घोड़ासहन, हरसिद्धि एवं अरेराज में विशेष कैंप आगामी 12 सितंबर से 16 सितम्बर के मध्य आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। एलडीएम के.एम. सिंह ने बताया कि कैंप की तिथि शीघ्र निर्धारित की जाएगी। इन कैंपों के माध्यम से आम लोगों को विभिन्न बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।



## एक नजर

### 100 किसानों का मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण शुरू

**बिहारशरीफ।** कृषि विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत आत्मा नालंदा के सभागार में मंगलवार को किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार के नए अवसर विकसित करने के उद्देश्य से मधुमक्खी पालन, मधु प्रसंस्करण एवं विपणन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा नालंदा डॉ. नितेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में जिले के सभी 20 प्रखंडों से चयनित करीब 100 किसान शामिल हुए। डॉ. नितेश कुमार ने कहा कि कृषि के साथ सहायक कृषि गतिविधियों को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। मधुमक्खी पालन कम लागत में अतिरिक्त आमदनी का बेहतर माध्यम है। इससे शहद उत्पादन के साथ फसलों, फल एवं सब्जियों में परागण के कारण उत्पादन और गुणवत्ता भी बढ़ती है। नूरसराय महाविद्यालय के प्रोफेसर वीरबहादुर सिंह और कृषि विज्ञान केंद्र हरनौत के वैज्ञानिक उदयनारायण सिंह ने किसानों को मधुमक्खी कॉलोनी प्रबंधन, वैज्ञानिक देखभाल, मौसम के अनुसार प्रबंधन और शहद उत्पादन की तकनीक की जानकारी दी। किसानों को मधु प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग एवं विपणन के बारे में भी बताया गया। उप परियोजना निदेशक आत्मा धनंजय कुमार सिंह ने आत्मा की किसान हितैषी योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से प्रशिक्षण का लाभ उठाकर आधुनिक तकनीक अपनाने की अपील की।दूसरे दिन किसानों को थरथरी के कुमार सुदर्शन सिन्हा और एकंगरसराय के सुदीक्षण प्रसाद के मधुमक्खी पालन स्थल का भ्रमण कराकर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीसरे दिन सैद्धांतिक प्रशिक्षण के बाद किसानों को प्रमाणपत्र वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारी व कर्मी भी उपस्थित रहे।

### साइबर अपराध से बचाव को लेकर चला जागरूकता अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** मदनपुर थाना पुलिस द्वारा जय प्रभा प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक सह प्लस 12 विद्यालय में साइबर मंगलवार अभियान के तहत पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एक जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें विधालय के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों को साइबर क्राइम, आनलाइन ठगी और डिजिटल अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। यह अभियान बिहार पुलिस के साइबर क्राइम मंगलवार के तहत द्वारा चलाया गया। थाना के एसआई रोहित कुमार, एसआई ऐश्वर्या प्रिया ने कहा कि आनलाइन ठगी, डिजिटल अपराध की घटनाएं होती हैं तो इसकी जानकारी थाना पुलिस को फ़ौरन दें ताकि कानूनी कार्रवाई की जा सकें। साइबर अपराध से बचाव ही एक उपाय है। किसी तरह की लालच में नहीं फंसे। किसी को ओटीपी नहीं बताएं। बैंक, थाना और जज के नाम से फ़ोन आता है तो उसका जवाब नहीं दे, या लिंक पर क्लिक नहीं करें। फ्राड करने वाले व्यक्ति के चंगुल से फंस कर लोग ठगे जा रहे हैं।

# साइबर अपराध व महिला सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के बारुन प्रखंड अंतर्गत सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल, सुंदरगंज में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव तथा महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साइबर एवं ट्रैफिक डीएसपी अविनाश कुमार कश्यप, विशिष्ट अतिथि रिसियप थानाध्यक्ष संजीत कुमार एवं सब इंस्पेक्टर सोनाली श्री उपस्थित रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों, जिला जूनियर रेड क्रॉस काउंसेलर निरंजय कुमार एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अविनाश कुमार कश्यप ने विद्यार्थियों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, संदिग्ध एप डाउनलोड नहीं करने तथा ओटीपी, पासवर्ड और एटीएम/डेबिट कार्ड संबंधी जानकारी किसी से साझा नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने फर्जी कॉल, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, साइबर फ्रॉड एवं फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि साइबर अपराधी अक्सर भय, लालच या जल्दबाजी का फायदा उठाते हैं। इसलिए किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या ऑनलाइन लेन-देन के मामले में बिना सत्यापन के कदम नहीं उठाना चाहिए। कार्यशाला में महिला सुरक्षा, अभया ब्रिगेड, सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार की पहचान, ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर स्टॉकिंग तथा फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। छात्राओं को किसी भी असहज या संदिग्ध स्थिति में तत्काल अभिभावक, शिक्षक अथवा पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने विद्यार्थियों से आपराधिक घटना अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। सब इंस्पेक्टर सोनाली श्री ने महिला सुरक्षा, पुलिस दीदी एवं बालिकाओं के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूकता ही सुरक्षित समाज की आधारशिला है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं महिला सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका पुलिस पदाधिकारियों ने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया। कार्यक्रम संयोजक निरंजय कुमार ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित एवं जिम्मेदाराना उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में साइबर ब्रांच के प्रोग्रामर राहुल कुमार, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## फिजियोथेरेपी क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित हुए एमडी फेज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज।** पटना के होटल कासा पिकोलो में फिजियोथेरेपी नेशनल कॉन्फ्रेंस 2026 हुआ। इसमें रफीगंज के हाजीपुर गोला निवासी एमडी फैज़ को सम्मानित किया गया। उन्हें फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उनके खास योगदान के लिए यह सम्मान मिला।

इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व डीजीपी अभयानंद थे। कार्यक्रम में बीसीसीआई के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. कुंदन और बिहार रणजी टीम के फिजियोथेरेपिस्ट भी शामिल हुए। इनके अलावा, बिहार के कई जाने-माने हड्डी रोग और न्यूरो डॉक्टर भी मौजूद रहे। सम्मेलन में फिजियोथेरेपी, स्पोर्ट्स रिहैबिलिटेशन, हड्डी रोग रिहैबिलिटेशन और न्यूरोलॉजिकल रिहैबिलिटेशन जैसे कई खास विषयों पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। फिजियोथेरेपी में बेहतर इलाज के तरीकों, नई तकनीकों और मरीजों को ठीक होने में मदद करने पर भी बात हुई। एमडी फैज़ को यह सम्मान मिलना रफीगंज के लिए भी गर्व की बात है। सम्मान मिलने पर उनके जानने वाले और चाहने वालों ने उन्हें बधाई दी। सबने उनके अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

## 9वें राष्ट्रीय पोषण माह की तैयारी को लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओं को प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** 9वें राष्ट्रीय पोषण माह 2026 की तैयारियों को लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओं का उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विभागीय निर्देश के आलोक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उर्वशी कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का मुख्य विषय "हमारी आंगनवाड़ी हमारी जिम्मेदारी" रखा गया है। पोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन, गर्म पका भोजन, सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही, बाल विकास के लिए पोषण एवं प्रारंभिक उद्दीपन तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न विषयों पर जागरूकता एवं गतिविधियां संचालित की जाएंगी। पोषण माह का आयोजन 9 सितंबर से 8 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। कार्यक्रम में पोषक क्षेत्र के अभिभावकों को आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देने तथा पोषण ट्रैकर पर ई-केवाइसी और एफआरएस के महत्व के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि पोषण ट्रैकर पर ई-केवाइसी एवं एफआरएस की प्रक्रिया पूरी किए बिना पीएमएमवीवाई अथवा टीएचआर का लाभ प्राप्त करना संभव नहीं है। ऐसे में सभी लाभुकों का 100 प्रतिशत एफआरएस पूरा कराने और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीसी मुस्तफा आलम, महिला पर्यवेक्षिका भारती कुमारी, जिज्ञासा, उर्मिला, सुषमा कुमारी सहित सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के संचालन एवं विभागीय कार्यों में डेटा ऑपरेटर हर्ष कुमार की भी भूमिका रही।

## 21 कुंडीय विश्व शांति यज्ञ के साथ वेद प्रचार सप्ताह का समापन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली के मार्गदर्शन, आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा बिहार के निर्देशन तथा डीएवी पब्लिक स्कूल्स, बिहार प्रक्षेत्र-एफ, औरंगाबाद के नेतृत्व में आयोजित वेद प्रचार सप्ताह का समापन 7 सितंबर को डीएवी पब्लिक स्कूल, नबीनगर में 21 कुंडीय विश्व शांति महायज्ञ के साथ हुआ। श्रावणी उपाकर्म के उपलक्ष्य में 26 अगस्त से 7 सितंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में वैदिक संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव एवं विश्व शांति की भावना विकसित करना था। सप्ताह के दौरान बिहार प्रक्षेत्र-एफ के विभिन्न डीएवी विद्यालयों में यज्ञ-हवन, चित्रकला, वैदिक मंत्र उच्चारण, वेश-भूषा, भाषण, श्रीमद्भगवद्गीता श्लोक उच्चारण, पौधारोपण एवं भजन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समापन समारोह में पं. अरविंद शास्त्री, पं. मनोज शास्त्री एवं पं. सत्योम शास्त्री के ब्रह्मत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ संपन्न हुआ। सहायक क्षेत्रीय अधिकारी वी.के. पाठक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य रमाकांत तिवारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य लोगों ने आहुतियां प्रदान कर शांति और कल्याण की प्रार्थना की। मंचीय कार्यक्रम में डीएवी गान, स्वागत गान एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य विनय कुमार गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वैदिक जीवन पद्धति सत्य, अनुशासन, सेवा, संयम, परोपकार तथा प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देती है। उन्होंने सभी से वैदिक परंपराओं के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। भजन प्रतियोगिता में डीएवी नबीनगर ने प्रथम, दानी बीघा औरंगाबाद ने द्वितीय तथा दयानंद विहार औरंगाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तेंदुनी चौक, बिक्रमगंज के विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## साक्षरता जागरूकता रैली के साथ सात दिवसीय हिंदी महोत्सव का आगाज

### 'साक्षरता विकास और सामाजिक परिवर्तन का आधार' विषय पर संगोष्ठी आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मंगलवार को सात दिवसीय हिंदी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पहले दिन महाराणा प्रताप चौक से रमेश चौक तक साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया। दूसरे सत्र में 'साक्षरता विकास और सामाजिक परिवर्तन का आधार' विषय पर संगोष्ठी हुई। इसका उद्घाटन लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. धनंजय शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, खादी ग्राम के पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह और प्रो. डॉ. विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अशोक सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवलाल सिंह, ललन सिंह और संजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह और संचालन सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने साक्षरता को समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बताया। डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि साक्षर समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव है। डॉ. धनंजय शर्मा ने साक्षरता के साथ नैतिक शिक्षा को आवश्यक बताया। अजय श्रीवास्तव, संजय सिंह, प्रो. डॉ. विनोद सिंह और समाजसेवी आदित्य श्रीवास्तव ने वंचित वर्ग तक शिक्षा पहुंचाने पर बल दिया। कवि लवकुश प्रसाद, लोक गायक राम श्लोक रामा, धर्मेंद्र यादव और मुकेश चौबे ने प्रस्तुतियों के जरिए साक्षरता का संदेश दिया। इस दौरान प्रमोद सिंह, तुलसी सिंह, ओम प्रकाश पाठक, जितेंद्र सिंह, मधुसूदन तिवारी और सुरेश ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तबीयत बिगड़ने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सरमेरा।** थाना क्षेत्र के गोवाचक गांव में सोमवार की रात अचानक तबीयत बिगड़ने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी सुरेंद्र यादव के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सोमवार की रात खाना खाने के बाद प्रिंस कुमार सोने चला गया। सोने के कुछ देर बाद उसके पेट में अचानक तेज दर्द होने लगा। कुछ समय बाद वह दोबारा सो गया। मंगलवार की सुबह परिजनों ने उसे जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह मृत मिला। युवक की अचानक मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, घटना के बाद गोवाचक गांव में भी मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जिला जदयू कमिटी में नई जिम्मेदारी मिलने पर नेताओं का सम्मान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के ब्लॉक रोड स्थित जदयू सह एनडीए कार्यालय में जिला जदयू कमिटी में नवमनोनीत पदाधिकारियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा ने की। इस दौरान नवमनोनीत पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा ने बताया कि प्रखंड कमिटी में सक्रियता एवं बेहतर कार्य करने वाले 11 कार्यकर्ताओं को जिला कमिटी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इनमें जिला उपाध्यक्ष के पद पर विजय विश्वकर्मा, अर्जुन सिंह एवं संजय अंबेडकर, जिला महासचिव के पद पर भोला चौधरी, उमेश पासवान, विनोद सिंह एवं विकास यादव तथा जिला सचिव के पद पर मंटू शर्मा, भोला शर्मा एवं अनिल मिश्र शामिल है। नवमनोनीत पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, विधायक प्रमोद कुमार सिंह एवं जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह समेत पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जदयू को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्राम पड़रिया निवासी कमलेश शर्मा ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

## नाबालिग से दुष्कर्म के खिलाफ अंबा की सड़कों पर उतरा जनसैलाब




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ हुई दरिंदगी की घटना से इलाके में आक्रोश की ज्वाला भड़क उठी है। इस जघन्य वारदात के खिलाफ सैकड़ों लोगों ने सड़कों पर उतरकर जोरदार आक्रोश मार्च निकाला और सरकार व प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मामले के तीनों नामजद आरोपियों को अविलंब फांसी की सजा देने की मांग उठाई। घटना से क्षुब्ध स्थानीय लोगों और युवाओं का हुजूम चिल्हकी हाई स्कूल मैदान में एकत्र हुआ, जहां से आक्रोश मार्च की शुरुआत हुई। हाथों में तख्तियां लिए और न्याय के नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारी औरंगाबाद रोड, देव रोड, हरिहरगंज रोड और नवीनगर रोड का भ्रमण करते हुए मुख्य चौक पर पहुंचे। मार्च के दौरान पूरे अंबा बाजार में तनाव और गहरा रोष देखा गया। मुख्य चौक पर पहुंचकर यह आक्रोश मार्च एक विशाल जनसभा में तब्दील हो गया। वक्ताओं ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि नाबालिग के साथ हुई यह बर्बरता मानवता को शर्मसार करने वाली है। ऐसे दरिंदों के लिए समाज में कोई जगह नहीं है। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में मांग की कि मामले का स्पीडी ट्रायल चलाकर तीनों आरोपितों को सीधे फांसी के फंदे तक पहुंचाया जाए। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आरोपियों को फांसी से कम सजा मिली, तो यह आंदोलन केवल अंबा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि न्याय के लिए पूरे जिले में चक्का जाम और उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में रविंद्र राम, कृष्णा राम, कन्हैया कुमार, रामजनम राम, करण पासवान, लीला देवी, रिंकू देवी दशरथ भारती, प्रवीण कुमार, नवीन कुमार, अजय मेहता, वीरेंद्र मेहता, गुड्डू राम, धनंजय कुमार, बिरजू बिहारी सुमित सैकड़ों लोग शामिल थे।

बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

कृषि वानिकी (अन्य प्रजाति) योजना में शामिल होने का सुनहरा अवसर

जल जीवन हरियाली

कृषकों के लिए खुशखबरी

पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं। आमदनी और हरियाली बढ़ायें।

वृक्षों से लाभ
अतिरिक्त आय
तापमान में संतुलन
जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाव
स्वच्छ वायु
हरित आवरण में वृद्धि

मात्र ₹10 प्रति पौधे की सुरक्षित राशि देकर पौधे प्राप्त करें। 3 वर्ष पश्चात् 50 प्रतिशत या उससे अधिक पौधे जीवित रहने की स्थिति में ₹60 प्रति पौधा प्रोत्साहन राशि के साथ–साथ सुरक्षित जमा राशि ₹10 भी वापस कर दिया जायेगा।

कृषकों से अनुरोध है कि,
योजना अन्तर्गत सुरक्षित राशि ₹10/– प्रति पौधा भुगतान करने हेतु संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर निम्न माध्यमों से राशि का भुगतान करें।
1. सुरक्षित राशि Fixed Deposit या NSC जिसकी वैधता 15 जून 2029 तक हो के माध्यम से संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के पदनाम से उपलब्ध करायी जा सकती है।
या
2. नगद राशि भी जमा किया जा सकता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 30.09.2026

⇒ अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में हमें कॉल करें : 0612–2226911
⇒ संलग्न आवेदन पत्र भरकर, स्थानीय वन प्रमण्डल या वन प्रक्षेत्र कार्यालय में सुरक्षित राशि ₹10/– प्रति पौधा के साथ समर्पित करें।

विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए https://state.bihar.gov.in/cache/36/Media%20Gallery/Scheme%20Info/krishivaniki%20_os.pdf लिंक पर क्लिक करें या hariyalimission@gmail.com पर ई. मेल करें।

DEFCCofficial

कृषि वानिकी (अन्य प्रजाति) योजना में शामिल होने के लिए आवेदन प्रपत्र

1. वन प्रमंडल का नाम :– .......... 2. जिला का नाम :–..........
3. वन प्रक्षेत्र इकाई का नाम :– .......... 4. प्रखंड का नाम :–..........
5. आवेदक का नाम :–.......... 6. पिता/पति का नाम :–..........
7. पेशा :–.......... 8. जन्म तिथि :–..........
9. स्थायी पता :– ..........
10. वर्तमान पत्राचार का पता :– ..........
(दूरभाष/मोबाईल नं0) .......... 11. ई–मेल (यदि हो) :– ..........
12. भूमि का विवरण :–

| क्र0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकबा (एकड़ में) | रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

13. समूह में आवेदन करने पर भूमि की विवरणी (जगह कम पड़ने पर अलग पृष्ठ में विवरणी संलग्न करें।)

| क्र0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकबा (एकड़ में) | रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

14. प्रस्तावित वृक्षारोपण (कृपया ✓ करें)
(क) फार्म वानिकी (पूरी भूमि पर)
(ख) कृषि वानिकी (कृषि फसलों के साथ या मेड़ पर)
15. इच्छित प्रजाति का नाम लिखें।

| क्र0 सं0 | प्रजाति का नाम | पौधों की संख्या |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

16. बैंक खाता विवरणी :–

| बैंक खाता नं0 | बैंक का नाम एंव शाखा | I.F.S.C कोड |
|---|---|---|
| | | |

17. घोषणा :– मैं स्वेच्छा से अपनी भूमि पर वृक्षारोपण करना चाहता/चाहती हूँ तथा रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संपोषण की जिम्मेदारी लेता/लेती हूँ। वृक्षों के परिपक्व होने अथवा आँधी तूफान में गिरने/सूखने की स्थिति में ही इन पौधों की कटाई आवश्यकतानुसार करूँगा/करूँगी। पौधों का सुरक्षित मूल्य देने के लिए मैं सहमत हूँ।
संलग्न अभिलेख की विवरणी
1.
2.
3.
आवेदक का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम
(तिथि के साथ)

PR No.- 011404 (Forest)D. 2026-27

# प्रभारी सचिव ने देर रात तक किया बाढ़ राहत एवं पशु शिविरों का निरीक्षण

## साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, दूध वितरण आदि का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में खेल सचिव सह भागलपुर जिले के प्रभारी सचिव दीपक आनंद द्वारा मंगलवार को देर रात तक जिले के विभिन्न बाढ़ राहत एवं पशु शिविरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके साथ ही राहत शिविरों में प्रभावित लोगों से संवाद कर उपलब्ध भोजन, आवासन, पेयजल, शौचालय, बिजली, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। श्री आनंद ने ग्रामीणों द्वारा बताई गई आवश्यकताओं एवं निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें तत्काल एवं रातों-रात दूर करने का निर्देश जिला प्रशासन के संबंधित पदाधिकारियों को दिया। इसके अलावा राहत शिविरों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने तथा मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया शिविर परिसर एवं आसपास स्वच्छता की स्थिति बेहतर बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को लगातार निगरानी करने को कहा गया। प्रभारी सचिव ने राहत शिविरों में रह रहे बच्चों के बीच दूध का नियमित वितरण सुनिश्चित करने तथा बच्चों एवं अन्य प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य की आवश्यकतानुसार निगरानी करने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने शिविरों में पर्याप्त मात्रा में दवाओं की उपलब्धता तथा मेडिकल टीम की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होंने पशु शिविरों का भी निरीक्षण कर बाढ़ प्रभावित पशुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और पशुओं के लिए आवश्यक चिकित्सा एवं अन्य सुविधाओं को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। प्रभारी सचिव ने कहा कि बाढ़ राहत कार्यों में मानवीय संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि राहत शिविरों में रह रहे प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए उपलब्ध सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाए तथा प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर अपर समाहर्ता (आपदा) कुंदन कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बाढ़ प्रभावितों की सुरक्षा एवं राहत कार्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : आपदा प्रबंधन मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** बिहार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने आज भागलपुर जिले में बाढ़ की स्थिति तथा संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। श्री सदा ने मंगलवार को यहां समीक्षा बैठक करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि जिले के संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा गया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी एवं कर्मी 24 घंटे अलर्ट मोड में रहकर स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखें। इसके पहले उप विकास आयुक्त रवि राकेश ने जिले में चल रही राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा एवं उन्हें समय पर राहत उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए बजट अथवा संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक प्रभावित परिवार तक आवश्यक सहायता समय पर पहुँचे तथा विशेष रूप से दूरस्थ एवं जलमग्न क्षेत्रों में राहत कार्यों को और प्रभावी बनाया जाए। श्री सदा ने बताया कि भागलपुर जिले के 13 अंचलों की 82 पंचायतों के 269 गांवों में बाढ़ की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। जिले में लगभग 3,87,600 प्रभावित लोगों तक त्वरित राहत पहुँचाने के लिए जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन मंत्री ने बताया कि गंगा और कोसी के जलस्तर में वृद्धि होने से संवेदनशील एवं जोखिम वाले क्षेत्रों से अब तक 4,696 परिवारों के कुल 23,412 लोगों को सुरक्षित निष्क्रमित कर राहत केंद्रों तक पहुँचाया गया है। सुदूर एवं जलमग्न क्षेत्रों में आवागमन तथा आपातकालीन राहत कार्यों के लिए 90 नावों का परिचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन की कोई समस्या न हो, इसके लिए जिले में 91 सामुदायिक रसोइयों का संचालन किया जा रहा है। इन सामुदायिक रसोइयों के माध्यम से अब तक 1,92,276 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा चुका है।

# भागलपुर की अंशु प्रियंका मिश्रा बनायी गयीं लोजपा की प्रदेश प्रवक्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पार्टी के बिहार प्रभारी के निर्देशानुसार भागलपुर निवासी लोजपा नेत्री अंशु प्रियंका मिश्रा को आज पार्टी का प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने पर यहां के पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

भागलपुर शहर के आदमपुर निवासी एवं लंबे समय से लोजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष का दायित्व सफलतापूर्वक निभा रही अंशु प्रियंका मिश्रा को लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र विवेक तथा मीडिया प्रभारी निशांत मिश्र द्वारा मंगलवार को प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने का स्वागत जिले के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किया है। नाथनगर क्षेत्र के लोजपा विधायक मिथुन कुमार ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश आलाकमान के द्वारा श्रीमती मिश्रा को प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने से जिले के पार्टी नेताओं का कद बढ़ा है। वे प्रवक्ता के रुप में पार्टी के बातों को बेहतर ढंग से आमजनों के सामने रखने का काम करेगीं। लोजपा के जिलाध्यक्ष सुबोध पासवान ने कहा कि अंग क्षेत्र (भागलपुर) के लिए गौरव की बात है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग़ पासवान ने भागलपुर की एक महिला नेत्री को यह जिम्मेदारी दी है, जिसे वह कुशलतापूर्वक निभायेंगी।

लोजपा के महानगर अध्यक्ष सौरभ सिंह, युवा लोजपा के जिला महासचिव आशीष कुमार, अमिश मिश्रा,अमित पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

# 287 युवाओं को दिया गया रोजगार

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शेखपुरा में आज एक दिवसीय नियोजन मेला का आयोजन किया गया। स्टेशन रोड स्थित इस्लामिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में इस अवसर पर 25 निजी नियोजकों द्वारा स्टॉल लगाकर 287 युवकों को रोजगार के जॉब ऑफर दिए गए। नियोजकों द्वारा 525 युवक और युवतियों का करियर काउंसलिंग करते हुए उनके पर्ची प्राप्त किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर जीविका स्टॉल के साथ-साथ जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र और ग्रामीण रोजगार संस्थान के स्टाल भी युवाओं के मार्गदर्शन के लिए लगाए गए थे। इस दौरान कुशल युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में भी लोगों को विस्तार से बताया गया।

# 1 मार्च को जारी होगी जनगणना सूची, बिहार में घर-घर होगी गिनती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** भारत सरकार ने जनगणना 2027 की तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार जनगणना में डिजिटल तकनीक का बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया जाएगा। डेटा संग्रह के लिए विशेष मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग होगा, जिससे आंकड़े सीधे डिजिटल माध्यम से दर्ज किए जाएंगे। इससे प्रक्रिया को तेज करने के साथ आंकड़ों की सटीकता और सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिलेगी।

गया जिले में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पहले चरण में हाउस होल्डिंग और सार्वजनिक स्थलों का सर्वेक्षण किया गया है।

इस दौरान जुटाए गए आंकड़ों को केंद्रीय जनगणना साइट पर अपलोड करने का काम चल रहा है। इसे दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण के बाद अब दूसरे चरण की तैयारी चल रही है। फरवरी 2027 में प्रगणक प्रत्येक घर में दस्तक देंगे। घर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पूरा नाम, योग्यता समेत अन्य निर्धारित जानकारियां जुटाई जाएंगी। यह मैन-टू-मैन डाटा संग्रह का कार्य 28 फरवरी तक चलेगा। दूसरे चरण का काम पूरा होने के बाद 01 मार्च 2027 को गया जिले की जनगणना की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। इससे जिले की आबादी और लोगों से संबंधित जरूरी आंकड़ों की समुचित जानकारी सामने आएगी। जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण आधार बनेंगे। इस बार जनगणना में सभी वर्गों की सही जानकारी जुटाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। खासकर कमजोर वर्गों से संबंधित आंकड़े सटीक रूप से दर्ज किए जाएंगे। इसके लिए लोगों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक करने और सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। जनगणना कार्य में लगे पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए केंद्र सरकार ने अलग-अलग श्रेणी के अनुसार मानदेय निर्धारित किया है। प्रथम चरण के लिए मानदेय की राशि जारी कर दी गई है। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के अनुसार जिला पदाधिकारी से लेकर प्रगणक तक के लिए राशि निर्गत की गई है। दूसरे चरण का मानदेय मार्च में जारी किया जाएगा। मानदेय के अनुसार 8424 प्रगणकों को प्रथम चरण में 9,000 रुपये और दूसरे चरण में 16,000 रुपये मिलेंगे। वहीं 1356 पर्यवेक्षकों को भी पहले चरण में 9,000 रुपये और दूसरे चरण में 16,000 रुपये का मानदेय मिलेगा। चार्ज पदाधिकारी यानी बीडीओ एवं कार्यपालक पदाधिकारी के लिए प्रथम चरण में 20,000 रुपये और दूसरे चरण में 25,000 रुपये निर्धारित हैं। प्रधान जनगणना पदाधिकारी यानी डीएम को दोनों चरणों में क्रमशः 25,000 और 35,000 रुपये मिलेंगे। जिला जनगणना पदाधिकारी यानी एमडीएम तथा अपर जनगणना पदाधिकारी यानी डीएसओ के लिए दोनों चरणों में क्रमशः 20,000 और 25,000 रुपये का प्रावधान है।

# 11 को एकदिवसीय रोजगार मेला का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक-11.09.2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रांगण में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, पटना के द्वारा टी0सी0ओ0 एवं टी0आर0ओ0 के 100 रिक्त पद अधिसूचित किए गए हैं। जिसके लिए योग्यता बारहवीं/ग्रेजुएशन होना चाहिए। वेतन रुपये 12000 से 14000 के साथ अन्य सुविधा ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0, फ्यूल, टर्म इन्श्योरेंस एवं इन्सेंटिव देय होगी। उम्र-18 से 32 वर्ष निर्धारित है। कार्य स्थल-बिहार है। ड्राइविंग लाइसेंस एवं बाइक अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आ0डी0 कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रांगण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित होगा। जो अभ्यर्थी रोजगार पोर्टल एवं एन0सी0एस0 पोर्टल पर निबंधित हैं, वही अभ्यर्थी रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं।

# डीएम ने की द्वितीय अपील की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल 06 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 02 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपील वादों में जगत किशोर प्रसाद द्वारा निजी जमीन पर बिजली पोल एवं ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन कर देने के संबंध में तथा नरेश यादव द्वारा अतिक्रमण से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जाँच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों की सुनवाई की गई। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिलास्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएँ और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए मुफ्त वैक्सीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लखीसराय।** शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम करने और बच्चों को संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 के आंकड़ों के अनुसार लखीसराय जिले में 12 से 23 माह के बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कवरेज बढ़कर 93.3 प्रतिशत हो गया है. एनएफएचएस-5 के आंकड़ों में यह कवरेज 76.8 प्रतिशत था. इस तरह जिले में पूर्ण टीकाकरण कवरेज में 16.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार भारती ने बताया कि सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए विभिन्न टीके दिए जाते हैं. इनमें पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, खसरा-रूबेला और पेंटावेलेंट समेत अन्य बीमारियों से बचाव के टीके शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टीकाकरण की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। जिले में टीकाकरण कवरेज में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है. एनएफएचएस-5 के अनुसार 12 से 23 माह के बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कवरेज 76.8 प्रतिशत था. एनएफएचएस-6 की नवीनतम रिपोर्ट में यह आंकड़ा बढ़कर 93.3 प्रतिशत हो गया है. स्वास्थ्य विभाग ने इसे जिले में टीकाकरण अभियान के बेहतर क्रियान्वयन का परिणाम बताया है।

**छूटे बच्चों की पहचान कर चलाए जा रहे विशेष सत्र**

जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधांशु नारायण लाल ने बताया कि टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के लिए विशेष कार्ययोजना के तहत काम किया जा रहा है. आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं की ओर से तैयार की गयी सूची के आधार पर टीकाकरण से छूटे बच्चों को चिन्हित किया जाता है. इसके बाद जिले में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित कर उन्हें आवश्यक टीके लगाए जा रहे हैं।

**डिजिटल अलर्ट और घर-घर फॉलोअप पर जोर**

टीकाकरण अभियान में डिजिटल अलर्ट और घर-घर फॉलोअप की व्यवस्था को भी प्रभावी बनाया गया है। विशेष रूप से खसरा-रूबेला की एमआर-2 और डीपीटी बूस्टर खुराक के कवरेज को बढ़ाने पर प्राथमिकता दी जा रही है। स्वास्थ्यकर्मी परिवारों से संपर्क कर बच्चों के टीकाकरण की स्थिति की जानकारी लेते हैं और छूटे हुए टीकों को समय पर दिलाने के लिए प्रेरित करते हैं।

# 51 जरूरतमंद बच्चों के बीच बांटे कपड़े, भोजन और खिलौने

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिटिजन केयर फाउंडेशन की ओर से सिटिजन केयर ग्रुप टावर, आशियाना दीघा रोड, पटना में जरूरतमंद बच्चों के बीच सेवा एवं सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 51 जरूरतमंद बच्चों को कपड़े, भोजन, किताबें, पेन एवं खिलौने वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के श्रम एवं विकास कल्याण मंत्री अरुण शंकर प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के बीच सामग्री का वितरण किया और सिटिजन केयर फाउंडेशन के इस सामाजिक पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों और बच्चों की सेवा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। बच्चों के बीच कपड़े, भोजन, किताबें और खिलौने बांटना केवल सहायता का कार्य नहीं, बल्कि उनके साथ अपनापन और विश्वास का रिश्ता बनाने की पहल है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### वृद्धा पेंशन और राशन...

को जल्द उसका लाभ दिलाएं। कोई भी पात्र व्यक्ति तकनीकी कारणों से सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य है कि सहयोग शिविर के माध्यम से लोगों को 30 दिन के अंदर उनकी समस्याओं का समाधान मिले। सभी अधिकारी और कर्मी पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा के अंदर जनता की समस्याओं का समाधान करें।

### सड़क हादसे में ...

निकाला। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। तीनों मृतक खगड़िया के रहने वाले थे और उनके परिवार को घटना की जानकारी दे दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मोकामा के लिए रवाना हो गए। वहीं माड़र स्थित मृतक डॉक्टर के आवास पर लोगों की भीड़ जुट गई है। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### डाक अधीक्षक कार्यालय में ...

ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान मौजूद सीबीआई अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत में फिलहाल विस्तृत जानकारी साझा करने से परहेज किया। जांच अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मामले की जांच और पूछताछ की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है तथा तथ्य स्पष्ट होते ही पूरे मामले का आधिकारिक तौर पर खुलासा किया जाएगा।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में अंबेडकर सभागार में राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रतिनिधियों, बिजली विभाग के अभियंता के साथ पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने योजना के तहत सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने के इच्छुक लाभुकों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने तथा ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी क्षेत्रों के कनीय अभियंताओं को कम-से-कम 25 नए आवेदन करवाने का निर्देश दिया। साथ ही, संबंधित संवेदकों को निर्देशित किया कि अब तक जो भी सामग्री/उपकरण डिस्पैच किए गए हैं,उनका अगले चार दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों का शीघ्रता से निष्पादन करते हुए ऋण को स्वीकृत एवं वितरित किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को बिना अनावश्यक विलंब के योजना का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# रविशंकर प्रसाद ने सम्राट चौधरी से की बांधों की मरम्मत और ऊंचाई बढ़ाने की मांग

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में बाढ़ की स्थिति के बीच भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पुनपुन और दरधा नदियों से जुड़े पुराने जमींदारी बांधों की तत्काल मरम्मत और उनकी ऊंचाई बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले 25-30 वर्षों से इन बांधों की समुचित मरम्मत नहीं होने के कारण वे कमजोर हो गए हैं और बाढ़ के दौरान कई जगहों पर टूटने से गांवों में पानी फैल रहा है। रविशंकर प्रसाद ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि गंगा, दरधा और अन्य सहयोगी नदियों में आई बाढ़ के कारण वह पिछले कई दिनों से अपने क्षेत्र का व्यापक भ्रमण कर रहे हैं। इस दौरान लोगों की समस्याओं को समझने और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्परता से काम कर रहा है और उसका पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने पत्र में कहा कि क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पुनपुन नदी के पुराने जमींदारी बांधों की स्थिति चिंताजनक सामने आई है। ये बांध काफी कमजोर हो गए हैं और उनकी ऊंचाई भी कम है।

# 'कायाकल्प योजना' से बदलेगी गांवों की तस्वीर

## ग्रामीण इलाके में होगा विकास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अरवल।** जिला पदाधिकारी, अरवल अमृषा बैंस की अध्यक्षता में आज 'कायाकल्प योजना' के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपलब्ध संसाधनों एवं विभिन्न वित्तीय स्रोतों के बेहतर समन्वय के माध्यम से गांवों में आवश्यक जनोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगभग 10 व्यवहार्य एवं प्राथमिकता वाले कार्यों का चयन किया जाए तथा उपलब्ध वित्तीय स्रोतों के अनुरूप उनका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। योजनाओं के चयन में स्थानीय आवश्यकता एवं आमजन को मिलने वाली सुविधाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। बैठक में सामुदायिक भवन, शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालयों की चहारदीवारी, अतिरिक्त वर्ग-कक्ष, रसोईघर तथा स्वास्थ्य केंद्रों के सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार जैसे जनोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता में शामिल करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से ऐसे छोटे एवं शीघ्र पूर्ण होने वाले कार्यों के चयन पर बल दिया गया, जिनसे कम समय में ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक एवं प्रत्यक्ष बदलाव दिखाई दे।

# जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर टला बाढ़ का खतरा

**मुंगेर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ प्रभावित जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। गंगा के जलस्तर के स्थिर होने के बाद रेलखंड पर बाढ़ का खतरा फिलहाल टल गया है। ट्रैक पर पानी का दबाव पूरी तरह नॉर्मल है और ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह सामान्य है।मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने मंगलवार को इंस्पेक्शन वैन से पूरे सेक्शन की विंडो ट्रेलिंग की और उसके बाद रतनपुर-बरियारपुर और कल्याणपुर-सुल्तानगंज के बीच सबसे संवेदनशील प्वाइंट का बारीकी से निरीक्षण किया। उनके साथ इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, सेफ्टी और ऑपरेटिंग विभाग के सीनियर अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के बाद जमालपुर पहुंच डीआरएम ने बातचीत में कहा, गंगा का जलस्तर अभी स्थिर है। भागलपुर से जमालपुर के बीच ट्रेनों के परिचालन में फिलहाल कोई परेशानी नहीं है। पानी का दबाव नॉर्मल है। एहतियात के तौर पर कॉशन पर चलाने का निर्देश दिया गया है और मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है। बताते चलें कि पिछले दिनों गंगा के पानी में लगातार वृद्धि के बाद रेलवे ने रतनपुर-बरियारपुर और कल्याणपुर-सुल्तानगंज सहित जहां-जहां पानी ट्रैक तक पहुंचने की आशंका थी, वहां विशेष सतर्कता बढ़ा दी है।


**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं. डब्ल्यू2_623_12_10_एचडब्ल्यूएच_2026-27, दिनांक 03.09.2026। उप मुख्य अभियंता (टीआर-I)/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, 17, एन.एस. रोड, कोलकाता-700001 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए प्रतिष्ठित एवं पात्र ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नामः** अनुभागीय गति को प्रति घंटे 130 किमी तक बढ़ाने के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता/4/हावड़ा के अधीन खाना-बोनीडांगा अनुभाग में सुरक्षा फेंसिंग की आवश्यकता। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 96,25,13,524.08। **बयाना राशिः** रु. 1,92,50,300। **समापन अवधिः** 18 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 25.09.2026 को 14.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (MISC-176/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# भू-अर्जन शिविर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिये कइ निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** परियोजना औद्योगिक क्षेत्र विकास हेतु भू-अर्जन तथा शोभन-एकमी घाट तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण और दरभंगा एयरपोर्ट के निकट लॉजिस्टिक पार्क/कार्गो हब के निर्माण से संबंधित भू-अर्जन की प्रक्रिया को सुगम एवं त्वरित बनाने के उद्देश्य से संबंधित मौजों में अर्जनाधीन भूमि के हितबद्ध रैयतों के भूमि संबंधी दस्तावेजों की नियमानुसार जांच, अद्यतीकरण एवं एलपीसी निर्गत करने के लिए आयोजित शिविर का जिलाधिकारी कौशल कुमार ने निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने थलवाड़ा स्थित शिविर में पहुंचकर शिविर में संचालित कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अंचलाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अपर समाहर्ता (राजस्व) को निर्देश दिया कि अर्जनाधीन भूमि के हितबद्ध रैयतों के दस्तावेजों की नियमानुसार जांच एवं अद्यतीकरण का कार्य तत्परता से पूरा करें। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि रैयतों को मुआवजा भुगतान प्राप्त करने के लिए आवश्यक एवं वांछित कागजात तैयार कराने में तत्परता से सहयोग किया जाए, ताकि दस्तावेजों के अभाव में मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया प्रभावित न हो। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित रैयतों से सीधे संवाद किया तथा उनकी भूमि एवं मुआवजा भुगतान से संबंधित समस्याओं, मांगों एवं सुझावों की जानकारी ली। रैयतों द्वारा उठाए गए विभिन्न बिंदुओं को जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भू-अर्जन से संबंधित मामलों में रैयतों की सुविधा, पारदर्शिता और समयबद्ध निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक हितबद्ध रैयतों को लाभान्वित किया जाए तथा लंबित मामलों का नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रस्तावित सड़क एवं औद्योगिक आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो।

# लहलहाई मकई की फसल पर फॉल आर्मीवर्म का कहर

## किसानों ने की मुआवजा और कृषि विभाग से मदद की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**♦कीड़े ने छीनी किसानों की खुशी**
**♦समय पर कीटनाशक का छीड़काव करने वालों की बच गई फसल**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के चुरामनचक, बसही, पाली, अतरुआ, दादपुर, सतराजेपुर, लखनपुर सहित पूरे बहियार में इस बार मकई की फसल काफी अच्छी हुई थी। खेतों में लहलहाती फसल देखकर किसानों के चेहरे पर खुशी थी और अच्छी पैदावार की उम्मीद जगी थी, लेकिन अब उसी फसल में कीड़ा लगने से किसानों की यह खुशी मायूसी में बदल गई है। खेतों में फॉल आर्मीवर्म और तना छेदक कीट का प्रकोप इतना तेज है कि देखते ही देखते पूरी फसल बर्बाद हो रही है। किसान प्रमोद महतो ने बताया कि उनके खेत में मकई में बाली तो निकल आई, लेकिन कीट ने उसका मोंचा (पराग) ही खा लिया। मोंचा ही पराग है जिससे बाली में दाना बनता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई बालियों को चीर कर देखा, लेकिन अंदर एक भी दाना नहीं बना है। ऐसी स्थिति में अब यूरिया खाद डालने का भी कोई फायदा नहीं है। वहीं किसान अनिल प्रसाद ने बताया कि उनके मकई के सभी पत्ते और धनशीष (ऊपर का फूल) को कीड़े पूरी तरह खा गए हैं, जिससे पौधे की बढ़वार ही रुक गई है। क्षेत्र के दर्जनों किसानों का कहना है कि जिन्होंने समय पर कीटनाशक का छिड़काव कर दिया था, उनकी फसल तो बच गई, लेकिन जो किसी कारणवश दवा का प्रयोग नहीं कर सके, उनकी फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। किसानों ने बताया कि वे दो बार यूरिया खाद का प्रयोग कर चुके हैं, जिसमें हजारों रुपये की लागत लगी है, लेकिन अब बाली भी छोटी रह गई है, जिससे भरपूर उपज मिलने की उम्मीद खत्म हो गई है। किसानों ने कृषि विभाग और प्रखंड प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खेतों का सर्वे कर कीट प्रबंधन को लेकर सलाह व अनुदान पर कीटनाशक उपलब्ध कराया जाए, ताकि बची हुई फसल को बचाया जा सके और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा मिल सके।

# 24 घंटे में बरामद हुई चोरी गई स्कार्पियो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोईलवर (भोजपुर)।** प्रखंड के गीधा थाना क्षेत्र से चोरी गई स्कॉर्पियो को पुलिस ने रोहतास जिले के दिनारा से बरामद कर लिया है। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गाड़ी बरामद कर एक आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक 06 सितंबर 2026 को गीधा गांव के समीप से रोहित राज, पिता- मनोकामना पांडे, खैरा, छपरा की स्कॉर्पियो गाड़ी नंबर चोरी हुई थी। गीधा थाना में कांड संख्या 201/26 दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। तकनीकी जांच और छापेमारी के दौरान पुलिस ने चोरी गई स्कॉर्पियो को रोहतास जिले के दिनारा से बरामद किया। इस कांड में शामिल चालक ऋषभ यादव, पिता - प्रमोद यादव, खैरा, छपरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया है। उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है।थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि इस घटना में शामिल तीन अन्य अभियुक्त फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। छापेमारी में थाना प्रभारी टिंकू कुमार दरोगा राजू कुमार सहित अन्य कई पुलिस बल मौके पर मौजूद थे।

# डीआरसीसी से संचालित योजनाओं का लाभ ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रमंडलीय सभागार में दरभंगा प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले तीनों जिलों–दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर के स्थानीय क्षेत्र संगठन विभाग के अधीक्षण अभियंताओं एवं जिला योजना पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमंडल अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक एवं स्थानीय क्षेत्र से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को योजनाओं के क्रियान्वयन में निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

आयुक्त ने सांसद एवं विधायक द्वारा अनुशंसित योजनाओं को समयबद्ध क्रियान्वयन कराने हेतु निर्देशित किया।

योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब किसी भी परिस्थिति में नहीं हो तथा संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंता योजनाओं की नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाए।

साथ ही, योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक के दौरान आयुक्त ने जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना एवं मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ पात्र छात्र-छात्राओं को ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

बैठक में क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी श्री आकाश ऐश्वर्य सहित दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिले के संबंधित अधीक्षण अभियंता, जिला योजना पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# देसी कट्टा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के छोटकी बलियारी गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक युवक को देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और तीन खोखे के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छोटकी बलियारी गांव में भीम उर्फ तेजा के घर में छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान पुलिस को एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और तीन खोखे मिले। इसके बाद पुलिस ने भीम को मौके से गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल में बिक्रम थानाध्यक्ष प्रभात कुमार, अपर थानाध्यक्ष वरुण कुमार, एएसआई सीताराम राम,सुरेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# 75 आशा कार्यकर्ताओं को स्तन कैंसर से बचाव का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गोपालगंज।** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक करने और बीमारी की शुरुआती अवस्था में पहचान सुनिश्चित करने के लिए जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटना की ओर से सीएचसी फुलवरिया में विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 75 आशा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया, जिनमें तीन आशा फैसिलिटेटर भी शामिल थीं।

**आशा कार्यकर्ताओं को बताए गए कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके**

कार्यक्रम में जय प्रभा मेदांता अस्पताल की ब्रेस्ट ऑन्को सर्जन डॉ. निशा राज मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को स्तन कैंसर के प्रमुख लक्षण, जोखिम कारक, बचाव के उपाय और समय पर जांच कराने के महत्व की जानकारी दी. इसके साथ ही उन्होंने स्तन स्व-परीक्षण की सही और वैज्ञानिक तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया।

**गांठ या बदलाव दिखे तो तुरंत डॉक्टर से लें सलाह**

डॉ. निशा राज ने कहा कि स्तन कैंसर की पहचान यदि शुरुआती अवस्था में हो जाए, तो उपचार में सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है. इसलिए हर महिला को स्तन स्व-परीक्षण की सही विधि की जानकारी होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि स्तन में गांठ, आकार में बदलाव, असामान्य दर्द या किसी अन्य तरह का परिवर्तन महसूस होने पर समय गंवाए बिना विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए.

**आशा कार्यकर्ताओं के जरिए गांव-गांव पहुंचेगा जागरूकता का संदेश**

कार्यक्रम का उद्देश्य आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर और समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक स्तन कैंसर से बचाव एवं समय पर जांच का संदेश पहुंचाना है। इससे ग्रामीण महिलाओं में बीमारी को लेकर जागरूकता बढ़ाने और शुरुआती स्तर पर संभावित मामलों की पहचान में मदद मिलेगी।

**स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को लेकर अस्पताल प्रतिबद्ध**

कार्यक्रम का समन्वय मेदांता अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर अभिमन्यु कौशिक और विपुल दीप ने किया। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

# सहयोग शिविर में मुख्यमंत्री से मिले भोजपुर के छह परिवादी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा आज राज्यस्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से आए परिवादियों से सीधे संवाद किया, उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को सुना तथा संबंधित मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सहयोग शिविर में प्राप्त प्रत्येक परिवाद को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारी समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शिविर में आने वाले प्रत्येक परिवादी को शीघ्र एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय सहयोग शिविर में उपस्थित रहे। भोजपुर जिले से कुल छह परिवादियों ने मुख्यमंत्री से संवाद किया। इनमें एक मामला राजस्व विभाग, दो शिक्षा विभाग, दो सामाजिक सुरक्षा तथा एक विद्युत विभाग से संबंधित था। मुख्यमंत्री ने परिवादियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। जिला प्रशासन, भोजपुर द्वारा संबंधित विभागों के समन्वय से सभी छह मामलों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया गया, जिससे संबंधित परिवादियों को समयबद्ध रूप से समाधान उपलब्ध कराया जा सका।

# बाढ़ के पानी में डूबने से दो की मौत

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** परमानंदपुर पंचायत के अंतर्गत हुसैन गांव के मिर्ज़ापुर चौक पर गंगा नदी के आए बाढ़ में आज दो लड़की की डूबने के कारण मौत हो गई इस संबंध में बताया जाता है कि बाढ़ के आए पानी में आधा दर्जन से ज्यादा लड़की स्नान कर रही थी तभी उसमें से चार लड़कियां डूबने लगी इस वक्त शोरगुल के आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने नाव से चार में से दो लड़की को डूबने से बचा लिया लेकिन दो लड़की गहरे पानी में चली गई जिस कारण दोनों लड़कियों का डूबने के कारण मौत हो गई। सपना कुमारी के शव ग्रामीणों ने नाव से गहरे पानी में स्वयं ढूंढ कर बाहर निकाल लिया।

# सात दिवसीय आवासीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के सौजन्य से जुबिली हॉल में दरभंगा जिला के विभिन्न कॉलेजों के 200 एनएसएस स्वयंसेवकों का सात दिवसीय आवासीय 'युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर' का शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति के बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से शिविर का शुभारंभ हुआ। सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो ध्रुव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र में भू-संपदा पदाधिकारी डॉ कामेश्वर पासवान-विशिष्ट अतिथि, एसडीआरएफ, बिहटा, पटना के इंस्ट्रेक्टर रूपेश कुमार पासवान-मुख्य वक्ता, शिविर संयोजक डॉ आर एन चौरसिया-स्वागत कर्ता एवं विषय प्रवेश, एनएसएस समन्वयक-द्वितीय डॉ शबनम कुमारी-धन्यवाद कर्ता तथा तथा मंच संचालिका डॉ रीता कुमारी आदि ने विचार व्यक्त किया। एनएसएस पदाधिकारियों, अक्षय कुमार झा, अमित कुमार झा, विकास कुमार, सुमीत कुमार, रवीन्द्र कुमार सिंह आदि ने सक्रिय सहयोग किया। प्रो ध्रुव कुमार ने कहा कि आपदा प्रशिक्षण से युवाओं का एक बड़ा फोर्स तैयार होगा जो आपदा के समय समाज में जान-माल की रक्षा करने में सक्षम होंगे। एसडीआरएफ की टीम एनएसएस के माध्यम से चार बैचों में कुल 800 स्वयंसेवकों को जमीनी स्तर पर प्रशिक्षित कर रही है जो हमारे समाज के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्य वक्ता के रूप में एसडीआरएफ के प्रशिक्षक रूपेश कुमार पासवान ने कहा कि बिहार एक बहु आपदा प्रभावित राज्य है। यदि हर पंचायत में प्रशिक्षित स्वयंसेवक हों तो आपदा का न्यूनीकरण संभव हैं। प्रशिक्षण में स्वयंसेवक आपदा के पूर्व, आपदा के दौरान एवं आपदा के बाद क्या करें क्या न करें, की जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में हमारी एसडीआरएफ टीम हर आपदा के बारे में बारीकी से विशेष रूप से विस्तृत जानकारी देगी। विशिष्ट अतिथि डॉ कामेश्वर पासवान ने कहा कि पटना की सुयोग्य एसडीआरएफ टीम 800 स्वयंसेवकों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देकर आपदा मित्र बना रही है जो मिथिलांचल के लिए काफी लाभदायक होगा। अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कराते हुए शिविर संयोजक डॉ आर एन चौरसिया ने कहा कि युवा सामाजिक परिवर्तन के वाहक एवं नेतृत्वकर्ता हैं। ये युवा विकसित भारत-2047 के केवल साक्षी नहीं, बल्कि सारथी भी बनेंगे। यदि प्रशिक्षित स्वयंसेवक आपदा न्यूनीकरण में सक्रिय सहयोग करेंगे, तभी विकसित भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने आह्वान किया कि स्वयंसेवक आपदा संबंधी व्यावहारिक ज्ञान का सदुपयोग कर समाज के रक्षक बनेंगे तथा राष्ट्र के महत्वपूर्ण मानव संसाधन सिद्ध होंगे। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ शबनम कुमारी ने कहा हमारे देश के एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की टीम विदेश में भी आपदा के समय सहायता हेतु जाते हैं। प्रशिक्षण के बाद एनएसएस स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाएगी। ये न केवल स्वयं सक्रिय होंगे, बल्कि अपने समाज को भी जागरूक एवं प्रशिक्षित करेंगे। वहीं बौद्धिक सत्र में के एस कॉलेज, दरभंगा के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अमित कुमार सिन्हा ने स्वयंसेवकों के महत्वों एवं दायित्वों को विस्तार से समझाया। तत्पश्चात प्रशिक्षकों ने आपदा की परिभाषा, प्रकार, कारण एवं आपदा कानून आदि की विस्तार से जानकारी दी।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**जरूरतमंद लोगों को पहुंचाया जा रहा सुरक्षित स्थानों पर**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा के निर्देशन में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में टीमें लगातार सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। अभियान के तहत अब तक गर्भवती महिलाओं, डायलिसिस एवं कैंसर से पीड़ित मरीजों, वृद्धजनों, बच्चों सहित अन्य जरूरतमंद एवं संवेदनशील लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया गया है। टीम प्रभावित क्षेत्रों में लगातार पहुँचकर हर जरूरतमंद तक सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से कार्य कर रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर सर्च एवं रेस्क्यू के साथ जरूरत के अनुसार लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया जा रहा है। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 24/7 संचालित है। किसी भी आपात स्थिति में 94723 98730 एवं 06182-221233 पर संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है।



# समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना के तहत 44 लाभुकों को मिली बकरियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चयनित लाभुकों को उपलब्ध कराई गई तीन-तीन बकरियां**

**नावकोठी।** समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, नावकोठी में अनुदानित दर पर लाभुकों को बकरियां उपलब्ध कराई गईं। योजना के माध्यम से पशुपालकों को स्वरोजगार से जोड़ने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में पहल की जा रही है। इस योजना के तहत कुल 44 लाभुकों का चयन किया गया। इनमें 10 सामान्य वर्ग तथा 34 अनुसूचित कोटे के लाभुक शामिल हैं। चयनित प्रत्येक लाभुक को तीन-तीन बकरियां उपलब्ध कराई गईं। योजना के तहत बकरियां मिलने से लाभुकों में काफी उत्साह देखा गया। लाभुकों ने बताया कि बकरी पालन के माध्यम से उन्हें अतिरिक्त आय का साधन मिलेगा तथा परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद मिलेगी।मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार कुमुद ने लाभुकों को बकरी पालन से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पशुपालक बकरियों की बेहतर देखभाल, समय पर टीकाकरण, संतुलित आहार और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। इससे पशुओं को बीमारियों से बचाने के साथ-साथ बेहतर उत्पादन भी प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी वीरपुर डॉ. ललन कुमार, नावकोठी के पशु चिकित्सक डॉ. सूरज कुमार, रणवीर कुमार, पीयूष कुमार, संजय कुमार सहित अन्य कर्मी एवं लाभुक मौजूद थे।


बिहार सरकार

पुलिस अधीक्षक, का कार्यालय

**पश्चिम चम्पारण, बेतिया**

**आम सूचना**

अपहृत/लापता पुरूष का हुलिया निम्न प्रकार है:–

**नाम**– अज्ञात शव

**उम्र**–27 करीब वर्ष,

बाल का रंग काला

बाजु एवं शिर का हिस्सा अद्धजला शव

**पहनावा**–ब्लू रंग का जिंस जिसमें पिला रंग का बेल्ट एवं के अंदर कथई रंग का अंडरवियर ,क्रीम कलर का अर्द्धजला शर्ट जिसके अंदर उजला रंग का अर्द्धजला गंजी पहने हुए है।

अपहृत/लापता पुरूष का फोटो



अपहृत चनपटिया थाना क्षेत्र जिला पश्चिम चम्पारण, (बेतिया) से लापता है। इनके सूचना मिलने पर निम्न पता एवं मोबाईल नम्बर पर सूचित करें।

1. पुलिस अधीक्षक पश्चिम चम्पारण, बेतिया मो0 नं0–9031826977 Email id- sp-bettiah-bih@nic.in.
2. थानाध्यक्ष चनपटिया थाना, जिला पश्चिम चम्पारण, बेतिया मो0 नं0–9031826948

पुलिस अधीक्षक,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया

PR. No. 011280 (Police) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

# प्राथमिकता के आधार पर हो जन शिकायतों का समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम हॉल में राज्य स्तरीय 'सहयोग कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। औरंगाबाद जिले से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया में आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा प्रत्येक मामले का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकों को प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला स्तर पर लंबित अथवा अनसुलझे मामलों के समाधान के लिए राज्य स्तरीय सहयोग शिविर एक प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य करेगा। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय सहयोग शिविर में चयनित आवेदकों के मामलों की सुनवाई की गई तथा संबंधित मामलों का नियमानुसार निष्पादन किया गया। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में औरंगाबाद जिला प्रशासन सहयोग शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निष्पादन समयबद्ध सुनिश्चित कर रहा। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिकाधिक मामलों का समाधान जिला स्तर पर ही किया जा सके तथा आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से राज्य स्तर पर नहीं आना पड़े।

## मदार नदी में डूबने से किशोर की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के चेईं नवादा पंचायत के पलकिया गांव के समीप मंगलवार को शौच के दौरान मदार नदी में गिरकर डूबने से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान पलकिया निवासी मो. सउद साहब के पुत्र मो. दिलशाद के रुप में की गई है। इस हादसे से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। जानकारी के अनुसार दिलशाद मदाड़ नदी की तरफ शौच के लिए गया था। घंटों बाद घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में परिजनों ने नदी घाट पर उसका चप्पल देखा। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने किशोर की खोजबीन शुरू की। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# स्वास्थ्य जांच के बाद ग्रामीणों में बांटी गई दवाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिले में भारी वर्षा एवं जलजमाव से प्रभावित क्षेत्रों में आमजनों को त्वरित एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार के नेतृत्व में रफीगंज एवं गोह प्रखंड के विभिन्न जलजमाव प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया। रफीगंज प्रखंड के बरपा, मिश्र बिगहा एवं अंछा तथा गोह प्रखंड के खुदवां एवं घेजना में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की चिकित्सकीय जांच की गई। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा विशेष रूप से जलजमाव के कारण उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए डायरिया, बुखार, सर्दी-खांसी, त्वचा संबंधी रोग, एवं अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में मरीजों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आवश्यकतानुसार हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से भी जांच की गई ताकि संदिग्ध मामलों की समय पर पहचान कर उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार सुनिश्चित किया जा सके। गंभीर अथवा विशेष चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता वाले मरीजों को बेहतर उपचार के लिए संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों में जाने की सलाह भी दी गई।

# विभिन्न मामलों में 49 लोग गिरफ्तार, 25 गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 25 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार एसटी-एससी एक्ट में दो, पुलिस पर हमला में एक, बलात्कार में एक, हत्या के प्रयास में छह, मद्य निषेध अधिनियम के तहत सात तथा अन्य मामलों में 32 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 50.50 लीटर देसी शराब एवं तीन लीटर विदेशी शराब, बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1053 वाहनों से 43000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 121 वारंटों एवं दो कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय के साथ कार्रवाई की जा सके।

# जमीन के रिकॉर्ड में बदलाव हुआ तो मोबाइल पर मिलेगी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जमीन के रिकॉर्ड को लेकर अब लोगों के लिए निगरानी करना आसान हो गया है। बिहार भूमि पोर्टल पर जमाबंदी के लिए एसएमएस अलर्ट की सुविधा उपलब्ध है। मोबाइल नंबर जोड़ने के बाद जमीन के रिकॉर्ड में अहम बदलाव होने पर जानकारी एसएमएस के जरिए मिल सकेगी। इससे जमीन से जुड़े काम की जानकारी समय पर मिल जाएगी। बिहार भूमि की आधिकारिक वेबसाइट पर भी एसएमएस एलर्ट सर्विस को ऑनलाइन सुविधा के तौर पर दिखाया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की इस सुविधा का फायदा लेने के लिए जमीन मालिक अपनी जमाबंदी या संबंधित प्लॉट से मोबाइल नंबर जोड़ सकते हैं। मोबाइल नंबर का ओटीपी से सत्यापन होने के बाद एसएमएस अलर्ट सेवा चालू हो जाएगी। इसके बाद जमीन के रिकॉर्ड से जुड़ी जरूरी कार्रवाई की जानकारी मोबाइल पर भेजी जाएगी। बिहार भूमि पोर्टल पर अभी भी 'जमाबंदी पर एसएमएस अलर्ट चुनने की सेवा' उपलब्ध है। इस सुविधा का सबसे बड़ा फायदा यह है कि जमीन से जुड़े दाखिल-खारिज की प्रक्रिया शुरू और पूरी होने की जानकारी भी एसएमएस से मिल सकती है। इसी तरह परिमार्जन प्लस के जरिए जमीन के रिकॉर्ड में सुधार की प्रक्रिया शुरू होने और उसके पूरा होने की जानकारी भी मोबाइल पर भेजी जाएगी। बिहार भूमि पोर्टल पर दाखिल-खारिज और परिमार्जन प्लस दोनों की ऑनलाइन सेवाएं और स्टेटस देखने की सुविधा भी दी गई है। भू-धारी को बिहार भूमि पोर्टल पर जाकर एसएमएस अलर्ट सेवा प्राप्त करें' का विकल्प चुनना होगा। इसके बाद अपनी जमीन की जमाबंदी या संबंधित प्लॉट का चयन करके मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। मोबाइल पर आए ओटीपी से नंबर की पुष्टि करनी होगी। सत्यापन पूरा होने के बाद एसएमएस अलर्ट की सुविधा सक्रिय हो जाएगी। विभाग की ओर से राजस्व कर्मियों के जरिए भी मोबाइल नंबर दर्ज कराने का काम कराया जा रहा है। इस सुविधा का मकसद जमीन के रिकॉर्ड से जुड़ी कार्रवाई की जानकारी भू-धारी तक समय पर पहुंचाना है। खासकर ऐसे लोगों के लिए यह सुविधा उपयोगी हो सकती है जो अपनी जमीन से दूर रहते हैं या बार-बार राजस्व कार्यालय नहीं जा पाते। अब उन्हें अपनी जमाबंदी से जुड़ी अहम कार्रवाई की जानकारी मोबाइल पर मिलने का रास्ता मिलेगा। बिहार सरकार के आधिकारिक भूमि पोर्टल पर एसएमएस अलर्ट के साथ मोबाइल/आधार सीडिंग की स्थिति जांचने की सुविधा भी उपलब्ध है।

# औरंगाबाद मंडल कारा में छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित मंडल कारा में बंदियों को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से मंगलवार को छह दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेल अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार एवं पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में 35 बंदियों को उद्यमिता एवं स्वरोजगार से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान बंदियों को व्यवसाय के चयन, उद्यम शुरू करने की प्रक्रिया, वित्तीय प्रबंधन, बाजार की समझ तथा स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी जाएगी। डोमेन स्किल ट्रेनर एवं कृषि विशेषज्ञ अभिजीत कुमार सिंह के साथ रामरूप कुमार एवं रामनंदन कुमार ने प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस अवसर पर जेल अधीक्षक डॉ दीपक कुमार ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से बंदियों में आत्मविश्वास एवं स्वावलंबन की भावना विकसित होगी और रिहाई के बाद वे सम्मानजनक जीवन की शुरुआत कर सकेंगे। उपाधीक्षक सरोज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का आयोजन सहायक अधीक्षक सह बन्दी कल्याण पदाधिकारी संजीव कुमार की देख रेख मे किया जायेगा।

# फरार आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** लूटपाट, मारपीट और हत्या का प्रयास करने के मामले में फरार चल रहे आरोपितों के घर देवजरा (मदनपुर) पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। यह कार्रवाई मंगलवार को देवजरा थाना क्षेत्र के भनौखड़ गांव में की गई है। मदनपुर (देवजरा) थाना कांड संख्या 282/25 में संलिप्त अभियुक्त के खिलाफ यह कदम उठाया गया है। पुलिस टीम ने गांव में ढोल बजाकर आरोपित रौशन कुमार सिंह के घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया। साथ ही देवजरा पुलिस ने कहा है कि यदि वे आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो उनके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी। थानाध्यक्ष कुशो कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि आरोपित को जल्द से जल्द कोर्ट में हाजिर होना होगा अन्यथा अगले आदेश में उनके घर की कुर्की भी की जा सकती है। बता दें कि यह मामला लूटपाट, मारपीट और हत्या के प्रयास से जुड़ा है। यह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक बाइक सवार राहगीर के साथ रात में लूटपाट की थी। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर मारपीट और हत्या का प्रयास किया गया। इसका अपराधिक इतिहास रहा है। पहले भी जेल जा चुका है। यह कार्रवाई वरीय पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में की गई। थानाध्यक्ष ने साफ तौर पर कहा है कि यदि निर्धारित अवधि में आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ तो उनके विरुद्ध नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी। घर के कुर्की की कार्रवाई की जाएंगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अपराध करने वाले के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## अधिवक्ता नरेंद्र कुमार सिंह के निधन पर शोकसभा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला विधिज्ञ संघ के सभागार में अधिवक्ता नरेंद्र कुमार सिंह के आकस्मिक निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने जबकि संचालन महासचिव जगनारायण सिंह ने किया। शोकसभा में वक्ताओं ने अधिवक्ता नरेंद्र कुमार सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके निधन को जिला विधिज्ञ संघ के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उपस्थित अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए इंश्वर से प्रार्थना की। साथ ही अधिवक्ता की पत्नी एवं महिला अधिवक्ता शिल्पी सिंह को संघ की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

# एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** परिवहन विभाग द्वारा जारी एकमुश्त यातायात चालान निष्पादन योजना के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले में लंबित यातायात चालानों के त्वरित निष्पादन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस योजना के अंतर्गत वाहन मालिक मूल जुर्माने की 50 प्रतिशत तक राशि जमा कर अपने पुराने लंबित यातायात चालानों का निष्पादन करा सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लंबित चालानों के निष्पादन को लेकर जिला परिवहन कार्यालय में प्री-रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए जिला परिवहन कार्यालय के काउंटर संख्या-2 को विशेष रूप से चिह्नित किया गया है। प्री-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के सुचारू संचालन हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी के आदेशानुसार मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक, चलंत दस्ता सिपाही, लिपिक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति की गई है। वाहन मालिक अपने लंबित चालान के विवरण एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला परिवहन कार्यालय पहुंचकर प्री-रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। प्रति नियुक्त कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि प्री-रजिस्ट्रेशन के दौरान लंबित चालानों की सूची, संबंधित वाहन मालिकों के मोबाइल नंबर एवं जमा राशि का समुचित एवं सुरक्षित संधारण सुनिश्चित करें।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय - 2 अन्तर्गत

मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई (MVU)

पशु चिकित्सा आपके द्वार

**"आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2"** अन्तर्गत **"बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु आधारभूत व्यवस्थाएँ"** तथा केन्द्र प्रायोजित योजना **राष्ट्रीय पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम** के तहत पशुपालकों के द्वार पर पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु राज्य के सभी 534 प्रखंडों हेतु एक–एक मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई संचालित है।

मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई जी. पी. एस. सुविधा. युक्त एक सुसज्जित वाहन है जिसमें पशु चिकित्सक एवं पारा वेट द्वारा पशु रोगों की पहचान, पशु चिकित्सा एवं लघु सर्जरी एवं पशुओं की चिकित्सा के लिए आवश्यक दवायें इत्यादि की सुविधा उपलब्ध रहती है।

- **1962 कॉल सेंटर 24X7 संचालित।**
- **1962 पर कॉल कर पशुचिकित्सीय सलाह एवं MVU की सेवा ली जा सकती है।**
- **मोबाईल पशुचिकित्सा इकाई (MVU) की सेवा प्रत्येक कार्य दिवस प्रात: 08.30 बजे से संध्या 04.30 बजे तक उपलब्ध।**

PR No.- 011361 (Animal)D. 2026-27




पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

हमें फॉलो करें @BiharDFARD

## पुनपुन नदी की बाढ़ से किसानों को 50 लाख का नुकसान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ओबरा प्रखंड के गिरा गांव में पुनपुन नदी का जलस्तर बढ़ने से किसानों की सब्जी की फसल बर्बाद हो गई है। इससे किसानों को लगभग 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मंगलवार को अपना दुख साझा करते हुए किसान नागमणि वर्मा, सच्चिदानंद, पिंटू कुमार कुशवाहा, नंद कुमार उर्फ सिपाही, रंजय कुमार, उदय कुमार, जितेंद्र मेहता सहित अन्य किसानों ने बताया कि एक सप्ताह पहले पुनपुन नदी में अचानक बाढ़ आने से खेतों में लगी नेनुआ, लौकी, भिंडी, बैंगन, कद्दू, खीरा, बोदी सहित अन्य हरी सब्जियों की फसल बर्बाद हो गई है। इसके अलावे बैंगन और पत्तागोभी के बिचड़े को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने बताया कि लगभग 200 एकड़ में लगी सब्जी की फसल नष्ट हो गई है जिससे करीब 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# पुरस्कार स्वरूप प्राप्त राशि विद्यालय को किया समर्पित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर(औरंगाबाद)।** शिक्षक दिवस पर राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद सलैया स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता का विद्यालय परिवार व अभिभावकों द्वारा मंगलवार को भव्य स्वागत किया गया। समारोह में प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने पुरस्कार स्वरूप प्राप्त 30 हजार रुपये की राशि विद्यालय को समर्पित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस राशि से विद्यालय में सुंदर एवं आकर्षक मुख्य द्वार बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा सम्मान नहीं है बल्कि राजकीय मध्य विद्यालय सलैया के प्रत्येक शिक्षक, छात्र, अभिभावक, शिक्षा सेवक, रसोइया और ग्रामीण के सामूहिक प्रयास का सम्मान है। विद्यालय को बेहतर बनाने में जिस तरह सभी का सहयोग मिला है उसी का परिणाम है कि आज हमारे विद्यालय को यह गौरव प्राप्त हुआ है। पुरस्कार की राशि को विद्यालय को समर्पित करना मेरे लिए खुशी और गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विकास की यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है। हमारा लक्ष्य केवल पुरस्कार प्राप्त करना नहीं बल्कि विद्यालय को ऐसा बेहतर और प्रेरणादायक शिक्षण संस्थान बनाना है जहां बच्चें खुशी से आएं, सीखें और अपने सपनों को साकार कर सकें। समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर शिक्षक धनंजय कुमार राज, सत्यानंद ठाकुर, अमरेश प्रसाद, शशिकांत कुमार, शिक्षिका प्रतिभा कुमारी, रीता कुमारी, रेखा कुमारी, कृति कुमारी, मुस्कान, प्रवीण, आफरीन, जेबा, अर्शिया, महरीन, शिक्षा सेवक रामेश्वर भुइया, बलिंद्र रजक तथा ग्रामीण लाला साव, रंजन गुप्ता, विश्वजीत कुमार, अशोक गुप्ता, रमेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# 13 बेचों के माध्यम से सुलहनीय वादों का होगा निपटारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर 13 बेचों का गठन किया गया है। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में 10 तथा दाउदनगर अनुमंडलीय न्यायलय में तीन बेचों का गठन किया गया हैं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने कहा कि लोक अदालत की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और आयोजन से संबंधित आवश्यक कार्य अंतिम चरण में है। विभिन्न प्रकार के मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही लोक अदालत में मामलों की सुनवाई के लिए गठित की जाने वाली विभिन्न पीठों से संबंधित विस्तृत विवरण उपलब्ध करा दिया जाएगा जिससे संबंधित पक्षकारों को अपने मामलों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त हो सके। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत के लिए न्यायालयों में लंबित लगभग 3,200 मामलों को चिह्नित किया गया है। इन मामलों के पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों के निष्पादन का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 6,000 से अधिक नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालयों में लंबित चिह्नित मामलों में से लगभग 500 मामलों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269